पौष शुक्ल पक्ष दशमी 7:26 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
लखनऊ, शनिवार, 20 जनवरी 2024
वर्ष 33, अंक 350, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

भारत स्वास्थ्य सेवा क्रांति में सबसे आगे 16
अजय देवगन ने शेयर किया शैतान का फर्स्ट लुक 15

एक नजर

दलजीत सिंह एसएसबी के महानिदेशक नियुक्त

नई दिल्ली। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी को शुक्रवार को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गई है। उत्तर प्रदेश कैडर के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी चौधरी इस समय सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को फिर मिला पैरोल

चंडीगढ़। साध्वी यौन शोषण और पत्रकार रामचन्द्र छत्रपती की हत्या के मामलों में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को एक बार फिर 50 दिनों का पैरोल मिला है। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख रोहतक के सुनारिया जेल में बंद है। पैरोल के दौरान वह उत्तर प्रदेश के बरनावा आश्रम में रहेगा।

ईडी ने केरल के पूर्व मंत्री इसाक को किया तलब

कोच्चि। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता थॉमस इसाक को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) से जुड़े एक मामले में पूछताछ के लिए नया समन जारी किया है। यह मामला पिछली एलडीएफ सरकार में वित्त मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान वित्तीय लेनदेन में कथित उल्लंघन की जांच से जुड़ा हुआ है।

डीआरडीओ कार्यालय में लगी आग

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में मेटकाफ हाउस स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) कार्यालय में शुक्रवार को आग लग गई। अधिकारियों के मुताबिक, किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली। दिल्ली दमकल सेवा को अपराह्न 12 बजकर 12 मिनट पर सूचना मिली।

राममंदिर पर आकाश से होगी पुष्प वर्षा

अलौकिक होगा प्राण-प्रतिष्ठा समारोह विश्व को लुभाएगी रामनगरी अयोध्या

पुलिसकर्मियों की होगी काउंसिलिंग आतिथ्य और संस्कृति का सुअवसर

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

अमृत विचार : रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का समारोह अलौकिक होगा। राममंदिर पर आकाश से फूलों की बारिश भी होगी। भव्य सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रम और शाम को दिवाली पूरे विश्व को लुभाएगी। मंगलाचरण और मत्रों के बीच संत-धर्माचार्य समेत देश-विदेश के अतिथियों को अनुपम आतिथ्य संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। सुरक्षा एजेंसियों में समन्वय और पुलिसकर्मियों की काउंसिलिंग के साथ आतिथ्य-संस्कृति सबका दिल जीतेगी।

अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आगामी 22 जनवरी को नव्य-दिव्य-भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के बालरूप विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को अलौकिक बनाने के लिए ने सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। बताया कि श्रीराम मंदिर पर पुष्पवर्षा भी होगी। इसके लिए न्यास के पदाधिकारियों और एयरफोर्स से संवाद व समन्वय बना लें। भारत के सभी प्रांतों से आ रहे संत, धर्माचार्य, गणमान्य जनों की सुरक्षा व सम्मान के पुख्ता इंतजाम हों। साथ ही हर वीवीआईपी के साथ एक ऐसे लाइजनिंग अधिकारी की तैनाती की जाए जो श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति यज्ञ, अयोध्या के पौराणिक, ऐतिहासिक और भौगोलिक महत्व से सुपरिचित हों। आमंत्रित जनों के सुविधाजनक आवागमन के लिए उनसे सतत संवाद बनाएं। इसके लिए सक्रिय कॉल सेंटर को 24 घंटे चालू रखा जाए।



प्राण प्रतिष्ठा से पहले सोशल मीडिया मंचों पर वायरल रामलला की मूर्ति।

अस्थायी मंदिर में आज से रामलला के दर्शन बंद

श्रीराम लला के अस्थायी मंदिर में 20 जनवरी से आम श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन नहीं होंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से शुक्रवार शाम से 22 जनवरी तक के लिए दर्शन-पूजन पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। भक्त अब भव्य मंदिर में रामलला के दर्शन 23 जनवरी से कर सकेंगे। 23 जनवरी से दर्शन-पूजन के लिए भी ट्रस्ट की ओर से व्यवस्था बनाई जा रही है। अस्थायी मंदिर में विराजमान रामलला की मूर्ति गर्भगृह में रखी जाएगी।

अरण्य मंथन के साथ हवन कुंड में हुआ अग्नि का प्रवेश

हवन कुंड के लिए अग्नि जलाने का उपक्रम करते आचार्यगण।

अयोध्या। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जन्मभूमि परिसर में चल रहे अनुष्ठान के चौथे दिन अरण्य मंथन के साथ हवन कुंड में अग्नि देवता का प्रवेश हुआ। यह अनुष्ठान मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा के हाथों संपन्न हुआ। शुक्रवार को सुबह नौ बजे से शुरू हुए अनुष्ठान में औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास और शाम को धान्याधिवास संस्कार आदि कार्यक्रम हुए। अनुष्ठान काशी के विद्वान पं. लक्ष्मीकांत दीक्षित और पं. गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ के साथ आए 121 आचार्य ने मंत्रोच्चार के बीच संपन्न कराया। पूजा में यज्ञ कुंड में आहुतियां भी डाली गईं। प्राण प्रतिष्ठा के लिए अधिवास प्रक्रिया एवं आचार्य : सामान्यत : प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सात अधिवास की परंपरा है। जिन्हें विधि विधान पूर्वक किया जा रहा है। ट्रस्ट के मुताबिक भारतीय आध्यात्मिकता, धर्म, संप्रदाय, पूजा पद्धति, परंपरा के 150 से अधिक परंपराओं के संत, महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, श्रीमहंत, महंत, नागा सहित 50 से अधिक आदिवासी, गिरिवासी, तातवासी, द्वीपवासी आदिवासी परंपराओं के प्रमुख व्यक्तियों की कार्यक्रम में उपस्थिति रहेगी। जो मंदिर परिसर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का दर्शन करेंगे।

सभी को समयबद्ध कार्ययोजना से कराएंगे दर्शन

मुख्यमंत्री ने अपील किया कि बिना प्रोग्राम के न आएं। धैर्य बनाकर अपनी बारी का इंतजार करें और यहां के कार्यक्रम के अनुरूप ही आएं। विश्वास दिलाया कि यहां व्यवस्था की जा रही है। किसी को असुविधा नहीं होगी। प्रदेश सरकार व स्थानीय प्रशासन के साथ लोकल स्तर पर व्यवस्था कर रहे हैं। प्रदेश में बीट प्रणाली लागू करने को कहा है, जो निचले स्तर तक लोगों से संवाद बनाकर लाने व व्यवस्थित रूप से दर्शन कराने में योगदान दे सके। लोकल स्तर पर राज्य से बसों की व्यवस्था की जा रही है। दर्शन कब कैसे और किस प्रकार होगा, यह प्रक्रिया न्यास तय करेगा और हम उसके अनुरूप व्यवस्था कर रहे हैं।

पैदल कतई न आएं, अव्यवस्था की स्थिति न बने

मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच सदी के बाद यह अवसर आया है, इसलिए हर किसी के मन में उमंग व उत्साह है। हर श्रद्धालु रामलला का दर्शन करना चाहता है। मेरी अपील है कि भीषण शीतलहरी चल रही है। पैदल न आएं। हम जनपदों व राज्यों को व्यवस्था दे रहे हैं। तीर्थ क्षेत्र न्यास से चर्चा कर कार्ययोजना बनाएंगे। अव्यवस्था की स्थिति न बनने पाए।

जानें कब क्या हुआ

- 22/23 दिसंबर 1949 में रामलला गर्भगृह में प्रकट हुए थे।
- 25 मार्च 2020 को टेंट से अस्थायी मंदिर में विराजमान किए गए।
- 9 नवम्बर 2019 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा मंदिर निर्माण का निर्णय आया।
- 18 जनवरी को भव्य मंदिर के मूल गर्भगृह में स्थापित किए गए।
- 22 जनवरी 2024 की दोपहर प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य पूजन होगा।
- 23 जनवरी 2024 से आम श्रद्धालुओं को मंदिर में दर्शन सुलभ होगा।

एक फरवरी को पूरी राज्य सरकार होगी शरणागत : श्रीरामलला विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के भव्य समारोह के उपरांत एक फरवरी को राज्य सरकार के सभी मंत्रिगण एक साथ श्रीरामलला का दर्शन-पूजन करने का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे।

बिलकिस बानो केस : दोषियों को 21 तक करना होगा सरेंडर

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ शीर्ष कोर्ट ने आत्मसमर्पण के लिए समय बढ़ाने संबंधी याचिका खारिज की

गुजरात में 2002 के दंगों के दौरान बिलकिस बानो से सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को 21 जनवरी तक आत्मसमर्पण करना होगा, क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने आत्मसमर्पण के लिए समय बढ़ाने के अनुरोध संबंधी उनकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि दोषियों द्वारा बताए गए कारणों में कोई दम नहीं है। दोषियों ने आत्मसमर्पण के लिए और समय दिए जाने का अनुरोध करते हुए गुरुवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया था। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के गुजरात सरकार के फैसले को आठ जनवरी को रद कर दिया था और और दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल भेजने का निर्देश दिया था। गुजरात सरकार ने सभी 11 दोषियों को 15 अगस्त 2022 को सजा में छूट दे दी थी और उन्हें रिहा कर दिया था। पीठ ने कहा कि हमने आवेदकों के वरिष्ठ अधिवक्ता और वकील तथा गैर-आवेदकों के वकील की दलीलों को भी सुना है। आवेदकों द्वारा आत्मसमर्पण के लिए और वक्त दिए जाने के लिए बताए कारणों में कोई दम नहीं है, इसलिए, ये याचिकाएं खारिज की जाती हैं।

राहुल की संसद सदस्यता बहाली के खिलाफ याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ शीर्ष कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर लगाया एक लाख का जुर्माना

सुप्रीम कोर्ट ने निरर्थक याचिकाएं दाखिल करने को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल करने वाली अधिसूचना को रद करने के अनुरोध संबंधी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी और याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।

सुप्रीम कोर्ट ने 'मोदी' उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में 2019 में राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज आपराधिक मानहानि मामले में चार अगस्त, 2023 को उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगा दी थी। राहत मिलने के तीन दिन बाद सात अगस्त को लोकसभा सचिवालय ने एक अधिसूचना जारी कर गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल कर दी थी। लखनऊ निवासी अशोक पांडे द्वारा दाखिल याचिका न्यायमूर्ति बीआर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। सुनवाई के लिए दो बार बुलाए जाने के बावजूद पांडे पेश नहीं हुए। पीठ ने याचिकाकर्ता द्वारा दायर अलग-अलग याचिकाओं पर सुनाए गए दो पिछले आदेशों का भी हवाला दिया। पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछली याचिकाओं को क्रमशः पांच लाख रुपये और एक लाख रुपये का जुर्माना लगाकर खारिज कर दिया था।

रालोद लोकसभा की सात सीटों पर उतारेगी प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सपा का कांग्रेस से पहले रालोद के साथ हुआ सीटों पर समझौता

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन में समाजवादी पार्टी (सपा) व राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के लिए भले ही सीटें न फाइनल हुईं हों, मगर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दरियादिली दिखाते हुए सपा के खाते में आने वाली सीटों में सात सीटें रालोद को देने की सहमति दे दी है।

यह निर्णय अखिलेश यादव और रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की बैठक में लिया गया। शुक्रवार को दोनों नेताओं ने अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर यह जानकारी साझा की। अब लोकसभा चुनाव में रालोद सात सीटों पर लड़ेगी। अन्य सीटों पर गठबंधन के प्रत्याशी को समर्थन देगी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया में जयंत चौधरी के साथ तस्वीर साझा करते हुए कहा कि गठबंधन प्रत्याशी को जिताने के लिए सभी कार्यकर्ता कार्य करें। दूसरी तरफ रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने भी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि राष्ट्रीय, संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए चुनाव लड़ा जा रहा है। गठबंधन की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सभी कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के विकास के लिए एक जुट होकर गठबंधन प्रत्याशियों को विजयी बनाएंगे।

> पूर्व में 2019 के लोकसभा चुनाव में रालोद ने तीन प्रत्याशी उतारे थे, इस बार सीटों की संख्या बढ़कर सात हो चुकी है। ये सीटें बागपत, मथुरा, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, अमरोहा और कैराना हैं। इन सात सीटों पर रालोद प्रत्याशी होंगे। अन्य सभी सीटों पर रालोद, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताएगी। -**अनिल दुबे**, राष्ट्रीय प्रवक्ता रालोद

महुआ ने खाली किया अपना सरकारी बंगला

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा से निष्कासित सांसद महुआ मोइत्रा ने शुक्रवार को यहां अपना सरकारी बंगला खाली कर दिया। इससे एक दिन पहले, दिल्ली उच्च न्यायालय ने बंगला खाली कराने पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की पूर्व सांसद मोइत्रा के वकील शादान फरासत ने कहा कि प्राधिकारियों के पहुंचने से पहले ही आज सुबह 10 बजे तक टेलीग्राफ लेन पर स्थित बंगला संख्या 9बी खाली कर दिया गया। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि बेदखली की कोई कार्रवाई नहीं हुई। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत आने वाले संपदा निदेशालय ने बंगला खाली कराने के लिए सुबह एक दल भेजा था और आसपास के इलाके में अवरोधक लगा दिए थे। निदेशालय ने इस सप्ताह मोइत्रा को बंगला खाली करने का नोटिस भेजा था। एक अधिकारी ने कहा कि बंगले का कब्जा आधिकारिक रूप से संपदा निदेशालय को सौंप दिया गया है।

न्यायिक कार्य छोड़कर नमाज पढ़ने के लिए जाना अनुचित

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मुस्लिम अधिवक्ताओं के नमाज पढ़ने जाने पर न्याय मित्र करेंगे जिरह

अमृत विचार : अवैध धर्मांतरण के मामले में अदालत में उपस्थित गवाह से नमाज पढ़ने जाने का हवाला देकर जिरह न करने पर, एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने निर्देश दिया है कि जिन- जिन अभियुक्तों की ओर से मुस्लिम अधिवक्ता हैं, उन्हें न्याय मित्र भी उपलब्ध कराया जाए। कोर्ट ने कहा कि इससे गवाह से निर्बाध जिरह होती रहेगी।अदालत ने गवाह से जिरह करने के लिए 20 जनवरी की तिथि नियत की है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी से संबंधित इस मामले में न्यायालय के समक्ष गवाह उपस्थित था। इस दौरान बचाव पक्ष को से एक अर्जी देकर इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य दिलाए जाने का आवेदन किया गया जिसका विरोध लोक अभियोजक नागेंद्र गोस्वामी ने किया तथा कहा कि जिन इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य की नकल आरोपियों द्वारा मांगी जा रहे हैं, वह यूआरएल के ओपन सोर्स पर उपलब्ध है जहां से पुनः प्राप्त की जा सकती हैं। वहीं मामले में हाजिर गवाह से जिरह करने के लिए जब कोर्ट ने अधिवकताओं से कहा तो मुस्लिम अधिवक्ता नमाज को कह कर चले गए तथा हिंदू अधिवक्ताओं ने भी जिरह नहीं की। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि न्यायिक कार्य छोड़कर बीच में नमाज पढ़ने की पढ़ने के लिए जाना अनुचित है।

अदालत ने कहा है कि यह मामला अवैध धर्मान्तरण से संबंधित है तथा दिन प्रतिदिन सुनवाई करने का आदेश है परंतु इस प्रकार से विलंब करने से विचारण पूर्ण नहीं होगा। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि मुस्लिम अधिवक्ताओं के साथ-साथ न्यायालय की सहायता के लिए न्याय मित्र उपलब्ध करा दिया जाए जिससे नमाज पढ़ने के लिए जाने पर न्याय मित्र द्वारा जिरह की जाती रहे तथा शीघ्र विचारण पूर्ण हो सके।

आतंकी गुरपतवंत पन्नू के कहने पर अयोध्या की रेकी कर रहे थे गैंगस्टर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ रामोत्सव में वारदात की साजिश रच रहा था एसएफजे का मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू

▸▸ एटीएस की पूछताछ में पकड़े गए गैगस्टर का आतंकी संगठन से संबंध होने का खुलासा

अमृत विचार : अयोध्या में गुरुवार को पकड़े गए तीन संदिग्धों का प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) से संबंध है। गैंगेस्टर शंकर लाल दुसाद उर्फ शंकर जाजोद खालिस्तान समर्थक आतंकी पन्नू के कहने पर अपने दो साथियों के साथ अयोध्या में रेकी करने आया था। पूछताछ में पता चला है कि एसएफजे का मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू रामोत्सव में किसी वारदात की साजिश रच रहा है। पकड़े गए तीनों राजस्थान के रहने वाले हैं। दुसाद के पास से फर्जी पहचान-पत्र और फर्जी सिम कार्ड भी मिला है।

एटीएस के मुताबिक अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर विशेष सतर्कता व सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान सूचना मिली कि एक गैंगेस्टर अपने कुछ साथियों के साथ सड़क मार्ग से श्रीराम जन्मभूमि, अयोध्या आ रहा है। इस सूचना पर सक्रियता त्रिमूर्ति होटल जाते समय हरियाणा की नंबर वाली स्कॉर्पियों में सवार तीनों को एटीएस टीम ने दबोच लिया। पूछताछ में उनकी पहचान सीकर (राजस्थान) का शंकर लाल दुसाद उर्फ शंकर जाजोद और प्रदीप पुनिया तथा झुन्झुन (राजस्थान) का अजीत कुमार शर्मा के रुप में हुई।

वाहन में श्रीराम का झंडा लगाकर मूवमेंट

पूछताछ में शंकरलाल दुसाद ने बताया कि विदेश में रह रहे खालिस्तान समर्थक हरमिन्दर सिंह उर्फ लांडा ने गुरपतवंत सिंह पन्नू का संदेश देते हुए कहा था कि वह अयोध्या जाकर वहां रेकी कर नक्शा भेजे तथा उसके निर्देश का इंतजार करे। उसी अनुसार घटना को अंजाम दिया जाएगा एवं सामग्री आदि उपलब्ध करा दी जाएगी। इसलिए वह लोग अपने वाहन में श्रीराम का झंडा लगाकर रेकी कर रहे थे, जिससे किसी का शक न जाए। बाकी दोनों साथियों की बाबत दुसाद ने बताया गया कि यह उसके साथी हैं और वह इनको अपने साथ मदद के लिए लाया था।

लोगों को बचाने के लिए मौत को 1.5 किमी दौड़ाता रहा चालक

ट्रक में लदे थे 364 गैस सिलेंडर, आग लगने के बाद जलते ट्रक को आबादी से दूर ले गया, आधे घंटे तक होता रहा विस्फोट

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: करनैलगंज के भुलियापुर गांव के पास हुए हादसे में अगर ट्रक चालक हिम्मत नहीं दिखाता तो बड़े पैमाने पर जनहानि हो जाती। लेकिन उसने हिम्मत नहीं छोड़ी और आग लगने के बाद अपनी जान की परवाह किए बगैर वह डेढ़ किलोमीटर तक हाइवे पर ट्रक दौड़ाता रहा। जब उसने सुरक्षित स्थान देखा तो ट्रक को किनारे लगाकर उससे कूदा और अपनी जान बचाई। चालक ने जैसे ही वाहन रोका आग की लपटों ने पूरे ट्रक को कब्जे में ले लिया। गैस सिलेंडरों में ताबड़तोड़ धमाकों से पूरा इलाका दहल उठा।

आग लगने के बाद खाक हुआ ट्रक और बिखरा पड़ा सिलेंडरों का मलबा।

हादसे का शिकार हुए ट्रक में कुल 364 एलपीजी गैस सिलेंडर लदे थे। ट्रक रात में लखनऊ के गुडंबा इलाके से सिलेंडर लादकर गोंडा के सूर्या गैस एजेंसी के लिए निकला था। ट्रक को चालक पवन पाल चला रहा था। ट्रक सुबह आठ बजे के करीब गोंडा -लखनऊ हाइवे पर करनैलगंज के भुलियापुर गांव के पास पहुंचा तो ट्रक के इंजन में शॉर्ट सर्किट के चलते अचानक आग लग गयी। जब आग लगी तो ट्रक जरवल कस्बे में था।

सड़कों पर लोग और कई वाहन थे। भीड़भाड़ वाला इलाका देख चालक पवन के हाथ पांव फूल गए। लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी। रुकने के बजाय उसे वह पूरे सूझबूझ के साथ हाइवे पर ट्रक को दौड़ाता रहा। करीब डेढ़ किलोमीटर तक जाने के बाद जब वह जिले के करनैलगंज थाने के भुलियापुर गांव के समीप पहुंचा तो सडक सुनसान देखकर उसने ट्रक रोका और क्लीनर समेत ट्रक छोड़कर दूर भागा।

तब तक आग की लपटें गैस सिलेंडरों तक पहुंच गयी थीं। ज्योंही सिलेंडरों ने आग पकड़ी पूरा इलाका तेज धमाकों से दहल उठा। धमाकों की आवाज सुनकर आसपास के गांव के लोग भयभीत हो उठे।

करीब आधे घंटे तक ताबड़तोड़ धमाके होते रहे। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ आवागमन ठप हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गयी। पुलिस और पांच फायर वाहनों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक ट्रक पूरी तरह से खाक हो चुका था।

एक किमी दूर तक बिखरे गैस सिलेंडर

आग पकड़ने के बाद तेज धमाकों के साथ गैस सिलेंडर हवा में रॉकेट का तरह उड़ते नजर आए। धमाके के चलते सिलेंडर के टुकडे एक किमी दूर तक खेतों में बिखर गए। आग पर काबू पाने के बाद पुलिस घंटों तक सिलेंडर का मलबा इकट्ठा करने में जुटी रही। अगर कस्बे में ये हादसा हो जाता तो कई जिंदगियों पर भारी पड़ जाता।

लालू और तेजस्वी को ईडी ने फिर भेजा समन

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन के बदले रेलवे में नौकरी के कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनके बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को अपने पटना कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने को लेकर फिर से समन जारी किया है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि प्रसाद को जहां 29 जनवरी को पेश होने के लिए कहा गया है, वहीं तेजस्वी को 30 जनवरी को बुलाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि एक टीम समन देने के लिए प्रसाद की पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के पटना स्थित आधिकारिक आवास पर गई थी। प्रसाद और तेजस्वी को पटना के बैंक रोड स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। दोनों इस मामले में जारी किए गए पूर्व समन पर पेश नहीं हुए थे।

मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार का हिसाब नहीं दे रहे जिले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 2018 से 2023 तक ग्राम पंचायतों को मिली थी प्रोत्साहन राशि

▸▸ उपभोग प्रमाण पत्र के साथ निदेशालय ने मांगी कार्यों की फोटो

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार के लाखों रुपये लेने के बाद जिलों ने धनराशि का हिसाब नहीं दिया है। यह धनराशि किस विकास कार्य में खर्च हुई इसका उपभोग प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है। निदेशक पंचायती राज ने कार्यों की फोटो समेत 2018 से 2023 तक का हिसाब मांगा है।

प्रदेश में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना 2018 से शुरू हुई थी। यह योजना पंचायत को प्रोत्साहित करने के लिए है। इसमें बेहतर विकास कार्य कराने वाली ग्राम पंचायतों का चयन कर 8 लाख रुपये तक बजट के अतिरिक्त दिए जाते हैं। इससे जिन कार्यों में बजट का अभाव होता है वह कार्य आसानी से कराए जाते हैं। प्रदेश में 2018 से 2023 तक ग्राम पंचायतों को पुरस्कार धनराशि दी गई। लेकिन, यह कौन से कार्य में इस्तेमाल हुई, कार्य की प्रगति क्या है।

इसका उपभोग प्रमाण पत्र निदेशालय को नहीं भेजा है। सिर्फ वाराणसी ने 2020-21 का हिसाब दिया है। पंचायती राज निदेशक राज कुमार ने सभी जिलों के डीपीआरओ को चेतावनी देकर कार्यों की फोटो समेत उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं।

अलौकिक, अद्वितीय अयोध्या

समग्र विकास

₹31 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं से संवर रही अयोध्या

₹1,919 करोड़ से जौनपुर-अयोध्या-बाराबंकी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत 4 खंडों का दोहरीकरण

₹1,463 करोड़ से महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम

₹241 करोड़ से अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का कायाकल्प

₹845 करोड़ से राम पथ (सहादतगंज से नया घाट तक) का निर्माण

₹246 करोड़ से राजर्षि दशरथ स्वसाशी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या का निर्माण

₹75 करोड़ से बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग पर रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण

₹68 करोड़ से भक्ति पथ (अयोध्या मुख्य मार्ग से हनुमान गढ़ी होते हुए श्री राम जन्मभूमि तक) का निर्माण

चौरासी, चौदह एवं पंच कोसी परिक्रमा पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण

महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम



अयोध्या धाम जंक्शन

महर्षि अरुंधति पार्किंग एवं व्यावसायिक संकुल

सूर्य कुण्ड द्वार

₹67 करोड़ से महर्षि अरुंधति पार्किंग एवं व्यावसायिक संकुल (पूर्वी एवं पश्चिमी)

₹65 करोड़ से धर्म पथ (एनएच-27 से नया घाट पुराने पुल तक) का निर्माण

₹45 करोड़ से एनएच-27 बाईपास महोबरा बाजार से टेढ़ी बाजार होते हुए श्रीराम जन्मभूमि तक 4 लेन रोड का निर्माण

₹41 करोड़ से श्रीराम जन्मभूमि पथ (सुग्रीव किला से श्रीराम जन्मभूमि तक) का निर्माण

₹37 करोड़ से कलेक्ट्रेट परिसर में लक्ष्मण कुंज स्मार्ट वाहन पार्किंग का निर्माण

₹34 करोड़ से पुलिस कर्मियों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण

₹20 करोड़ से अयोध्या-सुलतानपुर एनएच-330 से एयरपोर्ट तक 4 लेन सड़क का निर्माण

₹17 करोड़ से सोहावल क्षेत्र के पिखरौली ग्रामसभा में सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना

₹17 करोड़ से अमानीगंज में वाहन पार्किंग एवं व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

शहर में आज

- कैसरबाग स्थित सफेद बारादरी में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा हस्तशिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन - 11:00 बजे।
- चौक स्टेडियम में स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ और न्यू ब्वायज फुटबॉल क्लब के बीच मुकाबला - 2:00 बजे।
- प्रेस क्लब में साहित्यिक संस्था शब्द सरिता के 27वें स्थापना दिवस पर वैश्विक भाषाई परिवेश का बदलता परिदृश्य विषयक संगोष्ठी - 4.30 बजे।
- गोमती तट स्थित पं. गोविंद बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन में उत्तरायणी कौथिग की 7वीं संध्या पर उत्तराखंड के लोक गायक इंद्र आर्या की प्रस्तुति - 4.30 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक थीफ पुलिस का मंचन - 6.30 बजे।

सर्द हवाओं और गलन के बीच और लुढ़का पारा

राजधानी में छायी रही गहरी धुंध, नहीं हुए सूरज के दर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को गहरी धुंध के बीच पारा लुढ़क गया। दिन भर सर्द हवाएं चलीं। गलन की वजह से लोगों की कंपकंपी दूर नहीं हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक दो दिन बाद ही धूप निकलने का अनुमान है।

वैसे तो बीते कई दिनों से राजधानी व आसपास के क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, लेकिन शुक्रवार को धुंध का असर ज्यादा रहा। गलन और सर्द हवाओं के बीच तापमान में गिरावट देखी गई। शाम होते-होते पारा 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया। ऐसे में ठिठुरन बढ़ गई। नगर निगम द्वारा कई स्थानों पर सड़क किनारे अलाव की व्यवस्था की गई, लेकिन ठंड का प्रकोप देते हुए यह नाकाफी है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, दो दिनों तक राहत मिलने की उम्मीद कम है। 22 जनवरी को धूप के दर्शन होने की संभावनाएं हैं। लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में शीत दिवस जैसी स्थिति बनी रहेगी।

शीतलहर के बीच यहां छाया रहेगा कोहरा : लखनऊ के अलावा सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई और बहराइच में शीतलहर कर असर देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में कोहरे की स्थिति में वृद्धि आ सकती है।

पहाड़ों पर चल रहीं सर्द हवाओं का असर : पहाड़ों पर चल रहीं सर्द हवाओं का असर मैदानी क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। पश्चिमी विक्षोभ और सर्द हवाओं के कारण लोगों को गलन से राहत नहीं मिल रही है।

दृश्यता पर पड़ा असर : लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में सुबह के समय दृश्यता 50 मीटर से कम थी। आसपास के इलाकों में देर रात छाए कोहरे के बीच स्थिति और भी बिगड़ी दिखी।

- मौसम विभाग के मुताबिक, अभी नहीं मिलेगी राहत, दो दिन बाद ही धूप निकलने का अनुमान

आठ घंटे की देरी से पहुंची अहमदाबाद-साबरमती एक्सप्रेस

अमृत विचार, लखनऊ : भीषण कोहरे के चलते ट्रेनों का संचालन पटरी से उतर गया है, इससे यात्री ठंड में स्टेशनों पर ठिठुरते हुए ट्रेनों के इंतजार को मजबूर हैं। शनिवार को लखनऊ आने वाली लंबी दूरी की ट्रेनें दो से आठ घंटे की देरी से पहुंचीं। ट्रेनों के आने की सही जानकारी यात्रियों को पूछताछ काउंटर से नहीं मिल पा रही। बठिंडा से आने वाली गोरखधाम एक्सप्रेस शुक्रवार को 5:10 घंटे की देरी से पहुंची। बेगमपुरा एक्सप्रेस 4:45 घंटे की देरी से आई। चंडीगढ़-लखनऊ सुपरफास्ट 1:16 घंटे, ट्रेन नंबर 12332 हिमगिरी एक्सप्रेस 4:45 घंटे, ट्रेन नंबर 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 4:15 घंटे की देरी से लखनऊ पहुंची। गंगा सतलज साढ़े छह घंटे की देरी से आई तो अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस आठ घंटे की देरी से पहुंची। हिमगिरी तीन घंटे देरी से चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंची।

राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में ठंड और गलन से लोगों का बुरा हाल है, लोग 5-6 डिग्री न्यूनतम तापमान के बीच ठंड से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। इसी क्रम में अमीनाबाद क्षेत्र में कड़ाके की ठंड के बीच बच्ची के साथ जाती महिला। अमृत विचार

खराब मौसम की वजह से दो उड़ानें हुई निरस्त

संवाददाता सरोजनीनगर

अमृत विचार : राजधानी में शुक्रवार को भी धुंध का असर विमान सेवाओं पर दिखा। मौसम खराब होने के कारण शुक्रवार को लखनऊ से उड़ान भरने वाली दो फ्लाइट निरस्त कर दी गईं, जबकि अन्य उड़ानें एक से डेढ़ घंटे विलंब से गईं।

खराब मौसम के कारण लखनऊ से दोपहर 1:10 बजे गोरखपुर जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान (9आई 810) और लखनऊ से ही दोपहर 2:35 बजे दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 2243) रद कर दी गई। वहीं, मुंबई से गुरुवार देर रात 1:35 बजे लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 2773) करीब एक घंटे की देरी से लखनऊ पहुंची। जबकि जयपुर से दोपहर 1:50 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 7319) करीब एक घंटा 20 मिनट देरी से लखनऊ पहुंची। इसी तरह दिल्ली से दोपहर 2:20 बजे लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आई 5738) शाम करीब 4:15 बजे लखनऊ पहुंची। आगरा से शाम 5 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई 7932) करीब पौने दो घंटे की देरी से लखनऊ पहुंची। वहीं, लखनऊ से गुरुवार रात 2:05 बजे दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 2773) भी एक घंटा 10 मिनट की देरी से रवाना हुई। लखनऊ से सुबह 9:30 बजे इंदौर जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 7439) एक घंटा 20 मिनट की देरी से रवाना हुई। लखनऊ से दोपहर 1:50 बजे मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 5241) करीब 1 घंटा देरी से रवाना हुई। इसी प्रकार अन्य सभी उड़ानें भी काफी विलंब से गईं। जिसकी वजह से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

एक नजर

दोबारा सत्यापित होंगे पारिवारिक लाभ के आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में निरस्त किए गए राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ के आवेदन दोबारा सत्यापित किए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के पिछले वर्ष करीब 208 आवेदन भरे गए थे। जिनका समाज कल्याण विभाग ने सत्यापन कराया था। जो किसी कारण अधिकारियों द्वारा निरस्त कर दिए गए। एक समीक्षा में इन आवेदनों का मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन ने संज्ञान लिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह को दोबारा सत्यापन के निर्देश दिए। इस क्रम में सभी आवेदन पिछड़ा वर्ग कल्याण व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को भेजे गए हैं। 10 दिन में रिपोर्ट मांगी गई है।

खालिस्तानी समर्थकों के पकड़े जाने के बाद बढ़ी सतर्कता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की भव्य तैयारी के बीच खालिस्तानी आतंकी संगठन और दूसरे आतंकी संगठनों की ओर से गड़बड़ी की आशंका के चलते सतर्कता और बढ़ा दी गई है। अभेद सुरक्षा इंतजाम के बीच प्रदेश और केंद्र की खुफिया एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं।

जमीन से आसमान तक होने वाले किसी भी प्रकार के खतरे से निपटने की योजना पर सुरक्षा एजेंसियां मुस्तैदी से जुट गई हैं। सीसीटीवी कैमरों और एआई की मदद से देश व दुनियाभर के अपराधियों व आतंकी संगठनों से जुड़े संदिग्धों की फोटो के साथ अयोध्या में घूम रहे लोगों की पहचान की जा रही है।

आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस से लैस सीसीटीवी कैमरों के जरिए अयोध्या के चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। तकरीबन 11 हजार स्थानों पर चेहरा पहचान एआई आधारित बड़ी स्क्रीन आईटीएसमएस से इंटीग्रेट की गई हैं। साथ ही ओएफसी लिंक कैमरों की व्यवस्था की गई है। अयोध्या और उसके आस-पास के क्षेत्रों में संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

सरयू नदी और घाटों पर एनडीआरएफ की टुकड़ी को तैनात किया गया है। अयोध्या में मेहमानों की सुरक्षा के लिए बार कोडिंग का इस्तेमाल भी किया जा रहा है। एंटी ड्रोन सिस्टम पूरी तरह से सक्रिय मोड पर है। इस सिस्टम के माध्यम से 5 किलोमीटर की परिधि में उड़ने वाले किसी भी ड्रोन को लोकेट किया जा सकेगा।

यह एंटी ड्रोन सिस्टम इजराइल की कंपनी द्वारा निर्मित विश्व का आधुनिकतम तकनीक वाला उपकरण है। इसके माध्यम से किसी भी ड्रोन को निष्क्रिय किया जा सकता है। पूरी अयोध्या को 12 एंटी ड्रोन सिस्टम से लैस किया गया है। इसके माध्यम से जल, जमीन और आसमान में चल रही सारी गतिविधियों को देखा जा सकता है।

- आतंकी संगठनों की ओर से भी गड़बड़ी का मिल रहा इनपुट
- अयोध्या में घूम रहे लोगों का आतंकियों की फोटो के साथ हो रहा मिलान
- इंटेलिजेंस समेत सभी सुरक्षा एजेंसियों ने कसी कमर

डॉक्टरों के लिए चुनौती बनती जा रहीं एंटीबायोटिक दवाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

डॉ. वेद प्रकाश

डॉ. शीतल वर्मा

अमृत विचार : एंटीबायोटिक दवाएं ठीक उसी प्रकार होती हैं जैसे किसी युद्ध को जीतने के लिए हथियार होते हैं। खास तौर पर ब्रम्हास्त्र की तरह। लेकिन बिना जानकारी के हम अंधाधुंध एंटी बायोटिक दवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो कि सही नहीं है। जब हमें इन दवाओं की जरूरत होती है तब ये शरीर पर काम नहीं करती हैं।

डॉक्टरों के लिए ये चुनौती बनता जा रहा है। अब एंटीबायोटिक दवाओं को लेकर डायरेक्टरेट जनरल ऑफ हेल्थ सर्विस (डीजीएचएस) ने भारत के फार्मासिस्ट एसोसिएशन को पत्र लिखा है। साथ ही दवा को लेकर कुछ जरूरी आदेश जारी किए गए हैं, इनका कड़ाई से पालन कराना चाहिए। ये कहना है किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) पल्मोनरी क्रिटिकल केयर यूनिट ले विभागाध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश का। उन्होंने एंटी बायोटिक दवाओं के गलत इस्तेमाल को लेकर बताया कि इसकी वजह से मानवता के सामने एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) किसी भी महामारी की तुलना में सबसे बड़े स्वास्थ्य खतरे के तौर पर उभरा है। इसकी वजह से हर साल दुनिया भर में 50 लाख लोग दम तोड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक अनुमान के मुताबिक 2050 तक इस एएमआर की वजह से दुनिया में हर साल 1 करोड़ से ज्यादा लोगों की मौत होगी। यह आंकड़ा कितना भयावह है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस सदी की सबसे भयावह महामारी कोविड की वजह से तीन वर्ष में करीब 70 लाख लोगों की मौत हुई। डॉ. वेद प्रकाश ने बताया कि खुद से दवा खाना समस्या का सबब बन सकता है। बिना चिकित्सक की सलाह से जो लोग दवा खाते हैं वह अपने जीवन को खतरे में डालते हैं। इसमें झोलाछाप लोगों की भूमिका खतरनाक मानी जाती है। जिन बीमारियों में प्राइमरी दवाओं से इलाज हो सकता है। उसमें भी झोलाछाप हाई एंटीबायोटिक दवाई चलाकर जीवाणुओं को ड्रग रेजिस्टेंट कर देते हैं, जिससे उन पर दवाओं का असर नहीं पड़ता है।

- एंटी बायोटिक दवाओं के गलत इस्तेमाल से हर साल 50 लाख लोगों की जा रही जान
- केंद्र सरकार ने फार्मासिस्टों को बिना पर्चे के दवाएं न देने के दिए हैं निर्देश

सर्दी-खांसी में भी थमा दे रहे एंटी बायोटिक दवा

केजीएमयू की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शीतल वर्मा ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टर व मेडिकल स्टोर चलाने वाले एंटी बायोटिक्स का अंधाधुंध इस्तेमाल कर रहे हैं। अमूमन सामान्य बीमारियों जैसे सर्दी खांसी व डायरिया में एंटीबायोटिक दवाओं का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इसके बावजूद यह लोग दवाएं दे देते हैं। एंटी बायोटिक्स के नुकसान के बारे में लोगों को भी जागरूक होने की जरूरत है। आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकों की सलाह पर ही दवा लें।

एमएलसी चुनाव में भाजपा से दारा सिंह का नामांकन वैध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश विधान परिषद (एमएलसी) उप चुनाव में शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान का नामांकन पत्र वैध पाया गया है, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी ओमकार नाथ चौरसिया का नामांकन खारिज हो गया। अब दारा की जीत की घोषणा होना ही शेष रह गया है।

एमएलसी पद पर उप चुनाव को लेकर गुरुवार को दो नामांकन पत्र दाखिल हुए थे। भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान ने बताया कि वह शुक्रवार सुबह 11 बजे निर्वाचन कार्यालय में उपस्थित हुए। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी ओमकार नाथ चौरसिया आए भी नहीं थे। उनकी ओर से नामांकन की न फीस जमा की गई थी, न ही कोई प्रस्तावक था। चुनाव अधिकारी बृज भूषण दूबे ने बताया कि दारा सिंह चौहान ने 10 प्रस्तावकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया था, जिसे जांच में वैध पाया गया है। निर्दलीय नामांकन करने वाले ओमकार नाथ चौरसिया का अपूर्ण नामांकन खारिज कर दिया गया है। इस सीट पर अब मतदान की कोई आवश्यकता नहीं रही है।

मुख्य सचिव ने परखी गणतंत्र दिवस की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि प्रदेश में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी समय पर पूरी कर ली जाए। मुख्य सचिव शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिए मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी जिलों में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह को परंपरातगत रूप से सादगी से मनाया जाए। कार्यक्रम में जिले में हुए अच्छे कार्यों को प्रदर्शित किया जाए। इसके अलावा देश व प्रदेश में होने वाले परिवर्तन, लोकहित में संचालित कार्यक्रमों, पंच प्रण, विकसित भारत संकल्प यात्रा, अमृत काल आदि के बारे में जानकारी दी जाय व झांकियां निकाली जाए।

पुष्प प्रदर्शनी के लिए तेज की जाए तैयारी

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने प्रस्तावित प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी की तैयारी तेज करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य सचिव शुक्रवार को लोकभवन में प्रदर्शनी की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में लगाए जाने वाले स्टाल की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिये। श्रीराम, अयोध्या, विकसित भारत, पंच प्रण, अमृत काल आदि पर आधारित कलात्मक पुष्प व गमलों से सज्जा की जाए। उन्होंने विजेताओं को प्रमाण-पत्र फ्रेम कराकर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रमाण पत्र व फ्रेम की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिये।

मदरसा बोर्ड परीक्षा : 59 जिलों में होंगे 413 परीक्षा केंद्र

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से प्रदेश भर में बोर्ड की परीक्षाएं कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए 59 जनपदों में कुल 413 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। मदरसा शिक्षा परिषद की रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी का कहना है कि परीक्षा केन्द्र सीसीटीवी से लैस होंगे। इनका समय- समय पर अधिकृत अधिकारी निरीक्षण भी करेंगे। इस बार समय से कुछ पूर्व परीक्षा कराई जा रही है। जो 13 फरवरी से आयोजित होकर 21 फरवरी को समाप्त हो जाएगी। 13 फरवरी से आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए 59 जनपदों में कुल 413 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इनमें सीसीटीवी लगाए गए हैं। ताकि परीक्षा के दौरान नजर रखी जा सके।

सतर्कता जरूरी | जालसाज मोबाइल पर मैसेज भेज कर दे रहे सरकारी नौकरी का झांसा, बातों में आकर घर की जमा पूंजी से हाथ धो बैठते हैं कई युवा

जालसाजों का ऑफर... रुपये दो, नौकरी लो

विनय शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : मोबाइल पर अगर सरकारी नौकरी दिलाने के मैसेज आ रहे हैं तो सतर्क हो जाएं। जालसाज वाट्सएप ग्रुपों पर लुभावने ऑफर भेज रहे हैं। विभाग कोई भी हो, सभी में नौकरी दिलाने का ठेका लेते हैं। अगर उनकी बातचीत में फंस गए और कागजी पत्राचार शुरू कर दिया तो समझो जालसाजों ने अपना काम बना लिया।

पर्सनल मैसेज में खुद को शासन में बैठे बडे. अफसरों का करीबी बताते हुए बात धीरे-धीरे आगे बढ़ाते हैं। पूरी तरह से भरोसे में लेने के बाद कुछ सबूत दिखाकर भरोसा जीतने का काम करते हैं। इसके बाद लोग खुद-ब-खुद उनके झांसे में आ जाते हैं। आश्वस्त करने के बाद फिर पैसे की मांग की जाती है। अगर अग्रिम भुगतान कर दिया तो समझ लो पैसा गया। इनके ऑफर में फंसकर तमाम युवा घर की जमा-पूंजी से हाथ धो बैठते हैं। इसी तरह के आए एक मैसेज के बाद शुक्रवार को अमृत विचार के रिपोर्टर ने मैसेज करने वाले से नौकरी दिलाने और रुपयों को लेकर बात की।



पीड़ित पक्ष की ओर से शिकायत मिलती है तो आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, मामला संज्ञान में नहीं आया है।

-राजकुमार सिंह, एसीपी चौक

पेश है बातचीत का ब्योरा...।

- **रिपोर्टर :** नमस्कार जी, कैसे हैं।
- **जालसाज :** मैं अच्छा हूं।
- **रिपोर्टर :** आपका नंबर मुझे अपने मित्र के माध्यम से मिला था।
- **जालसाज :** अच्छा, क्या काम है, कहां से बोल रहे हैं, परिचय दीजिए आप।
- **रिपोर्टर :** भाई साहब, मैं लखनऊ में प्राइवेट नौकरी करता हूं, मेरा भतीजा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। उसे नौकरी चाहिए थी।
- **जालसाज :** ठीक है, भतीजा कहां रहता है।
- **रिपोर्टर :** वो सीतापुर में रहता है।
- **जालसाज :** भतीजे का डिटेल्स भेजिए वो कितना पढ़ा-लिखा है।
- **रिपोर्टर :** भतीजा स्नातक कर चुका है।
- **जालसाज :** अभी हाल ही में सचिवालय में एक को नौकरी दिलवाई है।
- **रिपोर्टर :** कितना पैसा लगेगा।
- **जालसाज :** अरे, पहले कागज तो दिखाओ, फिर बताते हैं।
- **रिपोर्टर :** ठीक है।
- **जालसाज :** हमें कई जनपदों के लिए बहुत से लड़के चाहिए।
- **रिपोर्टर :** कहां-कहां के लिए।
- **जालसाज :** कमांड अस्पताल में कुछ बच्चे रखे जा रहे हैं।
- **रिपोर्टर :** इसके अलावा और कहीं कुछ।
- **जालसाज :** इसमें हाईस्कूल की योग्यता मांगी गई है। साथ ही 25 हजार रुपये का मासिक वेतन मिलेगा।
- **रिपोर्टर :** नियुक्ति तुरंत होती है क्या।
- **जालसाज :** उसकी एक प्रक्रिया है, कुछ में तुरंत नियुक्तियां होती हैं।
- **रिपोर्टर :** रेलवे में भी नौकरी मिल सकती है क्या।
- **जालसाज :** हां, रेलवे में भी मिल जाएगी.. आगरा मेट्रो में भी पद खाली हैं।

इस तरह फंसाते हैं लोगों को

चौक कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सर्राफा बाजार में बाइक से घूमने वाला शातिर खुद को शासन स्तर से जुड़े अधिकारियों का करीबी बता सबको अर्दब में लेता है। इसके साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने का भी झांसा देता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जालसाज तमाम बेरोजगार युवाओं से ठगी कर चुका है।

वाट्सएप नंबर पर भेजते हैं रिक्तियों संबंधी मैसेज

युवाओं को अपने जाल में फंसाने के लिए जालसाज पहले संपर्क करते हैं। फिर उनके वाट्सएप नंबर पर समाज कल्याण मुख्यालय, रेलवे, डीआरएम ऑफिस, जवाहर भवन, लखनऊ मेट्रो, सचिवालय व अन्य विभागों में रिक्त पदों पर फौरन नियुक्ति दिलाने का झांसा देकर मैसेज भेजते हैं। इसमें जालसाज दावा भी करता है कि योग्यता अनुसार विभागों के खाली पदों में नियुक्ति की जानी है। जबकि ऑनलाइन जांच में ऐसा कुछ भी नहीं मिला।

पेपर मांगने के बाद पद को लेकर होती है सौदेबाजी

सरकारी विभागों में कम्प्यूटर ऑपरेटर समेत अन्य पदों पर नियुक्ति दिलाने का झांसा देने के बाद जालसाज युवाओं से वाट्सएप पर दस्तावेज भेजने की बात करता है। फिर मनचाही नौकरी दिलाने का झांसा देकर पद को लेकर सौदेबाजी करता है। जालसाज के हिसाब से उसे भर्ती बोर्ड के अधिकारियों की जेब भरनी होती है। इस वजह से बगैर रुपये के नियुक्ति संभव नहीं हो पाती है।

दरोगा और हेड कांस्टेबल पर एक और रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आजमगढ़ जनपद के कपड़ा कारोबारी इश्तियाक का अपहरण व लूटपाट करने के आरोपी दरोगा अनुराग द्विवेदी और हेड कांस्टेबल युसूफ के खिलाफ हसनगंज थाने में एक और प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोप है कि हसनगंज थाने से सम्बद्ध निराला नगर चौकी इंचार्ज अनुराग ने सरकारी कार्य के लिए कार डीलर से गाड़ी ली थी, जिसे अब तक वापस नहीं किया है।

बता दें कि मूलरूप से अंबेडकरनगर के जैतपुर थानाक्षेत्र निवासी लिटिल दुबे निराला नगर में पुरानी गाड़ियों की खरीद-फरोख्त का कारोबार करते हैं। पीड़ित ने बताया कि गत 26 नवम्बर को निराला नगर चौकी इंचार्ज अनुराग द्विवेदी ने सरकारी काम के लिए बोलेरो ली थी। इसके बाद से वाहन अब तक वापस नहीं मिला और न ही उसके बारे में डीलर को जानकारी दी गई।

पीड़ित का कहना है कि वह कई बार थाने में चक्कर काट चुका है। वहीं, हसनगंज थाना प्रभारी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

- डीलर से पुलिस ने काम के लिए मांगी थी गाड़ी, नहीं लौटाई वापस
- पीड़ित ने हसनगंज थाने में पुलिस कर्मियों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

एक नजर

कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ ने जरूरतमदों को बांटे कंबल

लखनऊ : कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ कमेटी ने शुक्रवार को मीडिया हॉल में श्रमिक नेता स्व. इरशाद अली की पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह ने इरशाद अली के चित्र पर पुष्प माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने इरशाद अली के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। चेयरमैन ने कहा कि इरशाद अली हमेशा गरीबों के लिए खड़े रहे। जब भी किसी व्यक्ति को जरूरत पड़ी तो इरशाद अली ने हमेशा लोगों की मदद की। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जरूरतमदों को कंबल वितरित किए। उक्त अवसर पर जाकिर अब्बास, विजय चंचल, अरविंद कुमार, वाहिद, आरपी त्रिपाठी, रिजवाना, शहनाज, मो. यूनूस आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

कृषि विशेषज्ञों ने बौद्धिक संपदा पर की चर्चा

बीकेटी : बख्शी का तालाब स्थित चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को कृषि में बौद्धिक संपदा के अधिकार पर सिंपोजियम का आयोजन किया गया। सिंपोजियम की शुरुआत विशिष्ट अतिथि राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सेवानिवृत कुलपति प्रो बलराज चौहान, प्रो गजेंद्र सिंह, प्रो योगेश कुमार शर्मा, उत्तर प्रदेश कृषि शोध संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ सुजीत यादव, महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी ने सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर की। बलराज चौहान ने बताया कि कृषि में नवाचार एवं विविधीकरण की बहुत संभावनाएं हैं। लीडबिन के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ राजन जौहरी ने कृषि में कॉपीराइट, पेटेंट एवं ट्रेडमार्क पर व्यावहारिक चर्चा किया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सिंपोजियम में महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ हृदय नारायण तिवारी सहित 403 से अधिक शिक्षक तथा छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

विवि के छात्रों ने दिखाया यूजीसी परीक्षा में दमखम

परिणाम

यूजीसी-नेट जेआरएफ परीक्षा में छात्रों का परीक्षाफल प्रतिशत रहा अच्छा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूजीसी - नेट जेआरएफ परिणामों की सूची जारी हो गई है। ऐसे में लखनऊ विश्वविद्यालय और ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के छात्रों ने परीक्षाफल में अच्छा स्थान बनाया है। विवि के कुलपति और संकाय अध्यक्षों ने बधाई के साथ छात्रों को प्रोत्साहित भी किया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा में सफलतापूर्वक अर्हता प्राप्त की है। 162 से अधिक छात्रों ने सहायक प्रोफेसर के रूप में अपना स्थान अर्जित किया है, जबकि प्रभावशाली 40 छात्रों ने सहायक प्रोफेसर और जेआरएफ योग्यता दोनों के लिए आहार्यता हासिल की है। इन उत्कृष्ट उपलब्धियों ने अकादमिक क्षेत्र में लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को और ऊंचा कर दिया है।

वहीं ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के छात्रों का यूजीसी की एनटीए परीक्षा में दमखम दिखाई दिया। भाषा विवि की मीडिया प्रभारी डॉ. रुचिता सुजॉय चौधरी ने बताया कि अरबी विभाग से मोहम्मद आवैज और जियाउल मुस्तफा एवं ऊर्दू विभाग से राशीदा खातून, अब्दुल्ला, शाहिरा परवीन, सैयद मोईनुद्दीन और तनवीर अहमद ने यूजीसी की एनटीए द्वारा आयोजित होने वाली असिस्टेंट प्रोफेसर की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा को इन विद्यार्थियों ने पास की है। विवि के कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने उत्तीर्ण हुए सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रोत्साहित किया है।

लविवि और भाषा विवि के परीक्षार्थी बोले

सोनी तिवारी | नम्रता सिंह | मोहित द्विवेदी | अरीबा खान

भाषा और लखनऊ विश्वविद्यालय के मेधावी शिक्षा की अलख जगाएंगे। यूजीसी नेट परीक्षा में अव्वल रहे छात्रों का सपना नई पीढ़ी के युवाओं को मजबूती देना है। भाषा विश्वविद्यालय की छात्रा राशीदा खातून कहती है कि गांव स्तर पर शिक्षा के प्रति अभी भी जागरूकता कम है। उनका सपना गांव के लोगों को प्रेरित, प्रोत्साहित और शिक्षित करना है। अब्दुल्ला का कहना है कि कई बार साधारण परिवार के छात्र इस तरह की परीक्षाओं की तैयारी को लेकर कोचिंग नहीं कर पाते। ऐसे में उनका ध्येय जरूरतमंदों को निःशुल्क अतिरिक्त कक्षाएं प्रदान करना है। लखनऊ विश्वविद्यालय की रिसर्च स्कॉलर सोनी तिवारी का कहना है कि शिक्षा के लिए हम नई पीढ़ी को नए तरीके से तैयार करेंगे। क्योंकि हमें अध्ययन करने का तरीका बदलना होगा। तभी समाज और देश उन्नति के परचम को छुऐगा। नम्रता सिंह का कहना है कि वे नए छात्रों को नोट्स देकर पढ़ाई में मदद करेंगी। मोहित द्विवेदी डिजिटलाइजेशन के पक्ष में दिखे। कहते हैं कि नई तकनीकि को हमे समझना होगा। अरीबा खान कहती हैं कि हम सब शिक्षा के सहारे समाज को मजबूती की ओर ले जा सकते हैं।

क्यूआर कोड व्यवस्था को लांच करते लविवि के कुलपति आलोक कुमार रॉय व अन्य।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने लांच किया क्यूआर कोड

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक क्यूआर कोड लॉन्च किया है। इसके सहारे छात्र संबंधित मुद्दों के लिए काउंसलिंग सेल और हैप्पी थिंकिंग लैब से संपर्क कर सकते हैं। ये व्यवस्था छात्रों को व्यक्तिगत और करियर निर्माण मुद्दों पर परामर्श देकर सहायता प्रदान करेगी। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार रॉय का कहना है कि समस्या के प्रकार के आधार पर छात्र को प्रारंभिक स्तर पर परामर्श के लिए समय और संकाय अथवा विशेषज्ञ आवंटित किया जाएगा। इस पहल का नेतृत्व विवि के डीएसडब्ल्यू ने हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी और काउंसलिंग एण्ड गाइडेंस सेल के साथ किया गया है।

इस तरह मिलेगा लाभ– उत्साह, खुशी और खुशी की कमी, चिंता, बेचैनी, चिड़चिड़ापन और क्रोध का बढ़ना आदि कारणों से छात्रों में समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ऐसे में ये व्यवस्था कारगर रहेगी। लविवि में इसको लकेर मुख्य और द्वितीय परिसर में जगह-जगह बोर्ड लगाए जा रहे हैं।

राम उत्सव बन गया स्कूल का वार्षिकोत्सव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गांधी भवन में वाईआर मांटेसरी स्कूल के वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने मन मोह लेने वाली प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की प्रस्तुतियां राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रतीक्षा के उत्साह में डूबी थीं। मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों को भी छात्र-छात्राओं ने अपनी कलात्मक सृजनात्मकता के साथ उकेरा।

राम आएंगे थीम पर सीमा चतुर्वेदी के निर्देशन में बच्चों ने राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी... गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। जिस पर सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने तालियां बजायी और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रेरणादायक संदेश देने वाली प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

वाईआर मांटेसरी स्कूल के वार्षिकोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

वाईआर मांटेसरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने दीं प्रस्तुतियां

अदिती दीक्षित, जया सिंह, कार्तिकेय मिश्रा, अनुश्री अवस्थी, स्वाति, सारिका, रोहित, वेदान्त, यशि, मानस, आराध्या, अन्विधा, अनिकेत, तन्वी, प्रवीन, रौनक, अंश, दिव्यांका, वानी, नबिया इत्यादि ने अपनी-अपनी प्रतिभा से कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी। स्कूल प्रमुख राकेश वर्मा ने कार्यक्रम में आए मेहमानों, दर्शकों और अभिभावकों को धन्यवाद व्यक्त किया।

माध्यमिक शिक्षक संघ ने सुनी शिक्षकों की समस्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षक संघ ने राजधानी के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में विभिन्न समस्याओं को जानने के लिए शिक्षकों से संपर्क करने के अभियान के तहत शुक्रवार को संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. आरपी मिश्रा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने शहर के लगभग आधा दर्जन माध्यमिक विद्यालयों का दौरा किया।

वहां के शिक्षकों से मुलाकात की और बैठक कर उनकी समस्याएं जानी। वरिष्ठ शिक्षक नेता डॉक्टर आरपी मिश्रा के नेतृत्व में पदाधिकारी की टीम गिरधारी सिंह इंटर कॉलेज, म्युनिसिपल गर्ल्स इंटर कॉलेज, लखनऊ मांटेसरी इंटर कॉलेज, इंडस्ट्रियल इंटर कॉलेज सहित कई कॉलेजों का दौरा किया। विद्यालयों का दौरा करते समय शिक्षक नेताओं ने इन विद्यालयों के शिक्षकों के साथ बैठक की और उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। उपाध्यक्ष ने शिक्षकों को विश्वास दिलाया कि उनकी सभी समस्याओं को सूचीबद्ध करके जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा जाएगा।

यदि शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इन समस्याओं के समाधान में लापरवाही बरती तो फिर माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) आंदोलन की राह पर चलने के लिए मजबूर होगा।

इंडस्ट्रियल इंटर कॉलेज में शिक्षकों के साथ माध्यमिक शिक्षा संघ के पदाधिकारी।

सार-संक्षेप

प्रेसवार्ता में जानकारी देते भारत हस्तशिल्प महोत्सव के आयोजक विनोद सिंह व अन्य।

भारत हस्तशिल्प महोत्सव आज से

अमृत विचार, लखनऊ : प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के तत्वावधान में 20 जनवरी से शुरू होने वाला 17 दिवसीय भारत हस्तशिल्प महोत्सव 5 फरवरी तक चलेगा। महोत्सव का आयोजन कांशीराम स्मृति उपवन, आशियाना में किया जा रहा है। शनिवार को महोत्सव स्थल पर रामचरितमानस का अखंड पाठ शुरू हो गया जो 20 जनवरी को दोपहर दो बजे तक चलेगा। जगन्नाथपुरी के मुख्य पुजारी की मौजूदगी में आरती, हवन और प्रसाद वितरण के बाद भारत हस्तशिल्प महोत्सव शुरू होगा। आयोजक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि भारत हस्तशिल्प महोत्सव घर - घर पधारो राम की थीम पर आधारित होगा। महोत्सव के पहले दिन से ही पूरे महोत्सव को अयोध्या धाम की तर्ज पर राम-मय कर दिया जाएगा। महोत्सव के माध्यम से देशवासियो को यह संदेश दिया जाएगा कि 22 को अपने घरों में राम मंदिर को सजाएं और पूजा अर्चना करें। उन्होंने बताया कि 17 दिवसीय भारत हस्तशिल्प महोत्सव में भारत टैलेण्ट हण्ट का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत बच्चों व युवाओं की गायन, नृत्य, वादन, किड्स मॉडलिंग, मेंहदी, रंगोली, कबाड़ से जुगाड़, सिलाई, चित्रकला, निबंध लेखन, साइकिल रेस, खो-खो, कबड्डी, मिस्टर, मिस और मिसेज भारत प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

गन्ना मूल्य में वृद्धि नाकाफी, किसानों के साथ वादाखिलाफी

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र किसान सभा ने योगी सरकार द्वारा गन्ने के मूल्य में मात्र 20 रुपये प्रति क्विंटल वृद्धि को नाकाफी बताते हुए इसे किसानों के साथ वादाखिलाफी बताया है। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशो के अनुसार, गन्ने का मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल होना चाहिए। इन सिफारिशों को लागू करने का वादा प्रधानमंत्री 2014 से करते आ रहे हैं लेकिन अभी तक वादा पूरा नहीं किया गया है। किसान सभा के प्रांतीय महामंत्री मुकुट सिंह ने बताया कि दो वर्षों बाद गन्ने के मूल्य में यह बढ़ोतरी की गई है। योगी सरकार ने 6 वर्षों के अपने कार्यकाल में मात्र 55 रुपये की वृद्धि की है जो सालाना 7.86 रुपये बैठती है। वहीं पर खाद, बीज, डीजल, बिजली, कीटनाशक आदि के दामों में भारी वृद्धि हुई है। अब भी उप्र में उत्तर भारत के सभी राज्यों से गन्ना सस्ता है। पंजाब में 391 रुपये प्रति क्विंटल, हरियाणा में 385 रुपये प्रति क्विंटल है। जबकि उप्र में तीन कैटेगरी में 370, 360 और 355 रुपये प्रति क्विंटल है। अन्य प्रदेशों में यह वृद्धि पहले से जारी है। उप्र में दो वर्ष बाद वृद्धि की गई है। जबकि चीनी मिलों को 2 रुपये प्रति क्विंटल ढुलाई भाड़ा में राहत दी गई है। उप्र किसान सभा मांग करती है कि गन्ने का मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए। गन्ने के बकाया 5665 करोड़ रुपये को मय ब्याज एकमुश्त किसानों को भुगतान किया जाए और मौजूदा पेराई सत्र का भुगतान खरीद के 14 दिनों के अंदर किया जाए।

23 को रेवती रमण सिंह व प्रकाश सिंह को सम्मानित करेगी रंग भारती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश की स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर 23 जनवरी को सांस्कृतिक व साहित्यिक संस्था रंग भारती और उत्तर प्रदेश नागरिक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर प्रदेश की 73वीं वर्षगांठ मनाई जायेगी।

हिन्दी संस्थान के प्रेमचन्द सभागार में शाम साढ़े चार बजे से होने वाले इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित करेंगे।

हिन्दी संस्थान के प्रेमचन्द सभागार में शाम 4:30 बजे से शुरू होगा कार्यक्रम

रंग भारती के अध्यक्ष श्याम कुमार ने बताया कि इस आयोजन में वयोवृद्ध राजनेता कुंवर रेवती रमण सिंह को कर्मवीर राजनेता रंग भारती सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

इस आयोजन में पूर्व पुलिस महानिदेशक प्रकाश सिंह, वरिष्ठ संगीतज्ञ पं. आनंद कुमार मिश्र, आयुर्वेद विशेषज्ञ प्रो. जागेश्वर नाथ मिश्र, शिक्षाविद प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित व रवीन्द्र प्रताप सिंह, समाजसेवी डॉ. भीम सिंह नेगी, लोक निर्माण विभाग के पूर्व प्रमुख अभियंता अरविन्द कुमार जैन, संस्कृतज्ञ डॉ. नवलता, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, रंगकर्मी गोपाल सिन्हा, गायक मिथलेश लखनवी, नारी सशक्तिकरण में उषा विश्वकर्मा, फोटोग्राफर अनिल रिसाल सिंह, लोक गायिका उर्मिला श्रीवास्तव, कर्तव्य पराणयता में सरदार नकी लाल, डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी, डॉ. आनन्द कुमार गुप्त, डॉ. सुख रंजन समद्दर, डॉ. अरशद रिजवी, डॉ. अखिलेश चन्द्र, संजीव जैन और अनीता सहगल को भी सम्मानित किया जायेगा।

प्रश्न पत्र को लेकर परीक्षार्थियों ने जताई नाराजगी

लखनऊ : लखनऊ विवि में आयोजित परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र को लेकर छात्रों ने विरोध किया। दावा है की परीक्षा में पूछे गए प्रश्न सेमेस्टर से इतर थे। मामला एमए तृतीय सेमेस्टर समाज कार्य की इंटर डिपार्टमेंटल परीक्षा में पाठ्यक्रम से जुड़ा हुआ है।

शुक्रवार सुबह लविवि में 9 बजे की प्रथम पाली में पीजी ब्लॉक में परीक्षा का आयोजन था। आये हुए प्रश्नपत्र को लेकर छात्रों ने विरोध करना शुरू कर दिया। ऐसे में परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। इसी के बाद प्रश्न पत्र को स्थितियों के सापेक्ष समायोजित करते हुए परीक्षा शुरू कराई गई।

देश की सीमाओं को मजबूत करने के दिए सुझाव

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा एनसीसी कैडेट्स के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य एनसीसी कैडेट्स को भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में चयनित किए जाने के लिए तैयार करना है। कार्यशाला में मुख्यरूप से जीएपीएस एसएसबी के निदेशक शामिल हुए। लविवि में आयोजित कार्यशाला में सीमा सुरक्षा बल के निदेशक दीपक कुमार प्रसाद ने अपना उद्बोधन मूल मूल्यों पर केंद्रित किया। कहा कि यही एसएसबी उत्तीर्ण करने के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने सत्र में पीपीडीटी और डब्ल्यूएटी, योजना और आयोजन को हल करने की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान एएनओ, 63 यूपी बीएन एनसीसी मेजर डॉ. किरण लता डंगवाल, एएनओ 3 यू पी नेवल ले. कॉमडर डॉ. डी के सिंह समेत अन्य मौजूद रहे। इस कार्यशाला में 70 से अधिक एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया।

क्राफ्टरूट्स में दिखेगी कलाकारों की प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गुजरात के हस्तशिल्प संगठन क्राफ्टरूट्स की ओर से 20 से 23 जनवरी तक कैसरबाग स्थित सफेद बारादरी में क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्वाह्न 11 बजे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। संस्था की निदेशक अनार बेन पटेल ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि इस प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्या को भी आमंत्रित किया गया है।

अनार बेन पटेल ने बताया कि क्राफ्टरूट्स देश के 21 राज्यों में 25 हजार से अधिक कारीगरों के साथ काम कर रही है। इस प्रदर्शनी में 100 से अधिक कारीगर 80 शिल्पों का प्रदर्शन करेंगे। यहां आने वालों को कांच और मिट्टी के बर्तन बनते हुए दिखेंगे। पारम्परिक नेल पेंटिंग और अन्य शिल्प की कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। यह प्रदर्शनी सुबह 10.30 बजे से रात नौ बजे तक चलेगी।

उन्होंने बताया कि क्राफ्टरूट्स ने देश के विभिन्न प्रान्तों के अलावा दुबई, सिंगापुर और अमेरिका में भी प्रदर्शनी का आयोजन किया है।

प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देतीं संस्था की निदेशक अनार बेन पटेल व अन्य।

100 से अधिक कारीगर 80 शिल्पों का करेंगे प्रदर्शन

कार्यक्रम | समारोह के छठे दिन छह झोड़ा दलों ने अपनी प्रतिभा का बिखेरा जादू

उत्तरायणी कौथिग में प्रतिभागियों की प्रस्तुति ने बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमती तट स्थित पं. गोविंद बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन में आयोजित उत्तरायणी कौथिग के छठवें दिन छह झोड़ा दलों ने अपनी कला का जादू बिखेरा। आरडीएसओ शाखा ने केडी पाण्डेय के निर्देशन में बाटा गाड़ा धन बोया हो रतन दा को अच्छे अंदाज में पेश किया।

सरोजनी नगर शाखा ने मंजू नेगी के निर्देशन में राम सीता वन में, एलडीए कानपुर रोड शाखा ने वीना रावत के निर्देशन में उत्तराखंड मेरी मातृभूमि, रामलीला समिति तेलीबाग ने दीपा एरी के निर्देशन में अथाई साली दर्पण भीना और रामलीला समिति तेलीबाग-2 ने राजेन्द्र सिंह बिष्ट के निर्देशन में पारम्परिक झोड़ा नृत्य प्रस्तुत किया।

आज यहां झूमिंगो सीजन-2 के तहत छपेली प्रतियोगिता की शुरुआत भी हुई। इसमें चित्रा कांडपाल के निर्देशन में गोमतीनगर शाखा, दमयंती नेगी के निर्देशन में गोमतीनगर शाखा, पुष्पा नेगी के निर्देशन में गोमतीनगर का रामआसरे पुरवा, हेमा वाणगी के निर्देशन में विजय खंड शाखा के कलाकारों ने अपने शानदार नृत्यों से समां बांध दिया।

उत्तरायणी कौथिग में उत्तराखंड के भवाली से आये लोक गायक अमित बाबू गोस्वामी ने गोपाल बाबू के गीतों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अल्मोड़ा से आये सुनील कुमार ने नॉन स्टॉप छपेली गीतों की प्रस्तुतियां दीं। खटीमा के कलाकार पुष्कर मेहर और उनके दल ने हुड़का व छपेली नृत्य की दर्शनीय प्रस्तुतियां दीं। पिथौरागढ़ के कैलाश कुमार ने गढ़वाली व जौनसारी गीतों से दर्शकों का दिल जीत लिया।

गोमती तट स्थित पं. गोविंद बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन में संस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान लोक नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

भाषा विवि में चला कैंपेन दखल दो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में ब्रेकथ्रू द्वारा आयोजित जीबीवी (जेंडर बेस्ड वायलेंस) के अंतर्गत चल रहे कैंपेन दखल दो के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अटल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीनियर कोऑर्डिनेटर और कुलानुशासक उपस्थित रहे।

भाषा विवि में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ला ने किया। सभागार में उपस्थित सभी छात्रों को ब्रेक थ्रू के दखल दो कार्यक्रम के अन्तर्गत कैट कॉलिंग, वर्बल एब्यूज तथा स्टॉकिंग जैसे विषयों पर वीडियो दिखाकर जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए उनके मन की शंकाओं को दूर किया। इसके बाद ब्रेक थ्रू के बारे में विस्तार से सूचनाएं साझा हुईं। कुलानुशासक ने बेटियों की सुरक्षा पर जोर देते हुए ऐसे और भी कार्यक्रमों को आगे भी आयोजित करने की इच्छा जताई। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. दुआ नकवी रहीं। कार्यक्रम का आयोजन ब्रेक थ्रू के फेलोज दीपांशु, फिजा और फिरोज द्वारा किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या छात्र छात्राएं उपस्थिति रहीं।

वीडियो दिखाकर छात्रों को किया गया जागरूक

सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **तवससुम, निवासी- ग्राम पंचायत- देवनगर तकिया, तहसील- तुलसीपुर, थाना-हरैया, जिला- बलरामपुर** मैने अपना नाम तवससुम से कैंसिल करके तवससुम अख्तर कर लिया है मुझे आज से तवससुम अख्तर के नाम से जाना पहचाना जाए। जिसका जन्म तिथि 1/1/2006 है।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुअक्किल पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाइनेन्स लि० द्वारा अपने ग्राहक श्री विवेक सिंह व श्रीमती ऊषा सिंह को एक सम्पत्ति भूखण्ड, क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट जो खसरा सं0- 641 का भाग है स्थित- गौरी, परगना- बिजनौर, तहसील व वार्ड- सरोजनी नगर, लखनऊ को उसके एक स्वामी व खातेदार श्री सन्तराम पुत्र रामआसरे से क्रय करने हेतु सम्पत्ति को बंधक रखकर आवासीय ऋण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। उक्त सम्पत्ति के अन्य सहखातेदार श्री सहजराम, श्री अवधराम व अमर सिंह अथवा किसी व्यक्ति अथवा संस्था को इस प्रस्तावित विक्रय व बंधक किये जाने के विरुद्ध कोई आपत्ति हो, तो उस आपत्ति के विधिक आधार एवं साक्ष्यों के साथ मुझसे 10 दिन के अन्दर संपर्क कर सकता है। उक्त अवधि में कोई विधिक व पोषणीय आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे मुअक्किल द्वारा उक्त ऋण प्रदान किया जायेगा तथा उक्त सम्पत्ति पर मेरे मुअक्किल का विधिक प्रभार होगा।

(तरूण प्रकाश श्रीवास्तव)
एडवोकेट, मो०- 9335914262
कार्यालयः कक्ष सं0-111, सिटी होटल, 24, बी0एन0 रोड, लालबाग, लखनऊ।

हेतु संदर्भित करने की सूचना / साधारण प्रारूप

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय स्थान मलिहाबाद, जिला-लखनऊ
वाद सं0- T202110460102676 सन् 20
अन्तर्गत धारा-116 रा0सं0 2006
ग्राम-देवरी गजा
परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला- लखनऊ।
तारीख पेशी- 20/01/024
अनुराग सिंह आदि
बनाम
राम नरायन आदि
-प्रतिवादी

1. रामनरायन सिंह पुत्र सरदार सिंह नि0ग्रा-देवरीगजा मलिहाबाद लखनऊ, 2. आनन्द कुमार सिंह पुत्र शिवराज सिंह नि0ग्राम- देवरीगजा, मलिहाबाद, 3. सतीश कुमार सिंह पुत्र शिव राज सिंह, नि0 देवरीगजा, मलिहाबाद, लखनऊ, 4. वीर बहादुर सिंह पुत्र सरदार सिंह, नि0ग्रा- देवरीगजा मलिहाबाद लखनऊ, 5. इन्द्रप्रताप सिंह पुत्र शेर बहादुर सिंह, नि0 नि0ग्रा-देवरीगजा मलिहाबाद लखनऊ, 6. मनीष कुमार सिंह पुत्र शेर बहादुर सिंह नि0 देवरीगजा, मलिहाबाद, लखनऊ, 7. श्रीमती कुशाला देवी पत्नी शेर बादुर सिह, नि0 देवरीगजा, मलिहाबाद, लखनऊ, 8. अजीत सिंह स्व उधम सिंह निवासी पुरवा तहसील मलिहाबाद, 9. श्रीमती जगदेई पत्नी रोहननि0 देवरीगजा, मलिहाबाद, लखनऊ, 10. श्री संजीत कुमार सिंह स्व ऊधम सिह, नि0 पुरवा मलिहाबाद, लखनऊ, 11. श्रीमती आर्पिता पत्नी संजीत कुमार सिंह, नि0 पुरवा मलिहाबाद, 12. श्रीमती पूनम सिह पत्नी इन्द्र प्रताप सिंह नि0 देवरीगजा, मलिहाबाद, लखनऊ,

चूँकि उपरोक्त नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि 116 उ0प्र0 रा0सं0 2006 अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 20/01/2024 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपर्स जाता हूँ और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन का एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक के दिवस को दिखाई गयी।

न्यायालय की महर

सूचना

सूचित हो कि मै **अतुल कुमार पांडे पुत्र राम जागे पांडे, निवासी- उसरैना टनटनवापुर, थाना कौड़ियां जिला गोंडा** मेरा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड इलाहाबाद यूपी का हाई स्कूल वर्ष 2012 व रोल नंबर 2582201 व इंटरमीडिएट वर्ष 2015 1816950 यूपी बोर्ड का अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम प्रियंका (Priyanka) था। जिसे बदलकर मैने अपना नाम प्रियंका कुशवाहा (Priyanka Kushwha) रख लिया है। अब मुझे प्रियंका कुशवाहा के नाम से जाना व पहचाना जाय। **-प्रियंका कुशवाहा पुत्री अनिल कुमार, नि0- मकान नं0 78, उरंग, इटावा**

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने भाईयों मोहम्मद आसिम व मोहम्मद आशिक व उनके परिवार वालो के कार्य व्यवहार व आचरण से व्यथित होकर अपनें समस्त सम्बन्ध समाप्त कर दिये हैं। उनके किसी लेन-देन व कार्य व्यवहार से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना-देना नही है। **मोहम्मद आरिफ पुत्र अब्दुल करीम, निवासी- कस्बा व थाना-रनियां, जिला कानपुर देहात**

सूचना

सूचित हो कि मेरे चार पुत्र और दो पुत्रियां हैं। अतहर, फरहत और शबाना के गलत कार्यो के चलते उन्हें चल- अचल संपत्ति से पूर्व में बेदखल कर दिया था। अब मेरे पुत्र व पुत्रियां मेरी सेवा कर रहे हैं। जिसके चलते मुझे उनसे अब कोई परेशानी नहीं है। मैं पूर्व में किए अपना बेदखल पत्र निरस्त करता हूं। **- हुसैन बक्श पुत्र मुहम्मद बक्श निवासी पठनऊ, राठ (हमीरपुर) उप्र**

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु **आनलाईन (ई - टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली"** निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. (1)** कार्य का नाम : भटनी-छपरा ग्रामीण अनुभाग में आटो हट के प्रावधान से सम्बन्धित सिविल कार्य (25 अदद)।, ई-निविदा सूचना सं०: एनईआर-बीएसबी-2023-215, अनुमानित लागत (₹) : 6,07,20,993/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹) : 4,53,600/-, निविदा बन्द होने की तिथि : 14.02.2024, स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह। **क्र.सं. (2)** कार्य का नाम : सिसेइं/पी०वे०/ पूर्व/सिवान कार्यक्षेत्र के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत ट्रैक आधारित गेज फेस रेल ल्यूब्रिकेटर की आपूर्ति, स्थापना कमीशनिंग और प्रचलन (5 वर्ष के लिए) का कार्य (15 अदद)।, ई-निविदा सूचना सं०: एनईआर- बीएसबी-2023-216, अनुमानित लागत (₹) : 1,99,80,000/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹) : 2,49,900/-, निविदा बन्द होने की तिथि : 14.02.2024, स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 60 माह। ● निविदा सूचना संख्या एनईआर- बीएसबी-2023-215 से एनईआर- बीएसबी-2023-216 दिनांक 14.02.2024 को 14.30 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। ● यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना मे अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी०), वाराणसी
मुजाधि/डब्ल्यू- 512

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

एक नजर

पिकनिक स्पॉट रोड पर अवैध निर्माण सील

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने इंदिरा नगर के फरीदी नगर में एक अवैध निर्माण को सील कर दिया। प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी संजय जिंदल ने बताया कि अविनाश सिंह, मुन्नू और अन्य फरीदी नगर में पिकनिक स्पॉट रोड पर लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से बेसमेंट और भूतल आदि का निर्माण करा रहे थे। इसके विरुद्ध प्राधिकरण पहले भी कार्यवाही कर चुका है। विहित न्यायालय ने इस स्थल को पुन: सील करने के आदेश पारित किए थे। इसके अनुपालन में शुक्रवार को सहायक अभियंता एनएन चौबे, संजय मिश्रा व अवर अभियंता सुभाष शर्मा ने पुलिस बल के सहयोग से अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

फैजुल्लागंज में खुलेगा 50 बेड का संयुक्त अस्पताल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : जल्द ही राजधानी के फैजुल्लागंज में 50 बेड का संयुक्त चिकित्सालय खुलेगा। नए अस्पताल में मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों को इलाज मिलेगा। इसके लिए शुक्रवार को शासन ने अस्पताल भवन निर्माण के लिए पांच करोड़ 73 लाख रुपये का बजट भी जारी कर दिया है। उप्र, शासन के अनु सचिव पीयूष कुमार द्वारा महानिदेशक को भेजे आदेश में स्पष्ट किया गया है कि फैजुल्लागंज क्षेत्र अंतर्गत पुराना दाऊदनगर में प्रस्तावित 50 बिस्तर का संयुक्त चिकित्सालय को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए समाज कल्याण निर्माण निगम लि. बतौर निर्माण एजेंसी नियुक्त किया गया है।

रोजगार दिवस 23 को

अमृत विचार, लखनऊ : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 23 जनवरी को रोजगार दिवस का आयोजन होगा। संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि 23 जनवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की अलीगंज शाखा में रोजगार दिवस का आयोजन किया जाना है। जिसमें 24 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। ट्रेनिंग काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट ऑफीसर एमए खां ने बताया कि रोजगार दिवस में 24 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। जिसमें 1953 रिक्तियां है। जिन्होंने हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक पास अथवा कौशल विकास से प्रशिक्षण प्राप्त किया हो तथा जिसकी आयु सीमा 18 से 35 वर्ष हो, वे ही रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

स्मार्ट बिजली मीटर के लिए एमटीसीटीई प्रमाणन जरूरी

सुरक्षा मानकों को लेकर पावर कॉरपोरेशन ने जारी किए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर स्मार्ट बिजली मीटर लगाने के पहले इन मीटरों का एमटीसीटीई प्रमाणन मैंडेटरी टेस्टिंग एंड सर्टिफिकेशन ऑफ टेलीकॉम इक्युपमेंट (एमटीसीटीई) जरूरी कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने सुरक्षा मानकों का पालन कराने के लिए सभी वितरण बिजली कंपनियों को निर्देश जारी किया है।

कॉरपोरेशन ने केंद्र सरकार के आदेश के क्रम में यह निर्देश जारी किया है। इसके तहत बिजली उपभोक्ताओं के घरों में लगने वाले सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को अब अनिवार्य रूप से उसमें लगने वाले टेलीकॉम उपकरण मॉडम आईओटी गेटवे ट्रैकिंग डिवाइस राउटर लाइन स्विच और फाइबर केबल की 1 जनवरी 2024 से 1 अप्रैल 2024 बीच बिना टेलीकॉम उपकरणों की टेस्टिंग कराए उसे उपभोक्ताओं के घर में नहीं लगाया जा सकेगा। पावर कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य अमित श्रीवास्तव की ओर से बिजली कंपनियों को जारी निर्देश में केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय व केंद्रीय टेलीकॉम सचिव की तरफ से जारी निर्देश का हवाला दिया गया है। कहा गया है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उससे निकलने वाली रेडियो फ्रीक्वेंसी उत्सर्जन यानी तरंगों से आम जनता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव तो नहीं पड़ रहा है।

▸▸ उपभोक्ताओं के घर नहीं लगाए जाएंगे बिना टेस्टिंग वाले मीटर

मीटर के अंदर नहीं लग सकेंगे घटिया उपकरण: उपभोक्ता परिषद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बड़े पैमाने पर स्मार्ट मीटर कंपनियां घटिया क्वालिटी के मीटर बना रही हैं। इसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ता है। अब जब सभी मीटर निर्माता कंपनियों को अपने टेलीकॉम प्रोडक्ट की जांच करानी पड़ेगी। इससे स्मार्ट मीटर निर्माता कंपनियां मीटर के अंदर लगने वाली चिप और मॉडेम घटिया क्वालिटी की नहीं लगा सकेंगी।

निदेशक पद के लिए साक्षात्कार 10 फरवरी को

अमृत विचार, लखनऊ: लोहिया संस्थान में अब निदेशक पद का साक्षात्कार 10 फरवरी को आयोजित होगा। पहले साक्षात्कार के लिए चार फरवरी तारीख निर्धारित की गई है। इसकी जानकारी आवेदन करने वाले डॉक्टरों को दे दी गई है। संस्थान में निदेशक पद करीब पांच महीने से खाली है। संस्थान की ओर से आवेदन मांगे जाने पर देश भर से करीब 48 डॉक्टरों ने आवेदन किया है। स्क्रीनिंग में करीब सात आवेदन को निरस्त कर दिया गया। 41 आवेदन को चार फरवरी को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था। शुक्रवार को अचानक साक्षात्कार टाल दिया गया। उप सचिव एसपी सिंह की तरफ से चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक को आदेश भेज दिया गया है। महानिदेशालय की तरफ से फोन पर सभी आवेदन करने वाले डॉक्टरों को साक्षात्कार की अगली तारीख बता दी गई है। साक्षात्कार की नई तारीख के संबंध में ई-मेल भी भेजा गया है। वहीं चयन कमेटी को भी जानकारी भेज दी गई है।

केजीएमयू में हुई खिलाड़ी के कंधे की आर्थ्रोस्कॉपी बैंकार्ट सर्जरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : स्पैनिश फुटबॉल लीग में खेलने वाले भारतीय खिलाड़ी की केजीएमयू के डॉक्टरों ने सफल सर्जरी करने में कामयाबी हासिल की है। डॉक्टरों ने खिलाड़ी के कंधे की आर्थ्रोस्कॉपी बैंकार्ट सर्जरी की है। डॉक्टरों का कहना कि ऑपरेशन के बाद खिलाड़ी की तबीयत ठीक है। कंधे का मूवमेंट भी ठीक है।

केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि स्पैनिश फुटबॉल लीग में खेलते समय गोलकीपर यश खान का दाहिना कंधा दो बार उखड़ गया था। डॉक्टरों ने तुरंत कंधे की सर्जरी कराने की सलाह दी। यश ने केजीएमयू के स्पोर्टस मेडिसिन विभाग में इलाज कराने का फैसला किया। विभाग के डॉ. अभिषेक सैनी की देख-रेख में यश को भर्ती किया गया। जरूरी जांच के बाद आर्थ्रोस्कोपी बैंकार्ट सर्जरी करने का फैसला किया। डॉ. अभिषेक ने आर्थ्रोस्कोपिक बैंकार्ट रिपेयर ए-की होल एडवांस सर्जरी की। एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. विनोद श्रीवास्तव ने सहयोग किया।

ऑपरेशन सफल रहा। डॉ. अभिषेक ने बताया कि फुटबॉल, कुश्ती, कबड्डी के खिलाड़ियों को अधिक संजीदा रहने की जरूरत है। इसमें चोट लगने की आशंका अधिक रहती है। समय पर इलाज से मरीज ठीक हो सकता है। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने सफल सर्जरी के लिए स्पोर्ट्स मेडिसिन व इंजरी विभाग की टीम को बधाई दी है।

डॉ. अभिषेक के साथ खिलाड़ी यश खान।

▸▸ स्पैनिश फुटबॉल लीग में खेलते समय उखड़ गया था यश खान का दाहिना कंधा

22 को पीजीआई की ओपीडी में नहीं देखे जाएंगे नए मरीज

अमृत विचार, लखनऊ : 22 जनवरी को एसजीपीजीआई की ओपीडी में नए पंजीकरण नहीं हो सकेंगे। पहले से पंजीकृत मरीज ही देखे जाएंगे। साथ ही इमरजेंसी सेवाएं पहले की तरह संचालित होती रहेंगी। संस्थान प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित होने की वजह से यह फैसला किया गया है। इसलिए सोमवार को ओपीडी में नए पंजीकरण नहीं होंगे। जिन पुराने रोगियों को ओपीडी परामर्श के लिए पहले से ही तारीख दी गई है उनको देखा जाएगा। ओपीडी सैंपल कलेक्शन नहीं होगा, लेकिन जिन रोगियों की विभिन्न विभागों में जांचों की तारीख हैं, उनकी जांचें भी होंगी।

24 से 28 तक राजधानी में लगेगी धर्म संसद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: गोमती तट स्थित लक्ष्मण मेला मैदान में आगामी 24 से 28 जनवरी तक धर्म संसद का आयोजन किया जाएगा। श्रीराम सनातन महोत्सव के नाम से आयोजित इस आयोजन से पूर्व 21 जनवरी को एक विशाल रथयात्रा निकाली जाएगी। धर्म संसद के सन्दर्भ में संयोजक डॉ. प्रवीण ने बताया कि बद्रिकाश्रम के शंकराचार्य, कामदगिरि पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य, अंतरराष्ट्रीय कथावाचक तथा सनातन धर्म के पुरोधा ठाकुर देवकीनंदन के अलावा अयोध्या, काशी, हरिद्वार, मथुरा, वृंदावन, नैमिषारण्य, चित्रकूट और अन्य प्रांतों के संत-महंत उपस्थित रहेंगे।

धर्म संसद के प्रभारी देवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि रामलला के अपने नवनिर्मित भवन में प्रवेश करने के अवसर पर लक्ष्मण मेला मैदान में धर्म संसद का आयोजन किया जा रहा है। सनातन महोत्सव में सभी के लिए स्वास्थ्य मेला, रोजगार मेला, जनसमाधान शिविर, खादी ग्रामोद्योग, आयुष विभाग और बैंक आदि के स्टाल लगेंगे। स्वास्थ्य मेला में देहदान, अंगदान, रक्तदान, जांच शिविर, कैंसर, हृदय, शुगर, न्यूरो और मानसिक रोग आदि के डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। पीठाधीश्वर अध्यक्ष आनन्द महाराज ने बताया कि धर्म संसद में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री, राघवाचार्य, रसिक पीठाधीश्वर जन्मेजा शरण, बड़ा स्थान जानकी घाट, अयोध्या आदि के साधु- सन्तों को भी आमंत्रित किया गया है। सह संयोजक रामकिशोर शुक्ल व शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, महिला व बाल पुष्टाहार मंत्री डॉ. प्रतिभा शुक्ला, पंकज सिंह, मुकेश शर्मा, आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल आदि को भी आमंत्रित किया गया है।

प्रेस वार्ता में जानकारी देते स्वामी आनन्द नारायण, साथ में डॉ. प्रवीण, अजय कुमार मुन्ना, देवेन्द्र शुक्ल व अन्य।

कांग्रेस नेता इरशाद अली की पुण्यतिथि मनाई गई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ की ओर से शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रमिक नेता रहे स्वर्गीय इरशाद अली की पुण्यतिथि मनाई गई। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष व प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने इरशाद अली के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही, गरीबों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम में श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेंद्र त्रिपाठी, विजय चंचल, जाकिर अब्बास, आरपी त्रिपाठी, अरविंद कुमार, मोहम्मद यूनुस, शहनाज, जीएस जायसवाल, रिजवाना आदि शामिल हुए।

किसानों ने 50 रुपये किलो वाले आम मास्को में 1000 में बेचे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: आम किसानों का उदाहरण देकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गन्ना किसानों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ उनके साथ खड़ी है। योगी के मुताबिक, बीते साल हमने आम के चार किसानों को मास्को भेजा था। यहां पर जो आम 40 से 50 रुपये किलो बिक रहा था, वहीं मास्को बाजार में पहुंचा तो 800 से लेकर 1000 प्रति किलो में बिका। इससे अन्नदाताओं की आय में बढ़ोतरी हो रही है और वह समृद्ध हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर गन्ना किसान संवाद कार्यक्रम में कहा कि सरकार ने अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले गन्ना किसानों को एसएपी में बढ़ोतरी का उपहार दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमारी सरकार आई तो गन्ना किसानों को गन्ने का समर्थन मूल्य 315 रुपये प्रति कुंतल दिया जाता था, लेकिन वह पैसा भी उनको नहीं मिल पाता था। इस पर हमने काम शुरू किया और आज 120 चीनी मिलों में 105 चीनी मिलें 10 दिन के अंदर गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही हैं।

▸▸ आम किसानों का उदाहरण देकर गन्ना किसानों का बढ़ाया उत्साह

▸▸ गन्ना किसान संवाद कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने रखे विचार

बलरामपुर अस्पताल के वार्ड में भर्ती मरीज। अमृत विचार

लावारिस मरीजों को पहनाए जाएंगे गर्म कपड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बलरामपुर अस्पताल प्रशासन ने कराई व्यवस्था, दिन में तीन बार होगी वार्ड की सफाई

अमृत विचार : बलरामपुर अस्पताल के लावारिस मरीजों के वार्ड में अब दुर्गंध नहीं आएगी। उनकी देखभाल सामान्य मरीजों से अधिक की जाएगी। ओढ़ने के लिए कंबल पर्याप्त न होने पर उन्हें जैकेट व अन्य गर्म कपड़े मिलेंगे। साथ ही दिन में तीन बार फिनायल से वार्ड को चमकाया जाएगा। गद्दे भी हर रोज बदले जाएंगे। शुक्रवार को वार्ड के निरीक्षण के दौरान अस्पताल के निदेशक डॉ. एके सिंह ने ये निर्देश जारी किए हैं।

शहर के सरकारी अस्पतालों में बने लावारिस वार्ड में भर्ती मरीजों के साथ कोई तीमारदार न होने से यह गंदे रहते हैं। वार्ड की ठीक ढंग से सफाई तक नहीं होती। ऐसे में डॉक्टर भी वार्ड में जाने से परहेज करते हैं। मरीजों का स्टॉफ से हाल लेकर फाइल पर दवाएं लिखकर निकल जाते थे। शुक्रवार को बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. एके सिंह अस्पताल की न्यू बिल्डिंग के पहले तल पर बने लावारिस वार्ड का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां पर 11 मरीज भर्ती हैं। वहां पर गंदगी मिलने पर स्टॉफ को फटकार लगाई। आनन-फानन में सफाई कर्मियों को बुलाकर पूरे वार्ड की सफाई कराई। सफाई एजेंसी को निर्देश दिए कि हर दिन यहां पर तीन बार सफाई होनी चाहिए। वहीं स्टॉफ नर्स को हिदायत दिया कि इन मरीजों के इलाज व देखभाल में किसी तरह की लापरवाही न होने पाए। वहीं निदेशक ने तत्काल लावारिस मरीजों के लिए जैकेट व गर्म कपड़े मंगवाकर उन्हें दिए।

नोएडा एयरपोर्ट की एयरलाइन पार्टनर होगी अकासा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ रणनीतिक करार के तहत अकासा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान के लिए एयरपोर्ट पर तैनात करेगी विमान

▸▸ पहले चरण में एयरपोर्ट पर सालाना 12 मिलियन यात्रियों को संभालने की होगी क्षमता

अमृत विचार: प्रदेश को देश की एयर कनेक्टिविटी का मुख्य केंद्र बनाने के मुख्यमंत्री योगी के विजन को बल मिला है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) ने शुक्रवार को अकासा एयर को अपना एयरलाइन पार्टनर बनाया है। दोनों के बीच हुए रणनीतिक करार के तहत क्षेत्र में बढ़ती हवाई यात्रा की मांग को पूरा करने के लिए अकासा एयर, नोएडा से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करने के लिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमान तैनात करेगी।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा कि हम अपने एयरलाइन पार्टनर के रूप में अकासा एयर का स्वागत करते हुए उत्साहित हैं, जो हवाई अड्डे के उद्घाटन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह साझेदारी दिल्ली एनसीआर क्षेत्र और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करती है। हम देश भर के प्रमुख महानगरों के साथ-साथ टियर 2 और 3 शहरों को जोड़ने वाला एक व्यापक हवाई नेटवर्क स्थापित करने के हमारे मिशन में उनके साथ जुड़कर रोमांचित हैं। वहीं, अकासा एयर के फाउंडर और सीईओ विनय दुबे ने कहा कि हमें विश्वास है कि यह तालमेल हमें उत्तर प्रदेश से कनेक्टिविटी को और मजबूत करने और देश भर में यात्रियों को एक निर्बाध यात्रा अनुभव प्रदान करने में सक्षम करेगा।

बलरामपुर अस्पताल में रक्तदान करते हुए छात्र। अमृत विचार

बलरामपुर अस्पताल में 60 छात्रों ने किया रक्तदान

अमृत विचार, लखनऊ : ऑल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम संस्था की ओर से शुक्रवार को बलरामपुर अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाया गया। संस्था के जिला कॉर्डिनेटर शफीक चौधरी ने बताया कि शिविर में दारुल उलूम नदवतुल उलमा के 60 छात्रों ने रक्तदान किया। इस मौके पर अस्पताल के निदेशक डॉ. एके सिंह बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे।

कोनेश्वर मंदिर में साफ-सफाई करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व अन्य। अमृत विचार

कोनेश्वर मंदिर में भूपेंद्र चौधरी ने की सफाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: देव स्थानों को स्वच्छ और निर्मल बनाने के उद्देश्य से कोनेश्वर मंदिर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने साफ-सफाई की।

प्रदेश अध्यक्ष चौधरी ने कहा कि भाजपा ने संकल्प लिया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पार्टी के सभी कार्यकर्ता 22 जनवरी तक मठ और मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाएंगे। पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता इस अभियान से जुड़कर प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करेंगे। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, मेयर सुषमा खर्कवाल, प्रदेश महामंत्री संजय राय, प्रदेश उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष बृज बहादुर, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लखनऊ जिला प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी, नगर उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

गन्ना संस्थान की दीवार पर बनाया कमल का फूल

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा वॉल पेंटिंग अभियान चला रही है। शुक्रवार को मध्य विधानसभा मंडल 1 बूथ संख्या 281 पोलिंग स्टेशन (गन्ना संस्थान) पर दीवार लेखन अभियान के तहत वित्तमंत्री सुरेश खन्ना और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पार्टी का चिह्न कमल का फूल बनाकर अभियान को आगे बढ़ाया। इस दौरान महानगर महामंत्री रामवतार कन्नौजिया, नगर मंत्री योगेंद्र पटेल, मंडल अध्यक्ष आनंद पांडे आदि मौजूद रहे।

पहल कभी भिक्षु रहे बच्चे अब गणतंत्र दिवस पर प्रस्तुत करेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

लोगों के सामने हाथ फैलाने की बजाए अब लहराएंगे तिरंगा

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार : कभी लोगों के सामने हाथ फैलाने वाले अब तिरंगा लहराएंगे। गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते नजर आएंगे। जो कभी चौराहों पर लोगों की गाड़ियों को साफ करते दिखाई देते थे अब वही बच्चे हजारों लोगों के सामने अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

गणतंत्र दिवस के मौके पर बाल भिक्षु रहे 61 बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे और 17 बच्चे राज्यपाल परेड में भी शामिल होंगे। इसी क्रम में इन बच्चों का पूर्वाभ्यास पुलिस लाइन में चल रहा है।

इन बच्चों की जिंदगी 2021 से बदल गई। ट्रैफिक सिग्नल पर दिखने वाले ये बच्चे अब स्कूलों में पढ़ाई करते दिखते हैं और दूसरे बच्चों की तरह ही मेहनत और लगन से भविष्य में एक योग्य व्यक्ति बनना चाहते हैं।

बक्शी का तालाब, चिनहट और मोहनलालगंज से सटे इलाकों में रह रहे 500 से अधिक बच्चों को भिक्षावृत्ति से बाहर लाया गया है। अथक प्रयासों के द्वारा इन बच्चों को विद्यालयों से जोड़ा गया है। ज्यादातर भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चे नट समुदाय के हैं जिनका कनेक्शन राजस्थान से भी है।

पुलिस लाइन में हाथों में तिरंगा लेकर गणतंत्र दिवस पर प्रस्तुति का पूर्वाभ्यास करते बच्चे। अमृत विचार

▸▸ 17 बच्चे शामिल होंगे राज्यपाल परेड में, 2021 से बदल गई थी जिंदगी

▸▸ अब तक 500 से ज्यादा बच्चों की जिंदगी बदल चुका है उम्मीद एनजीओ

स्माइल योजना 10 शहरों में चल रही

केंद्र सरकार द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की स्माइल योजना देश के 10 शहरों दिल्ली, बंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद, इंदौर, मुंबई, नागपुर, पटना, अहमदाबाद और लखनऊ में चल रही है। जिसके तहत भिक्षावृत्ति में लगे लोगों के लिए पुनर्वास सुनिश्चित किया जाता है। उम्मीद एनजीओ के प्रोजेक्ट हेड प्रताप विक्रम सिंह बताते हैं कि 2021 से इन बच्चों को संरक्षण देना शुरू किया गया था। करीब पांच हजार से अधिक बच्चे अभी भी शहर की सड़कों पर भिक्षावृत्ति में लगे हुए हैं। एनजीओ का मकसद है कि ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। भविष्य में ये बच्चे जब सफल होंगे तो उनकी आने वाली पीढ़ी भी समृद्ध होंगी। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत 98 बच्चों को 2500 रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जा रही है।

बिना पंजीकरण चल रहे अस्पताल पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ खदरा में निजी अस्पताल पर कार्रवाई करने से पीछे हट रहा स्वास्थ्य विभाग

अमृत विचार : खदरा स्थित एक निजी अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दो बार छापा मारा। अस्पताल बिना पंजीकरण के संचालित होता पाया गया। साथ ही अन्य भी मानक पूरे नहीं थे।

सबसे बड़ी बात यह है कि टीम को अस्पताल में केजीएमयू का एक छात्र इलाज करते मिला था। इसके बाद भी जिम्मेदारों ने अस्पताल को सिर्फ नोटिस देकर खानापूर्ति कर ली। अस्पताल का पंजीकरण कराने की कवायद शुरू कर दी गई है। सीएमओ के अधीन करीब 1800 निजी अस्पताल- क्लीनिक व लैब का संचालन हो रहा है। इसके बाद भी कई अस्पताल बिना पंजीकरण चल रहे हैं। इन पर विभाग कार्रवाई करने के बजाए संरक्षण दे रहा है। शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार-गुरुवार को खदरा स्थित एमजे हॉस्पिटल पर छापा मारा था। इस दौरान वहां पर तीन मरीज भर्ती मिले थे। जांच के दौरान संचालक अस्पताल का पंजीकरण नहीं दिखा पाया। गुरुवार को जांच के दौरान टीम को वहां पर तीन मरीज भर्ती मिले। मरीजों का इलाज करते केजीएमयू का एक छात्र मिला था। वहीं, सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल का कहना है कि बिना पंजीकरण अस्पताल का संचालन गलत है। मामले में कार्रवाई होगी।

एक नजर

झांसे में लेकर वृद्धा से उतरवाए सोने के कंगन

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई थाना अंतर्गत उपहार एडिल्को उद्यान-2 निवासी राम दुलारी गुप्ता (72) गुरुवार शाम 4 बजे घर से सब्जी लेने निकलीं थी। रास्ते में झील के समीप तीन युवक उनके हाथों से सोने के दोनों कंगन उतरवा कर फरार हो गये। घर पहुंचकर उन्होंने आपबीती परिजन को सुनायी। उनके पुत्र कुंवर विशाल ने थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता से पूछताछ में पता चला कि दो आरोपी 22 से 25 वर्ष और एक करीब 45 वर्ष का था।

देवर ने की दुष्कर्म की कोशिश, प्राथमिकी दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के मुताबिक, पीड़िता का निकाह वर्ष 2023 में मोहम्मद शरिफ से हुआ था। आरोप है कि गत जून 2023 को देवर मुन्ना और उल्फत ने उसे अकेला पाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला दंपति के आपसी विवाद से जुड़ा है। फिलहाल, तहरीर के आधार पर महिला के पति समेत सात पारिवारिक सदस्यों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

चोरों ने कई घरों से सामान किया पार

अमृत विचार, लखनऊ : रहीमाबाद थानाक्षेत्र अन्तर्गत सरैंया गांव में चोरों ने एक वृद्धा के कमरे का ताला तोड़ बक्से में रखी ज्वैलरी और नकदी पार कर दी। जिसके बाद परिजनों ने सम्बन्धित थाने में लिखित शिकायत देते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं, निगोहां क्षेत्र में चोरी का सामान बेचने जा रहे दो शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं दुबग्गा निवासी विवेक के मुताबिक, गत 17 जनवरी की रात चोरों ने घर से जेवरात सहित हजारों की नकदी पार कर दी।

कमरे में लगाई आग फिर फंदा लगा महिला ने दी जान

घरेलू बातों को लेकर सुबह पति से हुआ था विवाद, बीकेटी थाना अंतर्गत पल्हारी गांव का मामला

लखनऊ/बख्शी का तालाब

अमृत विचार : पति से विवाद के बाद रोते बिलखते बच्चों की मनुहार के बाद भी महिला ने कमरे में आग लगाने के बाद फंदा लगा लिया। पुलिस और दमकल कर्मियों ने दरवाजा तोड़ महिला को फंदा से उतार कर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सैरपुर थाना अंतर्गत पल्हारी निवासी सीमा यादव (32) का शुक्रवार सुबह घरेलू मामलों को लेकर पति कपिल यादव से काफी विवाद हुआ था। इसके बाद कपिल भैसामऊ स्थित अपनी कास्मेटिक की दुकान पर चला गया। करीब 2 बजे सीमा ने दोनों बच्चों को कमरे से निकालने के बाद दरवाजा बंद कर अंदर से कुंडी लगा कमरे में आग लगा ली। धुंआ उठता देख बच्चों की चीख पुकार सुन पहुंचे पड़ोसियों ने पुलिस व दमकल को सूचना दी। तब तक सीमा ने पंखे से फंदा लगा लिया। मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल ने दरवाजा तोड़ आग पर काबू कर फंदा से उतार सीमा को अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सीमा को सुबह ही समझा कर गए थे माता-पिता

सुबह पति दीपक से विवाद की सूचना पर पिता मिश्री लाल यादव निवासी मलाक अस्ती रोड थाना बीकेटी व उसकी मां पल्हारी आये थे। उन्होंने सीमा, उसके पति व ससुरालवालों को काफी समझाया था। दोपहर करीब 12 बजे दोनों चले गये थे। उनके जाने के दो घंटे बाद घटना हो गयी।

अंतिम बार बच्चों को जी भरकर किया दुलार

पति कपिल से विवाद के बाद सीमा काफी आहत थी। आत्मघाती कदम उठाने से पहले दोनों बच्चों यश 9 वर्ष और अदिति 7 वर्ष के संग सीमा कमरे में थी। बच्चों को कमरे से बाहर निकालने से पहले अंतिम बार उसने दोनों बच्चों को लिपटा कर भरपूर दुलार किया। इसके बाद बच्चों को जबरन कमरे से निकाल दिया।

आग से नहीं हुआ नुकसान फंदे से गई जान

आग से कमरे से काफी धुआं भर गया था। आग से महिला को नुकसान नहीं पहुंचा था। कमरे में रखे कुछ कपड़े जले थे। इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि मई 2013 में सीमा की कपिल से शादी हुई थी। दोनों के बीच पारिवारिक विवाद हुआ था। प्राथमिक जांच में आत्महत्या की बात सामने आई है। मायके वालों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है।

हादसे में युवक की मौत, शव के ऊपर से गुजर गए कई वाहन

लखनऊ/ सरोजनीनगर

- क्षत-विक्षत हो गया शव, पुलिस पर देरी से पहुंचने का आरोप
- बंथरा थाना क्षेत्र में हुई घटना उन्नाव निवासी था युवक

अमृत विचार : बंथरा इलाके के आजाद बिहार के समीप गुरुवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। लगभग दो घंटे शव अंधेरे में सड़क किनारे पड़ा होने से कई वाहन ऊपर से गुजर गये। इससे शव क्षत-विक्षत हो गया। आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया। मृतक की पहचान कोतवाली उन्नाव के नौरंगाबाद निवासी अनुज (20) के तौर पर हुई। शुक्रवार को पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

पिता सुरेश रावत ने बताया अनुज ने बी फार्मा किया था। इसके बाद निजी पैथोलॉजी में प्रैक्टिस कर रहा था। गुरुवार को अनुज लखनऊ स्थित पैथोलॉजी में जांच रिपोर्ट जमा करने आया था। करीब 10.30 बजे परिवार को कॉल कर घर आने की जानकारी दी थी। इसके बाद हादसे में मौत होने की जानकारी हुयी। पिता के अनुसार उन्हें बताया गया कि बंथरा थाना क्षेत्र स्थित आजाद बिहार कॉलोनी के समीप तेज रफ्तार वाहन ने अनुज को कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची बंथरा पुलिस ने आगे की कार्रवाई की। इंस्पेक्टर ने बताया परिजन की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। अनुज के परिवार में पिता सुरेश, मां राजेश्वरी देवी व एक भाई हैं।

सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस

बंथरा इंस्पेक्टर हेमंत कुमार राघव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच शव कब्जे में ले लिया था। शव क्षत-विक्षत हो चुका था। घटना स्थल पर सूचना के बाद भी पुलिस के देरी से पहुंचने का आरोप निराधार है।

अंधेरा होने के कारण शव के ऊपर से गुजरते रहे वाहन

हादसे में मौत के बाद अनुज का शव सड़क किनारे पड़ा रहा। शव अंधेरे में होने से ऊपर कई चालक वाहन निकालते रहे। किसी ने कुछ जानने की कोशिश नहीं की। इससे शव क्षत-विक्षत होने से पहचान करने में दिक्कत हुई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवक की जेब से मिले आइडी कार्ड से उसकी पहचान की। कुछ राहगीर पुलिस के चक्कर में पड़ने से बचने के लिये सूचना देने से कतरा कर चलते बने। हादसे में जिस तरह शव सड़क पर पड़ा रहने से क्षत-विक्षत हो गया। वहां से निकलने वालों की मानवता तार तार नजर आयी और संवेदनहीनता सामने आयी।

नवविवाहिता की मौत पर पति समेत तीन गिरफ्तार

अमृत विचार, ठाकुरगंज : ठाकुरगंज थानाक्षेत्र अन्तर्गत फरीदीपुर में नवविवाहिता रेनुका (20) का शव घर में फंदे से लटका मिला। मायके वालों ने ससुराल पक्ष वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की है। इस मामले में पुलिस ने मृतका के पति समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मूलरूप से हरदोई जनपद के अतरौली निवासी गोपाल ने अप्रैल 2023 में बेटी रेनुका की शादी ठाकुरगंज के फरीदीपुर निवासी विशाल के साथ की थी। गुरुवार देर शाम ससुराल पक्ष की तरफ उन्हें जानकारी मिली कि बेटी ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के मुताबिक, पिता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर पति विशाल समेत सास-ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सार-संक्षेप

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य आयोजन

अमृत विचार, निगोहां : क्षेत्र के ग्राम नन्दौली में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अमरेश कुमार रावत और निगोहा मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेयी उपस्थित रहे। सभी मुख्य अतिथियों का प्रधान रीना सिंह ने पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र से सम्मानित किया। ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा बेलहिया खेड़ा धर्मावत खेड़ा नगराम के छतौनी में भी पहुंची जहां उपस्थित लोगों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक अमरेश कुमार रावत के साथ निगोहा मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेयी, एडीओ पंचायत अशोक कुमार, ग्राम प्रधान रीना सिंह, निगोहां प्रधान अभयकांत दीक्षित, नटौली प्रधान नीरज सिंह, पंचायत सहायक वर्तिका सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

दीवार लेखन के दौरान भाजपा नेता शिव भूषण सिंह व विनय प्रताप सिंह। अमृत विचार

दीवार लेखन अभियान में बनाया कमल का फूल

अमृत विचार, काकोरी : भाजपा द्वारा चलाए जा रहे दीवार लेखन अभियान के तहत शुक्रवार को प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह व जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने काकोरी मंडल के बूथ संख्या 337 व 340 में कई दीवारों पर कमल का फूल बनाया और एक बार फिर से मोदी सरकार के स्लोगन लिखे। इस अवसर पर शिव भूषण सिंह ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार व उत्तर प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में चल रही सरकारों ने देश व प्रदेश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है। जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की पुन: सरकार बनेगी। इस अवसर पर उनके साथ जिला महामंत्री विजय मौर्य, जिला आई टी प्रमुख विवेक सिंह, मंडल अध्यक्ष काकोरी रविराज लोधी, चेयरमैन काकोरी रोहित साहू, मनीष गुप्ता, शिव हरि द्विवेदी सहित कई कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ब्लॉक कार्यालय में क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में हंगामा

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर ब्लॉक कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित हुई क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक काफी हंगामेदार रही। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने ब्लॉक प्रमुख पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। उन्होंने इस बैठक का विरोध भी किया। एक बीडीसी सदस्य ने आरोप लगाया कि ब्लॉक प्रमुख सुनील रावत और खंड विकास अधिकारी नीति श्रीवास्तव के नेतृत्व में पूर्व में हुए विकास कार्यों में जमकर धांधली की गई है। इस मामले की जांच भी चल रही है। मामले में ब्लॉक प्रमुख और बीडीओ दोनों ही आरोपी हैं। उसने ब्लॉक प्रमुख सुनील रावत पर आरोप लगाया कि बाहर से गुंडे बुलवाकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पिटवाया जाता है, धमकी दिलाई जाती है। उसने आरोप लगाया कि वर्तमान बजट में घोटाला करने के चक्कर में ही ब्लॉक प्रमुख और बीडीओ बैठक करवाना चाहते हैं।

कोई भी वादा भाजपा ने नहीं किया पूरा : सीएल वर्मा

अमृत विचार, काकोरी : मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में काकोरी के घुरघरी का तालाब मोहान रोड लोधी मार्केट पर 5 जोनल के 45 बूथ कमेटियों की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मोहनलालगंज से निवर्तमान लोकसभा सांसद प्रत्याशी सीएल वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता से जो वादे किये थे वह सभी झूठे निकले। जनता से किया हुआ कोई भी वादा भाजपा सरकार ने पूरा नहीं किया है। सीएल वर्मा ने कहा कि सेक्टर व बूथ को मजबूत बनाने के लिए संगठन के सभी पदाधिकारियों को बूथ स्तर तक घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और समाजवादी पार्टी की सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताना है। बताकर पार्टी के पक्ष में वोट दिलाने का कार्य करें।

बिना जुर्माना भरे उठा ले गए टैंकर, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज कोतवाली में एक मामला दर्ज किया गया है। सचल दल तृतीय इकाई के सहायक आयुक्त राज्य कर संजय सरोज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया 10 जनवरी की रात विभाग ने बिटमिन लदे टैंकर को रोका था। इसमें आजमगढ़ निवासी वाहन चालक दिनेश कुमार इनवाइस व ईवेबिल नहीं दिखा सके। टैंकर को सीज कर नैमिषारण्य वीवीआईपी गेस्ट हाउस के सामने खड़ा कर इसके मालिक को सूचना दी गई थी। आरोप है 12 जनवरी को वाहन मालिक मथुरा के गिरिराज वाटिका निवासी मनीष कुमार अर्थदंड भरे बिना चालक दिनेश से टैंकर उठवा ले गये। इंस्पेक्टर ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

डांस के दौरान नशे में धुत बराती भिड़े, चलीं लाठियां

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर विस्तार थाना अंतर्गत मलेशेमऊ निवासी रामसरन ने बताया 17 जनवरी को उनकी नातिन की बरात आयी थी। बरातियों के मनोरंजन के लिये डीजे की व्यवस्था की गयी थी। जयमाल का कार्यक्रम चल रहा था। डीजे पर नशे में धुत बराती डांस कर रहे थे। जो बार बार डीजे बजाने वाले से गाना बदलने को बोल रहे थे। इसी दौरान मन पसंद गाना बजाने को लेकर डांस कर रहे बरातियों में विवाद और मारपीट शुरू हो गयी। दोनों पक्ष लाठियां चटकाने लगे। मामले की जानकारी पर दुल्हन पक्ष के लोगों ने बीच बचाव का प्रयास किया तो उन्हें भी पीटा। हंगामा करते हुये टेंट, स्पीकर और गाड़ियों में तोड़ फोड़ कर खाना भी फेंक दिया। मारपीट में कई लोग घायल हो गये। रामसरन ने थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया अंकित, अश्वनी, आदेश, अनुराग और आशू रावत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

बिजली विभाग ने बिना परमिट के काट डाले आधा दर्जन नीम और जामुन के पेड़

संवाददाता, सरोजनीनगर

ग्राउंड रिपोर्ट

- बिजनौर थाना क्षेत्र के मुलाई खेड़ा का मामला

अमृत विचार : विद्युत विभाग ने सरोजनीनगर में एक प्रॉपर्टी डीलर को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने के लिए गुरुवार रात बिना परमिशन के करीब आधा दर्जन नीम और जामुन के पेड़ों पर आरा चला दिया। वन विभाग के अधिकारी अब विद्युत विभाग के खिलाफ नोटिस जारी करने की बात कह रहे हैं।

बिजनौर थाना क्षेत्र में मुल्लाही खेड़ा के पास बिजनौर रोड स्थित नाले से करीब 1 किलोमीटर दूर एक प्रॉपर्टी डीलर द्वारा प्लाटिंग की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि इसी प्लाटिंग तक विद्युत लाइन पहुंचाने के लिए प्रॉपर्टी डीलर ने संबंधित पावर हाउस के विद्युत

अधिकारियों से साठगांठ की। इसके बाद विद्युत अधिकारियों ने प्लाटिंग तक 11 हजार वोल्टेज विद्युत लाइन पहुंचाने के लिए गुरुवार को रातों-रात नीम व जामुन के करीब आधा दर्जन हरे भरे पेड़ों को धराशाई कर दिया। इस संबंध में सरोजनीनगर रेंज के वन अधिकारी शौकत उल्ला खान ने बताया कि काटे गए पेड़ों की कोई अनुमति नहीं थी। इस मामले में बिजली विभाग के खिलाफ नोटिस जारी कर दी गई है। उधर बिजनौर थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा का कहना है कि बिजली विभाग ने पेड़ कटवाए हैं। अधिशासी अभियंता दुर्गेश यादव का कहना है कि मामला जानकारी में नहीं है और सुबह जांच कराई जाएगी। वही डीएफओ रवि कुमार का कहना है कि पेड़ कटान का मामला मेरी जानकारी में नहीं है और टीम भेज कर जांच कराई जाएगी।

हमलावरों ने छात्रावास में घुसकर एमए के छात्र को बेल्ट से पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ित छात्र की शिकायत पर हसनगंज पुलिस जांच में जुटी

अमृत विचार : लविवि के छात्रावास में घुसे हमलावरों ने बीए के छात्र को बेल्टों व लात घूसों से पीट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।

हसनगंज थाना अंतर्गत लखनऊ विवि के महमूदाबाद छात्रावास में रहने वाले अभिषेक सिंह एमए द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। उन्होंने बताया 8 जनवरी को अनजान नंबर से उनके मोबाइल पर काल आयी थी। उधर से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी मिली थी। उसने हसनगंज थाने में मामले की शिकायत की थी। अभिषेक के अनुसार 11 जनवरी को दोपहर करीब एक बजे सुभाष छात्रावास में रहने वाले मयंक सिंह, देव भूषण सिंह उर्फ शोलू, आशुतोष राय और महमूदाबाद छात्रावास में रहने वाले शिवम सिंह व उत्कर्ष नरायण पाण्डेय उसके कमरे घुसे। वह कुछ समझ पाता इससे पहले ही आरोपियों ने उस पर बेल्टों व लातघूसों से हमला कर दिया। अभिषेक ने थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर हसनगंज ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया पांचों आरोपियों के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

अपार्टमेंट के 5वें फ्लोर पर आग से भगदड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शुक्रवार शाम को फ्लैट नंबर 501 में लगी आग
- दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

अमृत विचार : महानगर थानाक्षेत्र अन्तर्गत न्यू हैदराबाद के फायर शालीमार ओयेल अपार्टमेंट के पांचवे तल पर शुक्रवार शाम आग लग गई। अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 501 में आग लगने से चारों तक धुआं फैल गया। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

सीएफओ मंगेश कुमार के मुताबिक, शाम करीब 7 बजे कंट्रोल रूम पर फायर शालीमार ओयेल में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। जानकारी मिलते ही दो गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना की गई। हजरतगंज एफएसओ रामकुमार रावत ने बताया कि वह टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। तब पाया कि अपार्टमेंट के पांचवी तल पर बने फ्लैट नंबर 501 में आग लगी है।

आग में जले 1.25 लाख रुपये

जानकीपुरम थाना अंतर्गत सेक्टर एच निवासी सारिका श्रीवास्तव के मकान की दूसरी मंजिल पर नरेंद्र, पत्नी आरती व दोस्त राकेश यादव रहते हैं। नरेंद्र के मुताबिक सुबह साढ़े दस बजे किचन में आग लग गई। जब तक दमकल कर्मी पहुंचे पड़ोसियों के संग उन्होंने डेढ़ घंटे में आग बुझा ली। आग में एक लाख 25 हजार रुपये और अन्य सामान जलकर राख हो गया। गाजीपुर के रविंद्र पल्ली में शुक्रवार तड़के घर के बाहर खड़ी बाइक में आग लग गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

तलाश जारी | बुधवार रात माल में मिठाई विक्रेता की हुई थी गोली मार कर हत्या

हत्यारों की तलाश में पुलिस अब तक खाली हाथ

संवाददाता, मलिहाबाद

फॉलोअप

- रंजिश व अवैध सम्बन्धों के बिंदुओं पर जांच कर रही माल पुलिस

अमृत विचार : माल में तीन दिन पूर्व हुई अरुण यादव हत्याकांड में पुलिस को अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस के आलाधिकारी कई बिंदुओं पर जांच-पड़ताल की बात कर रहे हैं। हालांकि, इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने कई संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस इस हत्याकांड को पुरानी रंजिश और अवैध संम्बधों के तार से भी जोड़ रही है, लेकिन अभी तक कुछ भी कह पाना पुलिस के लिए नामुकिन है।

गौरतलब है कि 17 जनवरी को माल थानाक्षेत्र अन्तर्गत थावर गांव में रात 8:30 बजे अज्ञात हमलावरों ने मिठाई विक्रेता अरुण यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद हमलावर हवाई-फायरिंग कर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए थे। प्रथम दृष्टया में यह सामने आया कि दाहिनी कनपटी पर गोली लगने से अरुण की मौत हुई थी। घटना के समय आस-पास की दुकानें बंद थी। हालांकि, भाई सनी यादव की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर स्थानीय लोगों और कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एसीपी मलिहाबाद वीरेंद्र विक्रम सिंह के मुताबिक, पुलिस कई पहलुओं पर जांच कर रही है। कयास लगाए जा रहे है कि अरुण के किसी महिला से अवैध सम्बन्ध थे। जिस वजह से उसकी हत्या की गई। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के मोबाइल की सीडीआर खंगाली जा रही है। वहीं कुछ टीमें हत्यारों की तलाश में जुटी है, लेकिन अभी हत्यारे पुलिस की पकड़ से दूर है। यह दावा किया जा रहा है कि पुलिस जल्द ही अरुण यादव हत्याकांड का पर्दाफाश कर हत्यारोपियों को जेल भेजेगी। वहीं सूत्रों की मानें तो पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें अरुण यादव के हत्यारों के शामिल होने की संभावना है, लेकिन आधिकारिक तौर पर पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रात: 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रात: 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

आस्था ट्रेनों से सुहाना होगा सफर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 300 से अधिक आस्था ट्रेनें चलाने की तैयारी में रेलवे
- लखनऊ मंडल से चलाई जाएंगी 10 ट्रेनें

अमृत विचार : अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में बाद श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो जाएगी। देश भर के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेंगे। इन श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने तकरीबन 300 आस्था ट्रेनों के संचलान का निर्णय लिया है।

रेलवे प्रशासन के अनुसार अभी ट्रेन संचला का रेलवे बोर्ड से नोटिफिकेशन नहीं हुए है , लेकिन जल्द ही इसकी अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। लखनऊ मंडल से अयोध्या के लिए 10 आस्था ट्रेनें चलाए जाने की तैयारी है। भगवा रंग वाली आस्थी ट्रेनों में स्लीपर, पैसेंजर और मेमू ट्रेनें भी शामिल होंगी।

आईआरसीटीसी रेलवे के साथ मिलकर आगामी 25 जनवरी से अयोध्या के लिए आस्था ट्रेनों का संचालन करेगा। लंबी दूरी से आस्था स्पेशल स्लीपर ट्रेनें चलेंगी जबकि मेमू चारबाग, गोमतीनगर, प्रयागराज, वाराणसी और अन्य छोटी दूरी की जगहों से चलाई जाएंगी। दर्जन भर के करीब आस्था ट्रेन उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से अयोध्या के लिए चलाई जाएंगी।

रेलवे के अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में अयोध्या के लिए 32 जोड़ी ट्रेने चलाई जा रही है। तकरीबन 25000 यात्री रोजना अयोध्या पहुंच रहे हैं। लेकिन प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं की संख्या तीन से चार गुना संख्या बढ़ जाएगी। ऐसे में तकरीबन एक लाख श्रद्धालुओं का रोजाना आवागमन की संभावना है। इसके चलते ट्रेनों की संख्या में भी बढ़ाई जानी है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रे,न अमृत भारत और अन्य ट्रेनों के अलावा आस्था और मेमू ट्रेनों का संचालन भी शुरू किया जाएगा।

> अयोध्या के लिए आस्था ट्रेनें चलाए जाने की तैयारी है। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद इनका संचालन शुरू होगा। 25 से 26 जनवरी तक लखनऊ के आसपास से करीब दर्जन भर आस्था ट्रेनें चलाई जाएंगी।
>
> –अजीत सिन्हा, मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक, आईआरसीटीस

अनिल सागर अध्यक्ष व बीआर वरुण फिर बने सचिव

लखनऊ जिला एथलेटिक्स संघ की नई कार्यकारिणी सर्वसम्मति से गठित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

सर्वसम्मति से चुनी गई लखनऊ एथलेटिक्स संघ की नई कार्यकारिणी। अमृत विचार

अमृत विचार : जिला एथलेटिक्स संघ लखनऊ की नई कार्यकारिणी के चुनाव में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अनिल कुमार सागर को पुनः अध्यक्ष चुना गया है। पिछले चार वर्षों से संघ का बेहतरीन संचालन करने के लिए सभी ने बीआर वरुण को बधाई दी और सर्वसम्मित से एक बार फिर उन्हें सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

सर्वसम्मति से शुक्रवार को जिला लखनऊ एथलेटिक्स संघ की नई कार्यकारिणी गठित की गई। गठन के बाद एथलेटिक्स को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ एथलेटिक्स लीग, लखनऊ रोड रेस और लखनऊ रन जैसे प्रोफेशनल इवेंट आयोजित किए जाएंगे।

- एथलेटिक्स लीग, लखनऊ रोड रेस और लखनऊ रन आयोजित किए जाने का हुआ फैसला

सेवा निवृत्त न्यायमूर्ति केके शर्मा चुनाव की कार्यकारिणी के चुनाव आयोजित किए गए। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ की तरफ से टीपी हवेलिया और खेल विभाग की तरफ से राजेश गौड़ पर्यवेक्षक थे। कार्यकारिणी में पूर्व आरटीओ प्रशासन लखनऊ अजय कुमार त्रिपाठी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। नुपुर सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया।

चुनी गई कार्यकारिणी

अध्यक्ष– अनिल कुमार सागर, **वरिष्ठ उपाध्यक्ष**– अजय कुमार त्रिपाठी, **उपाध्यक्ष**– एसपी कश्यप, राकेश कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, ओपी द्विवेदी, विकेक सिंह, दलजीत सिंह, **वरिष्ठ संयुक्त सचिव**– अनंत मिश्र, **सचिव**– बीआर वरुण, **संयुक्त सचिव**– पीएन मिश्रा, हरीश पाल, कामता सिंह, **सदस्य**– आरसी केरोबियन, शालिनी द्विवेदी, विजय पाल सिंह, मुकेश कुमार पाठक, अजीत सरकार। **अध्यक्ष डेवलपमेंट कमेटी** – भुवन सिंह, **अध्यक्ष टेक्निकल कमेटी**– पीएन मिश्रा, **अध्यक्ष सेलेक्शन कमेटी**– हरीश पाल, **अध्यक्ष एथलीट कमेटी**– मनोज कुमार पटेल।

सार-संक्षेप

श्री रामस्वरूप मेमोरियल कॉलेज में एफडीपी कार्यक्रम की जानकारी देते वक्ता।

प्रोफेशनल एथिक्स विषय पर एफडीपी का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : श्री रामस्वरूप मेमोरियल कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड मैनेजमेन्ट लखनऊ, में एआईसीटीई अनुमोदित युनिवर्सल ह्युमन वैल्यू एवं प्रोफेशनल एथिक्स विषय पर पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम 16 से 20 जनवरी 2024 तक कॉलेज के मूल्य आधारित शिक्षा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें लखनऊ से सम्बद्ध विभिन्न कालेजों से 84 प्रतिभागी शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं। यह एफडीपी एआईसीटीई एनसीसी–आईपी के निरीक्षण में संचालित की जा रही है। एफडीपी की शुरूआत दीप प्रज्जवलन से हुई, जिसमें निदेशक डा. भावेश कुमार चौहान, प्रो. गौरव मिश्र, डा. विनोद सिंह, इंजीनियर प्रभात कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

24 को कार्य स्थगित करेंगे शिक्षक

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने प्रदेश के सभी शिक्षकों से 24 जनवरी को अपनी बांहों में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य स्थगित करने को कहा है। शिक्षक संघ मुख्यमंत्री को शिक्षक समस्याओं से संबंधित मांग पत्र प्रेषित करेगा। नौ नवबंर 2023 को निर्गत शासनादेश द्वारा तदर्थ शिक्षकों की सेवाएं समाप्त कर दी गई थीं। राज्य कार्यकारिणी द्वारा सरकार के इस निर्णय की घोर निंदा की गई। शिक्षक संघ के महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि 9 नवंबर, 2023 के शासनादेश द्वारा तदर्थ शिक्षकों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। ऐसे सभी तदर्थ शिक्षकों को विनियमित करते हुए उनकी सेवायें बहाल की जाए। शिक्षक समुदाय का निश्चित मत है कि एनपीएस योजना शिक्षक की वृद्धावस्था में उसी जीवन स्तर के साथ जीवन यापन करने योग्य नहीं है, जिस जीवन स्तर पर शिक्षक सेवा निवृत्त हो रहा है। पुरानी पेंशन ही वृद्धावस्था का समुचित जीवन स्तर बनाए रखने का माध्यम है। चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 12, 18 व 21 की व्यवस्थाओं को यथावत् अधिनियमित रूप में माध्यमिक शिक्षा अधिनियम 1921 में समाहित किया जाए, साथ ही विद्यालय व छात्र हित में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग 2023 विधेयक की धारा 11 (6) को विलुप्त की जाए। वित्त विहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतनमान के सिद्धान्त पर वेतन एवं सेवा शर्तें लागू की जाए।

अंशुल के खेल से आशीष नेहरा अकादमी फाइनल में

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच अंशुल कपूर के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी ने 19वीं बीबीडी डिवीजन के फाइनल में जगह बना ली है। एसआरके कॉलेज मैदान पर खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में आशीष नेहरा अकादमी ने सीएसडीएस क्रिकेट अकादमी बीकेटी को 150 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आशीष नेहरा अकादमी ने 39 .3 ओवर में सभी विकेट खोकर 222 रन बनाए। हर्ष वर्धन ने 75 रनों की पारी खेली। शुभांकर शुक्ला ने 41 और अंशुल कपूर ने 23 रन बनाए। जवाब में सीएसडीएस क्रिकेट अकादमी की टीम 25 .4 ओवर में 72 रन के योग पर सिमट गई। अरजित वर्मा ने 28 और मो. अरमान ने 21 रनों की पारी खेली। आशीष नेहरा अकादमी की ओर से मो. अजहरुद्दीन ने 4, अंशुल कपूर और अमन राज ने 3–3 विकेट चटकाए।

अंशुल कपूर

इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब की जीत में सावंत चमके

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच सावंत पाल (तीन विकेट) के बाद अभय जायसवाल के 50 रन की बदौलत इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में फॉरेंसिस क्रिकेट क्लब को रोमांचक मुकाबले में चार विकेट से पराजित कर दिया। गियर क्रिकेट ग्राउंड पर फॉरेंसिस क्रिकेट क्लब की टीम पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 33 ओवर में 148 रन पर ऑल आउट हो गई। विकास प्रधान ने सबसे ज्यादा 65 रन बनाए। ज्ञानेश ने 19 रन, आदिल ने 15 रन का योगदान किया। इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से सावंत पाल ने 6 ओवर में 3 मेडन के साथ 25 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। शिव, सचिन व अंकित को दो–दो विकेट मिले। जवाब में इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ने लक्ष्य का पीछा कार्य हुए 33 .5 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 150 रन बनाकर मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज अभय जायसवाल ने 95 गेंदों पर 5 चौके से 50 रन की पारी खेलकर टीम को जीत की मंजिल तक पहुंचाया। उनका साथ देते हुए सुहेल अख्तर ने नाबाद 32 व अंकित सिंह ने 25 रन का योगदान दिया। फॉरेंसिस क्रिकेट क्लब से राहुल व कुशाग्र को दो– दो विकेट मिले।

22 तक बदले रूट से चलेंगी अयोध्या जाने वाली बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अयोध्या में आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान रोडवेज बसें अयोध्या नहीं जाएंगी। 20 से 22 जनवरी तक अयोध्या आने वाली सात रूटों से रोडवेज बसें बदले रूट से आवागमन करेंगी। अयोध्या धाम बस अड्डे पर अतिरिक्त बसों की व्यवस्था रहेगी। जिससे अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने पर उन्हें रोडवेज बसों से भेजा जा सके।

लखनऊ क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि तीन दिनों तक बसों को रूट बदले गए हैं। इसकी सूचना बस चालकों को दे दी गई है। बाराबंकी के एआरएम को इस संबंध में दिशा निर्देश भेज दिए गए हैं।

आज से लागू होगी व्यवस्था

भारी वाहनों का आवागमन भी रहेगा प्रभावित : लखनऊ से अयोध्या, बस्ती और गोरखपुर जाने वाले भारी वाहन भी 22 जनवरी तक अयोध्या नहीं जा सकेंगे। यह वाहन बाराबंकी के रास्ते गोंडा होकर आगे की ओर जा सकते हैं।

लखनऊ आने वाले भारी वाहनों का गोरखपुर से सहजनवां, बस्ती, कलवारी से टांडा अकबरपुर होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से डायवर्जन किया गया है। गोरखपुर से संतकबीरनगर बासी मेहदावल डुमरियागंज, बलरामपुर, गोंडा, चौकाघाट, सफदरगंज होते हुए लखनऊ के रास्ते बसों को चलाया जाएगा।

इन सात मार्गों से आवागमन करेंगी रोडवेज बसें

- लखनऊ से बस्ती, गोरखपुर जाने वाली बसें बाराबंकी से जरवल रोड, गोंडा से मनकापुर से बभनान से हरैया से बस्ती से गोरखपुर आवागमन कर सकेंगी।
- गोंडा और बलरामपुर से अयोध्या होकर बाराबंकी और लखनऊ जाने वाली बसें नवाबगंज से गोंडा से रामनगर होकर बाराबंकी और लखनऊ आवागमन कर सकेंगी।
- प्रयागराज और सुल्तानपुर से अयोध्या होकर बस्ती और गोरखपुर जाने वाली बसें सुलतानपुर से अंबेडकरनगर होकर कलवारी, बस्ती से गोरखपुर आवागमन कर सकेंगी।
- अंबेडकरनगर की ओर से अयोध्या होकर बस्ती और गोरखपुर जाने वाली बसें अंबेडकरनगर से टांडा कलवारी पुल होते हुए बस्ती व गोरखपुर आवागमन कर सकेंगी।
- रायबरेली और अमेठी से अयोध्या होकर बस्ती और गोरखपुर जाने वाली बसें जगदीशपुर से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे वाया अंबेडकरनगर होकर बस्ती, गोरखपुर आवागमन कर सकेंगी।
- आजमगढ़ और अंबेडकरनगर अयोध्या होकर अंबेडकरनगर से दोस्तपुर मार्ग से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के रास्ते चलेंगे।
- गोरखपुर और बस्ती से अयोध्या आने वाले बसों को बस्ती से कलवारी अंबेडकरनगर होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस के रास्ते लखनऊ तक चलाई जा सकेंगी ।

बस अड्डा सज कर तैयार 23 से चलेंगी वातानुकूलित बसें

अमृत विचार : अयोध्या रोड स्थित अवध बस स्टेशन सज कर तैयार हो चुका है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हेल्प डेस्क भी बनाई जा चुकी है। लोगों को बसों के आवागमन की जानकारी दी जा रही है। दिव्यांगों के लिए अलग से काउंटर की व्यवस्था की गई है। एसी बसों की जानकारी देने को काउंटर अलग बनाए गए हैं। मुख्य द्वार से लेकर प्लेटफार्म सजावट की गई है। अवध बस अड्डे से अयोध्या के लिए हर पांच से दस मिनट पर बसों की सेवाएं उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गई है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से अवध बस अड्डे से अयोध्या के लिए वातानुकूलित बसों का संचालन किया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि एसी में यात्री लोड फैक्टर ठीक चल रहा है। 20 से 22 जनवरी तक बसों का डायवर्जन रहेगा। इसके बाद अयोध्या स्पेशल जनरथ कैसरबाग से सुबह सात बजे चलकर अवध बस स्टेशन में 7 :30 बजे पहुंचेगी। आठ बजे यहां से चलकर 11 बजे अयोध्या पहुंचेगी। दूसरी बस अवध बस स्टेशन से दोपहर तीन बजे चलकर शाम छह बजे अयोध्या पहुंचेगी। अयोध्या से यह बस शाम 6 :30 बजे चलकर रात 9 .30 बजे अवध बस स्टेशन पहुंचेगी।

हर जिले से निकलेंगे स्टार्टअप और इनोवेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एकेटीयू अपने सभी संस्थानों में स्थापित कर रहा इन्क्युबेशन सेंटर
- तकनीकी छात्रों के साथ ही स्थानीय लोग भी स्टार्टअप के लिए आएंगे आगे

अमृत विचार : प्रदेश के हर जिले से स्टार्टअप निकालकर इनोवेशन भी होगा। इसके लिए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने कदम बढ़ाया है। विवि अपने संबद्ध सभी संस्थानों में इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित कराने जा रहा है। इसको लेकर संबद्ध संस्थानों के निदेशकों और प्राचार्यों को कुलपति प्रो. जेपी पांडेय द्वारा जिम्मेदारी दी गयी है। ऐसे में जोनवार इनोवशन हब की टीम संस्थानों के प्रतिनिधियों से संवाद कर रही है।

मार्च तक सभी संस्थानों में सेंटर स्थापित करने का है लक्ष्य : सभी सम्बद्ध संस्थानों में इन्क्युबेशन सेंटर मार्च तक स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। सेंटर स्थापना के लिए स्टार्टअप पॉलिसी 2020 के साथ ही सरकार की ओर से चलायी जा रही योजानओं की जानकारी भी दी जा रही है। वहीं, सेंटर की स्थापना के बाद क्या फायदे होंगे, इसको भी बैठकों में बताया जा रहा है।

नये आइडिया को देंगे प्रमुखता : संस्थानों में स्थापित इन्क्युबेशन सेंटर अपने छात्रों के साथ ही ऐसे स्थानीय लोगों की तलाश करेंगे, जिनके पास कोई नया आइडिया हो। ऐसे लोगों को सेंटर में न केवल सहयोग दिया जाएगा बल्कि उन्हें वित्तीय सहायता के साथ ही उनकी ब्रांडिंग भी की जाएगी। साथ ही विभिन्न मंचों पर उनके प्रोडक्ट को प्रस्तुत करने का भी अवसर दिया जाएगा। विशेषज्ञ भी प्रोडक्ट को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। जिससे कि स्टार्टअप बाजार में स्थापित हो सके। इससे छात्र आत्म निर्भर बनेंगे और रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

बदले मार्ग से चलेंगी वंदे भारत सहित कई ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज-जफराबाद रेलखंड पर दोहरीकरण कार्य के चलते वंदे भारत एक्सप्रेस सहित कई अन्य ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी।

आजमगढ़ से 20 और 22 जनवरी को रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 12225 आजमगढ़-दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग शाहगंज-जौनपुर जं.-जौनपुर सिटी-सुल्तानपुर-लखनऊ के रास्ते चलाई जाएगी। इसी तरह दिल्ली से 21 जनवरी को रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 12226 दिल्ली-आजमगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग लखनऊ-सुल्तानपुर-जौनपुर सिटी-जौनपुर जं.-शाहगंज के रास्ते चलाई जाएगी।

इन ट्रेनों का भी रूट बदला

- वाराणसी सिटी से 20 और 22 जनवरी को रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 14853 वाराणसी सिटी–जोधपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाराणसी जं.–जंघई–मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ के रास्ते।
- जोधपुर से 20 जनवरी को रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 14854 जोधपुर–वाराणसी सिटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग लखनऊ–मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.–जंघई–वाराणसी जं. के रास्ते।
- आनन्द विहार टर्मिनल से 22 जनवरी को रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 15026 आनन्द विहार टर्मिनल–मऊ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग लखनऊ–सुल्तानपुर–जौनपुर सिटी–जौनपुर जं.–शाहगंज के रास्ते।
- दरभंगा से 20 और 22 जनवरी को रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 19166 दरभंगा–अहमदाबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जफराबाद–सुल्तानपुर–लखनऊ के रास्ते।
- अहमदाबाद से 20 जनवरी को रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 19167 अहमदाबाद–वाराणसी सिटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग लखनऊ–सुल्तानपुर–जफराबाद के रास्ते।
- वाराणसी सिटी से 21 जनवरी को रवाना होने वाली ट्रेन नंबर19168 वाराणसी सिटी–अहमदाबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जफराबाद–सुल्तानपुर–लखनऊ के रास्ते
- गोरखपुर जं. से 21 एवं 22 जनवरी को रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 22549 गोरखपुर जं.–लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर जं.–गोंडा–बाराबंकी के रास्ते।
- गोरखपुर जं. से 21 एवं 22 जनवरी को प्रस्थान करने वाली ट्रेन नंबर 22550 लखनऊ–गोरखपुर जं. वंदे भारत एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बाराबंकी–गोंडा–गोरखपुर जं. के रास्ते।

निरीक्षण करते रेलवे बोर्ड के सदस्य व अन्य। अमृत विचार

लखनऊ-अयोध्या रेलखंड का जायजा लेने पहुंचे अधिकारी

अमृत विचार, लखनऊ : रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली से सदस्य इंफ्रास्ट्रक्चर, ब्रज मोहन अग्रवाल शुक्रवार को लखनऊ पहुंचे। यहां उन्होंने डीआरएम एसएम शर्मा और मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ विंडो ट्रेलिंग करते हुए लखनऊ–अयोध्या रेलखंड की संरक्षा एवं दोहरीकरण कार्य को देखा। स्टेशनों पर पहुंचकर आधारिक संरचना संबंधी कार्यों, यात्री प्रबंधन, गाड़ी परिचालन और यात्री सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बाराबंकी स्टेशन और अयोध्या धाम जं. पहुंचकर विकास कार्यों का जायजा लिया और दिशा–निर्देश दिए।

सूचना

सूचित हो कि मेरा रजि. सं. 9223 बैनामा दिनांक 26/09/2017 को वास्तव में कहीं रख–रखाव में खो गया है मिलने पर सूचित करें। **–गौरी शंकर पुत्र दीपन मोबाइल नंबर– 9984825662**

सूचना

सूचित हो कि मैं मोहम्मद शोएब पुत्र स्व. नौशाद अली निवासी म. न. 538/122 अवध नगर निकट मशालची टोला सीतापुर रोड़ खदरा, लखनऊ 226020 के ड्राइविंग लाइसेंस में त्रुटिवश मोहम्मद सुएब लिख गया जो गलत है मेरा सही नाम मोहम्मद शोएब (MOHAMMAD SHOEB) है। जो ड्राइविंग लाइसेंस में अंकित किया जाए निवासी म. न. 538/122 अवध नगर निकट मशालची टोला सीतापुर रोड़ खदरा, लखनऊ पिन कोड 226020।

टेलर के नंबर पर कराया बाइक का बीमा, जालसाजों पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज कोतवाली में एक इंश्योरेन्स कंपनी के मैनेजर ने दो जालसाजों के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जापलिंग रोड के सूरज दीप काम्प्लेक्स निवासी शिरीश मिश्रा एक इंश्योरेन्स कंपनी में बतौर रिस्क कन्टेनमेंट के पद पर कार्यरत हैं। पीड़ित ने कोलकाता के मो. मोनुद्दीन और रायल ट्रेलर सर्विस कपंनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि उनकी कंपनी में वाहनों का बीमा किया जाता है। आरोप है कि नंवबर 2021 में मो. मोनुद्दीन ने ऑनलाइन माध्यम से ट्रेलर के नंबर पर बाइक का बीमा कर लिया। जुलाई 2022 को ट्रेलर ने एक चार पहिया कार टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद ट्रेलर स्वामी ने क्षतिपूर्ति के लिए 82 लाख रुपये का कंपनी को क्लेम पर दिया। पीड़ित ने बताया कि दस्तावेजों की जांच में धोखाधड़ी पकड़ में आई। शुक्रवार को कोर्ट के आदेश पर हजरतगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

मिलानी और सहारा क्लब ने दर्ज की जीत

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ फुटबॉल संघ की देखरेख में आयोजित किए जा रहे छठा हेमवती नंदन बहुगुणा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट में शुक्रवार को मिलानी फुटबॉल क्लब और सहारा फुटबॉल क्लब ने अपने–अपने मुकाबले जीत लिए और पूरे अंक बटोरे। चौक स्टेडियम पर आज खेले गए पहले मुकाबले में मिलानी क्लब ने अलीगंज वॉरियर्स फुटबॉल क्लब को 2–0 से हरा दिया। मिलानी की ओर से 18वें मिनट में मोहित और 30वें मिनट में अनिकेत ने गोल किए। दूसरे हॉफ में दोनों टीमें एक–दूसरे पर कोई गोल नहीं दाग दूसरे मुकाबले में सहारा फुटबॉल क्लब ने डिवाइन फुटबॉल क्लब को 3–0 से हरा दिया। विजयी टीम की ओर से पहले हॉफ में निरंजन ने 18वें मिनट में और कृष्णा ने 26वें मिनट में गोल किए। दूसरे हॉफ में विजयी टीम के ही सुदीप ने 45वें मिनट में गोल कर टीम की बढ़त को 3–0 पहुंचा दिया। शनिवार को स्पोर्टस कॉलेज लखनऊ के सामने न्यू ब्वायज फुटबॉल क्लब की चुनौती होगी।

U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD.
(ISO 9001:2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan Gomtinagar, Lucknow

Tender Notice

On behalf of Managing Director, U.P.R.N.N. Ltd, E-Tenders are invited by General Manager (Gorakhpur zone) & (Varanasi zone) on two bid system for-

1. NIT No- 3078/GM/clinical/TENDER/BASTI, Dated-12.01.2024 Construction of Clinical Academic block of KALLY District Hospital-BASTI.
2. NIT No- 3070/GM/clinical/TENDER/BASTI,Dated-11.01.2024 Construction of 50 Bedded Critical Care unit District Hospital-BASTI.
3. NIT No- 1898/GM/RNN/Tender/2023 Construction of Balance Work at C.H.C Mirzapur, District-AZAMGARH.
4. NIT No- 2728/GM/RNN/Tender/2023 Construction of Balance Work at Rajkiya Engineering College, Devgaon, District-AZAMGARH.

The tender should be submitted up to 3.00 pm on or before 2.2.2024 (Sl no-1 & 2) up to 2.00 pm on or before 27.1.2024 (Sl no-3) & 02.00 pm on or before 31.1.2024 (Sl no-4) Other details on :- website : www.etender.up.nic.in and www.uprnn.upsdc.gov.in

ग्राम पंचायत जामू विकास खण्ड सण्डीला जनपद हरदोई

मेमो मनरेगा/ राज्यवित्त 2023/24

अल्पकालीन निविदा सूचना

कार्यालय ग्राम पंचायत जामू विकासखंड संडीला जनपद हरदोई द्वारा मनरेगा व राज्यवित्त के अंतर्गत कराए जाने वाले निम्नलिखित कार्यों पर सामग्री (सीमेंट, मौरंग,बालू, गिट्टी, लोहा, ईट प्रथम, कैटल शेड,टीन शेड, इंटरलॉकिंग ईट आदि आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती हैं निविदाएं दिनांक 23–01–2024 को 03: 00 बजे तक पंचायत भवन से प्राप्त कर जमा कर सकते हैं प्राप्त निविदाएं दिनांक 26–01–2024 को समिति द्वारा साय 4: 00 बजे पंचायत भवन में खोली जाएगी।

क्र0 सं0	परियोजना का नाम	ग्राम पंचायत का नाम	प्राक्कलन के अनुसार स्वीकृत लागत (रु0 मे)	योजना मद का नाम	धरोहर राशि	निविदा पपत्र का मूल्य स्टेशनरी चार्ज एवं जीएसटी सहित	नियत कार्य स्थल पर सामग्री कार्यपूर्ति अवधि
1.	सुरेन्द्र के मकान से राजू के मकान तक नाली निर्माण कार्य	जामू	223345.22	मनरेगा	4467.12	600	15 दिवस
2	हरदेव बाबा स्थान से डामर रोड तक खड़ंजा कार्य	जामू	314084.76	मनरेगा	6281.69	600	15 दिवस
3	सुरेन्द्र के मकान से राजू के मकान तक इंटरलाकिंग कार्य	जामू	497990.95	मनरेगा	9959.81	600	15 दिवस
4	नरेश के मकान से प्रकाश के मकान तक सीसी निर्माण	जामू	441095.10	मनरेगा	8821.90	600	15 दिवस
5	पकरिया देवी स्थान से राजेश के घर तक इंटरलाकिंग और नाली निर्माण कार्य	जामू	572707.35	मनरेगा	11454.14	600	15 दिवस
6	राजकीय हाईस्कूल मे बाउंड्री वाल निर्माण कार्य	जामू	804035.03	मनरेगा	16080.70	600	15 दिवस
7	राजकीय हाईस्कूल मे मिट्टी भराई कार्य	जामू	200897.00	राज्यवित्त	4017.94	600	15 दिवस

नियम व शर्ते– 1. निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त हुई किसी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। 2. निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग मान्य नहीं होगी। 3. बिना बताए किसी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी मे निहित होगा। 4. निविदा फार्म पर उल्लेखित साफ शब्दों में अंकित करें। 5. धन की उपलब्धता पर कार्य कराया जाएगा। 6. कार्यो की कटौती प्रावधान/ लागू दरो की कटौती नियमानुसार की जाएगी। 7. प्राविधारित कार्यो की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है।

नील कमल मौर्य
प्रधान

किरन यादव
सचिव

ग्राम पंचायत जामू विकास खण्ड सण्डीला जनपद हरदोई

प्रियांशु ने एलडीए कोचिंग सेंटर को दिलाई जीत

लखनऊ : मैन ऑफ द मैच प्रियांशु आनंद के दमदार खेल की बदौलत एलडीए कोचिंग सेंटर ने सुबोध मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में ध्रुव क्रिकेट अकादमी को 3 विकेट से हरा दिया।

शुक्रवार को एलडीए स्टेडियम पर खेले गए मैच में ध्रुव अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 33.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 176 रन बनाए। उद्योत तिवारी ने 66 और अभिषेक कौशल ने 41 रन बनाए। प्रियांशु आनंद और संजीव यादव ने 3-3 विकेट चटकाए। जवाब में एलडीए कोचिंग सेंटर ने 35 ओवर में 7 विकेट खोकर 180 रन बनाए और जीत दर्ज की। मो. अल्ताफ ने 54 और हिमांशु असनोरा ने 52 रनों की पारी खेली। प्रियांशु आनंद ने नाबाद 13 रन बनाए।

राजनीति | विपक्षी दलों के सामने धार्मिकता के उफान को वोट में बदलने की प्रयोगशाला रही अयोध्या फिर बनी बड़ी चुनौती

रामेश्वरम तक वोट साध रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- काशी और दक्षिण के संबंधों के बाद अब तलाशे जा रहे ध्रुवीकरण के नए समीकरण, ताकि सीटें हों 400 पार

अमृत विचार: पूरी दुनिया की नजरें इन दिनों अयोध्या पर है, जहां 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीराम जन्मभूमि के गर्भगृह में विराजे रामलला का अभिषेक करेंगे। लेकिन इससे पहले मोदी खुद ही दक्षिण भारत के लेपाक्षी मंदिर से जटायु जैसा मित्र, श्रीगुरुवयूर मंदिर से कृष्ण और मथुरा और रामेश्वरम से शिव और राम के संबंधों से वोट साधने की कोशिश करते दिख रहे हैं। इंडिया गठबंधन समेत समूचे विपक्ष के सामने धार्मिकता के उफान को वोट में बदलने की प्रयोगशाला रही अयोध्या फिर बड़ी चुनौती बनकर उभरी है।

भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दशकों से लगातार दक्षिण भारत में पैठ को लेकर सक्रिय भूमिका में है, लेकिन राजनीतिक जमीन अभी कोसों दूर दिख रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आठ दिन 12 जनवरी को पंचवटी और नासिक के कालाराम मंदिर, 16 जनवरी को आंध्रप्रदेश के लेपाक्षी, 17 जनवरी को केरल के रामास्वामी मंदिर और शनिवार को श्रीरंगम में श्री रंगनाथस्वामी मंदिर और रामेश्वरम में श्री रामनाथस्वामी मंदिर जाना संयोग नहीं, बल्कि एक सुनियोजित प्रयोग दिख रहा है। मोदी रविवार शाम को भी अयोध्या आ सकते हैं, माना जा रहा है कि सरयू स्नान के बाद सोमवार को राम मंदिर में प्रभु राम लला का अभिषेक करेंगे।



जहां भी भाजपा खुद को कमजोर पाती है, वहां मजबूती का जिम्मा मोदी के कंधों पर जाता है। दक्षिण भारत में उम्मीदों की नाव को पार लगाने की जिम्मेदारी भी मोदी पर ही है। इसीलिए वे लगातार दक्षिण भारत के दौरे किए। उनका संदेश सिव द्रोही मम भगत कहावा। सो नर सपनेहुँ मोहि न पावा.. जैसा भाव जगाने का दिख रहा है। दक्षिण के राज्यों में पिछली बार सिर्फ 29 सीटें मिली थी। इसबार खास मंदिरों समेत परंपराओं व परिधानों से खुद को जोड़कर उनके दौरे लोकसभा चुनाव में मिशन-400 पार का लक्ष्य साधने की पूरी कोशिश करते दिखते हैं। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के सोलापुर से भी कहा कि ये संयोग है कि उनके अनुष्ठान की शुरुआत महाराष्ट्र के नासिक से पंचवटी की भूमि से हुई।

राहुल-अखिलेश साध रहे निशाना

इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा का उद्देश्य राम मंदिर उद्घाटन समारोह की चर्चा को कम करने को लकेर है। वे बार–बार यहीं लोगों को समझा रहे हैं कि राममंदिर का 22 जनवरी का कार्यक्रम भाजपा और संघ है, इसलिए कांग्रेस नेताओं ने जाने से मना किया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी अयोध्या कार्यक्रम को भाजपा की वोट साधने की रणनीति ठहरा रहे हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद वे रामजन्मभूमि पर पहले जैसे बयानों से बचते हैं, और पार्टी नेताओं को भी समझाते हैं। वे पत्नी के साथ रामलला का बाद में दर्शन का संकल्प भी जता चुके हैं। कार्यक्रम के आयोजन से लेकर व्यवस्था, अयोध्या दर्शन, गांव–गांव कार्यक्रमों में अयोध्या और भाजपा पूरक बनते दिख रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी रामोत्सव के उत्साह से मिशन–80 जीतने का दम साध रहे हैं।

प्राण प्रतिष्ठा के साथ होटल इंडस्ट्री में भी आएगी नई जान

अधिकांश ने जमीनें भी ले लीं, कुछ होटलों का निर्माण कार्य शुरू, बाकी वेट एंड वॉच की स्थिति में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अयोध्या में उतरे होटल इंडस्ट्री से जुड़े लगभग सभी ब्रांड्स

अमृत विचार : अयोध्या के रास्ते उत्तर प्रदेश की होटल इंडस्ट्री को भी नई ऊंचाई मिलने की संभावना प्रबल है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले ही होटल इंडस्ट्री से जुड़े लगभग सभी ब्रांड्स अयोध्या में नजर आ रहे हैं। अधिकांश ने जमीनें भी ले लीं। कुछ का निर्माण कार्य हो रहा है। बाकी वेट एंड वॉच की स्थिति में हैं। वह प्राण प्रतिष्ठा के बाद वहां आने वाले पर्यटकों, श्रद्धालुओं की संख्या, उनकी क्रय क्षमता देखकर अपनी प्रापर्टी के स्वरूप के बारे में निर्णय करेंगे। स्वाभाविक है कि पर्यटकों, श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने का फायदा होटल इंडस्ट्री के अलावा इससे जुड़े एविएशन, रेलवे, सड़क परिवहन निगम और लॉजिस्टिक्स से जुड़े सेक्टर्स को भी होगा।

इस बीच राज्य सरकार इस सेक्टर के निवेशकों को आकर्षित करने के लिए अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी समेत राज्य के अन्य बड़े शहरों में होटलों के निर्माण में कुछ और छूट देने की भी सोच रही है। इस बाबत एक सात सदस्यीय कमेटी भी गठित की जा चुकी है। कमेटी बिल्डर्स बाइलाज संबंधी कुछ जटिलताओं को दूर करने का सुझाव दे सकती है। इन जटिलताओं पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद संज्ञान लेकर पहल की थी। उम्मीद है कि समिति नक्शे के शुल्क में कटौती, निर्माण के लिए जमीन और सड़क की चौड़ाई का मानक कम करने आदि के बारे में सुझाव दे सकती है।

क्या कहते हैं इंडस्ट्री से जुड़े व्यवसायी

आईटीसी मौर्या नई दिल्ली में वैंक्वेट मैनेजर रहे भव्य मल्होत्रा के मुताबिक प्रति कमरा, तीन सर्विस प्रोवाइडर किसी होटल के लिए आदर्श स्थिति होती है। इसमें फ्रंट ऑफिस, हाउस कीपिंग, फूड एंड बेवरेज, लाउंड्री, फाइनेंस, एचआर, हॉर्टिकल्चर, सेल्स आदि विभाग होते हैं। अगर प्रॉपर्टी छोटी है तो कुछ विभाग न होने से सर्विस प्रोवाइडर्स की संख्या कुछ कम हो सकती है, पर प्रति कमरा दो कर्मचारी तो होने ही चाहिए। इससे कम होने पर आप अपने ग्राहकों को संतोषजनक सेवा नहीं दे पाएंगे।

2030 तक हर दिन पहुंचेंगे करीब तीन लाख लोग

पर्यटन विभाग के आंकड़ों के अनुसार 2017 तक हर साल अमूमन अयोध्या में दो लाख पर्यटक व श्रद्धालु आते थे। अब इनकी संख्या बढ़कर दो करोड़ तक पहुंच गई है। अनुमान है कि अगले कुछ वर्षों तक हर साल हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में 20 से 25 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम के अनुसार 2030 तक प्रतिदिन अयोध्या में करीब तीन लाख पर्यटक व श्रद्धालु जाएंगे। होटल इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का अनुमान है कि प्राण प्रतिष्ठा (22 जनवरी) के बाद के कुछ हफ्तों तक तो यह संख्या तीन से छह-सात लाख तक रह सकती है।

एयरपोर्ट पर भी अलर्ट रहेगी स्वास्थ्य विभाग की टीम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मौसम खराब होने पर प्रधानमंत्री का विमान अयोध्या में न उतरने की स्थिति में अमौसी एयरपोर्ट पर लैंडिंग की तैयारी

अमृत विचार : अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विमान मौसम खराब होने की स्थिति में अमौसी स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर उतर सकता है। इसको लेकर एयरपोर्ट और स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट किया गया है। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि एयरपोर्ट पर विशेषज्ञों की नौ टीम लगाई गई है। साथ ही केजीएमयू को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

बस अड्डों पर भी रहेंगे विशेषज्ञ

इसके अलावा शहर के बस अड्डों पर भी डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टॉफ रहेगा। इसमें निजी अस्पतालों की मदद ली गई है। डॉक्टरों की ड्यूटी आठ घंटे की शिफ्ट वाइज लगाई जाएगी। आलमबाग बस अड्डे पर मेयो अस्पताल, अवध पर चंदन और कैसरबाग बस अड्डे पर वेल्सन अस्पताल की टीमें रहेंगी। इसके अलावा एंबुलेंस भी अलर्ट रहेंगी। जिससे जरूरत पड़ने पर मरीजों को अस्पतालों में शिफ्ट किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग की ओर से हेल्पलाइन नंबर 0522 2622080 जारी किया गया है। जरूरत पड़ने पर इस नंबर पर कॉल कर मदद ली जा सकेगी।

सिर चढ़कर बोल रहा है राम नाम का जादू, यहियागंज में दुकानों में लगे श्रीराम के कटआउट।

तिरंगे व भगवा रंग के झंडों से पटा यहियागंज बाजार। अमृत विचार

जगह-जगह लगीं राम पताका बढ़ा रहीं यहियागंज बाजार की शोभा। अमृत विचार

दो पीठाधीश्वरों का छलका प्रेमानुराग, जय श्रीराम का गूंजा उद्घोष

▸▸ गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने की तुलसी पीठाधीश्वर श्रीरामभद्राचार्य से मुलाकात

▸▸ 1008 कुंडीय हनुमन महायज्ञ में शामिल हुए योगी, जाना हालचाल, श्रीरामभद्राचार्य को किया सम्मानित

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे पहले जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्य के पास पहुंचे। अंगवस्त्र ओढ़ाकर उनका सम्मान किया और हालचाल भी जाना। दोनों पीठाधीश्वरों के मिलन में प्रेमानुराग छलका, इसे देश भक्त जयश्रीराम का उद्घोष करते हुए मोबाइल में फोटो व वीडियो बनाते दिखे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या दौरे पर तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्य से भी मुलाकात की। उमड़ी भीड़ मुख्यमंत्री की एक झलक पाने को बेताब दिखी। मुख्यमंत्री ने भी लोगों का अभिवादन किया। पद्म पुरस्कार से सम्मानित श्रीरामभद्राचार्य के 75वें जन्मदिवस पर अयोध्या के काशीराम कॉलोनी के पास अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 14 जनवरी से शुरू हुआ है, जो 22 जनवरी तक निरंतर चलेगा। आयोजन के छठवें दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी यहां पहुंचे। आयोजन स्थल पर चल रही 1008 कुंडीय हनुमन महायज्ञ में शामिल हुए। योगी आदित्यनाथ ने आहुति देकर सुखी स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की।

रघुपति राघव राजाराम की धुन से राजधानी बनी अयोध्या धाम

▸▸ राजधानी के बाजारों में नजर आने लगी प्राण प्रतिष्ठा समारोह की रौनक

▸▸ 22 को कहीं सुंदर कांड पाठ तो कहीं भक्तों को वितरित किए जाएंगे लड्डू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: रघुपति राघव राजा राम... की धुन से शहर गूंज रहा है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर लखनऊ का बाजार भी अयोध्या धाम नजर आ रहा है। लहराते हुए राम नामी झंडे तो बाजारों में बजती रामधुन से राजधानी राममय हो गई है। गोमती नगर हो या फिर आलमबाग, चौक हो या फिर हजरतगंज रामभक्त उल्लास के साथ 22 जनवरी को यादगार बनाने में जुटे हैं।

व्यापारी नेता अमरनाथ मिश्र ने बताया कि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 22 जनवरी को लेकर व्यापक तैयारी की गई है। यहियागंज बाजार को 6000 मीटर तिरंगा पट्टी, 12 हजार मीटर भगवा झालर, 6 हजार मीटर बल्ब झालर लाइट, 3000 भगवान के राम नामी झंडे के साथ सजाया गया है।

बाजारों में विभिन्न जगहों पर 15 गेट बनाये गए हैं। श्रीसिद्धनाथ मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, बर्तन बाजारा स्थित विहारी जी मंदिर, सुभाष मार्ग स्थित राम मंदिर, सताक्षी धाम मंदिर को सजाया गया है। 22 जनवरी को सभी मंदिरों में सुंदरकांड का पाठ होगा।

बाजारों में भी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का दिख रहा उल्लास, जगह-जगह लगाये गये श्रीराम के कटआउट। अमृत विचार

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल ने निकाली शोभा यात्रा

अमृत विचार, लखनऊ : अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल की देखरेख में शुक्रवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में दारुलशफा हजरतगंज से सैकड़ों व्यापारियों ने रैली निकाली। व्यापारी शोभा यात्रा से लखनऊ के सभी बाजारों में वातावरण राममय हो गया। संदीप बंसल ने सभी से अपील की है कि सभी व्यापारी अपने दो पहिया और चार पहिया वाहनों में श्री राम का झंडा लगाएं। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश छाबलानी ने बताया कि शोभा यात्रा तीन घंटे से ज्यादा चली। जबरदस्त ठंड के बावजूद सैकड़ों व्यापारी संगठन के दारुल शफा स्थित कार्यालय पर एकत्रित हुए। प्रचारक अनिल ने शोभायात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। दारुल शफा से प्रारंभ हुई व्यापारी शोभा यात्रा नगर निगम, लालबाग नावेल्टी चौराहा, हलवासिया चौराहा, हजरतगंज पहुंची। हजरतगंज के व्यापारियों ने शोभायात्रा का जबरदस्त स्वागत किया। इसके अतिरिक्त भी कई जगह शोभा यात्रा का स्वागत हुआ। शोभायात्रा में शामिल होने वाले प्रमुख पदाधिकारी में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, युवा अध्यक्ष अश्वन वर्मा, नगर महामंत्री राजीव कक्कड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज गौतम, पतंजलि यादव युवा जिला अध्यक्ष ललित सक्सेना, महिला नगर अध्यक्ष कजरा निगम, उपाध्यक्ष मृदुला भार्गव, हिना सिराज खान, सोशल मीडिया प्रभारी संजय निधि अग्रवाल, युवा महामंत्री शुभम मौर्य, उपाध्यक्ष आदित्य सक्सेना, अमित जायसवाल, बंगला बाजार प्रभारी सनत गुप्ता सहित सैकड़ों व्यापारी शामिल रहे।

शोभायात्रा में शामिल व्यापारी नेता। अमृत विचार

21 जनवरी को प्रशान्त गर्ग के नेतृत्व में नेहरूक्रास से भगवा रैली दालमंडी, सुभाष मार्ग होते हुए राममंदिर सुभाष मार्ग पर समाप्त होगी। अमरनाथ मिश्र ने बताया कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ऑन लाइन टेलीकास्ट के लिए तीन जगह एलईडी वॉल के साथ एलईडी वैन की व्यवस्था की गई है।

बर्तन बाजार चौराहे से भगवान की पद यात्रा ढोल, नगाड़ा, तासा, डमरू के साथ विसातखाना बाजार, रेडीमेड बाजार, लोहा बाजार, किराना बाजार, राम मंदिर सुभाष मार्ग होते हुए रकाबगंज पुल नादान महल रोड होते हुए बर्तन बाजार चौराहे पर समाप्त होगी। कई जगहों पर शाम को आतिशबाजी की जाएगी। बाजार भर में बड़ी होल्डिंग के साथ छोटे-छोटे बैनर भी लगाये जा रहे हैं। 22 जनवरी को शाम 6.30 बजे श्रीसिद्धनाथ मंदिर पर 11 सौ दीपों से दीपोत्सव किया जाएगा। 10 क्विंवटल देसी घी की बूंदी का प्रसाद श्रीसिद्धनाथ मन्दिर पर वितरण के साथ हर दुकान पर डिब्बे में प्रसाद भेजा जाएगा।

केसरिया रंग बना चर्चा का विषय

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में प्राण प्रतिष्ठा का रंग नजर आने लगा है। स्टेडियम के अंदर लगे खंभों पर केसरिया रंग लगाया गया है। अधिकारियों में यह रंग इस समय चर्चा का विषय है। सभी का यही कहना है कि केसरिया रंग में रंगा गया स्टेडियम भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए तैयार है।

राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी, दीप जलाकर दीवाली मनाऊंगी...

संवाददाता, बख्शी का तालाब

अमृत विचार : राम आंएगे तो अंगना सजाऊंगी...दीप जलाकर मैं दीवाली को मनाऊंगी...यह गाना इस समय सभी की जुबान पर है। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। जिसको लेकर देशभर में उत्सव का माहौल होगा। इस उत्सव को बख्शी का तालाब के लोग भी धूमधाम से मनाने की तैयारियों में जुटे हैं। इसको ध्यान में रखकर कुम्हारों और कारोबारियों ने भी जोरदार तरीके से तैयारियां करनी शुरू कर दी है।बाजार में दुकानों पर बिकने के लिए भगवा पताकाएं आ गई हैं, तो कुम्हार भी सर्दी के मौसम में मिट्टी गीली कर दीये बनाने में जुटे हैं, ताकि राम आएं तो उनके स्वागत में आंगन को दीयों से सजाया जा सके।कठवारा ग्राम पंचायत के मल्लाहन खेड़ा गांव में दर्जनों कुम्हारों समेत बीकामऊ गांव निवासी कुम्हार प्रेम कुमार प्रजापति व राधे प्रजापति पिछले एक सप्ताह से मिट्टी के दीये बनाने में जुटे हैं। उनके अलावा भी तमाम लोग हैं, जोकि दीये बनाने काम करते हैं, सभी को दिवाली के बाद एक बार फिर से काम मिल गया है। प्रेम कुमार ने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर एक बार में 5000 दीये बना रहे हैं।

दुकान पर सजीं पूजन किट। अमृत विचार

हरिद्वार से आई जल यात्रा का व्यापारियों ने किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ने शुक्रवार को हरिद्वार से शुरू हुई जल यात्रा का लखनऊ में स्वागत किया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद व मनसा देवी ट्रस्ट के श्री महंत रविन्द्र पुरी की अगुवाई में यह यात्रा हरिद्वार से शुरू हुई। अयोध्या के लिए सरयू उद्गम स्थल, गंगोत्री, यमुनोत्री व बागेश्वर धाम की जल यात्रा पर राजधानी में जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। लखनऊ में संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं व्यापारियों ने यात्रा का मां चंद्रिका देवी मंदिर पर स्वागत किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुड़िया निगम के नेतृत्व में मड़ियांव, पूरनिया अलीगंज में भव्य स्वागत किया गया। साथ में मौके पर एमएलसी पवन सिंह चौहान संगठन के मुखिया राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे, राष्ट्रीय सचिव प्रमोद मिश्रा, प्रदेश महासचिव राम तिवारी, जानकीपुरम थर्ड के पार्षद दीपक लोधी, मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह, अध्यक्ष प्रवेश शुक्ला, आईआई एम रोड अध्यक्ष पिंटू यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

हरिद्वार से आई जलयात्रा का स्वागत करते व्यापारी। अमृत विचार

पवित्र जल ला रहे रथ का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में हरिद्वार से तीन नदियों से पवित्र जल लेकर रथ शुक्रवार को चंद्रिका देवी मंदिर पंहुच गया। इस रथ का सीतापुर रोड स्थित चन्द्रिका देवी मंदिर द्वार पर भव्य स्वागत किया गया। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, विधायक योगेश शुक्ला, एमएलसी सीतापुर पवन सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष रवि प्रकाश तिवारी, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष कामता प्रसाद आदि ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने बताया कि 15 जनवरी को हरिद्वार से चली इस यात्रा में गंगोत्री, यमुनोत्री और सरयू के उद्गम स्थल बागेश्वर धाम से कलशों में जल एकत्र कर लाया गया है। जो अयोध्या में ट्रस्ट को सौंपा जाएगा। यह पवित्र जल राम की प्राण प्रतिष्ठा में चढ़ाया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी पाण्डेय, बीकेटी इकाई के अध्यक्ष वेद रत्न सिंह समेत संगठन के प्रदीप सिंह, बब्बू पांडेय, योगेंद्र सिंह समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

रथ का स्वागत करते भाजपा नेता। अमृत विचार

संविधान बचाने के नाम पर निहत्थों पर बरसाई गईं गोलियां : ऋतम्भरा

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

साक्षात्कार

अमृत विचार: राम मंदिर आंदोलन की अग्रिम पंक्ति की नेत्री साध्वी ऋतम्भरा अब जश्न के मूड में हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी उनके चेहरे पर खेलती दिखाई दे रही है। प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव में शामिल होने वाली वह उन गिनी-चुनी हस्तियों में शुमार हैं जिन्हें आयोजन में ससम्मान बुलाया गया है। शुक्रवार को अयोध्या रवाना होने से पहले अमृत विचार से मुखातिब साध्वी ऋतम्भरा ने छूटते ही कहा कि 'जो राम का नहीं है वो किसी काम का नहीं' है। राम मंदिर आंदोलन में मैंने संविधान की धज्जियां उड़ते देखी हैं। प्रस्तुत हैं साध्वी ऋतम्भरा से हुई बातचीत के चुनिन्दा अंश :-

जो राम का नहीं वो किसी काम का नहीं

● राम मंदिर आन्दोलन ने आपको बहुत कम उम्र में काफी बड़ा कद दे दिया था लेकिन राजनीति की चौड़ी सड़क छोड़कर आप वृन्दावन में आश्रम बनाकर बस गईं, क्यों?

● मैं राम की लड़ाई लड़ने आयी थीं। यह लड़ाई भारत के स्वाभिमान की थी। मैंने पहले दिन ही तय कर लिया था कि मंदिरों की लड़ाई को सत्ता से परे रखूंगी। इस लड़ाई में मैंने जो दुःख झेले, जो प्रताड़नाएं सहीं। दुनिया के सामने मेरी जो तस्वीर बनाई गई। विदेशों में मुझे जिस नजरिये से देखा गया। इंग्लैण्ड का वीजा मिलने में जो दिक्कतें आईं। उसने मुझे इस बात के लिए तैयार किया कि राम का संघर्ष जारी रखना है और सत्ता के रास्ते पर नहीं बढ़ना है।

● अच्छे लोग राजनीति में रहें तो हालात और भी बेहतर हो सकते हैं, ऐसा आप क्यों नहीं सोचतीं?

● आपकी बात सही है लेकिन मुझे लगता है कि मेरे जैसे लोगों को सत्ता से दूर रहकर राजनीति को सचेत करने का काम करना चाहिए। राजनीति में अच्छे लोग आने लगे थे। मैंने समझ लिया था कि यह अच्छे लोग राम मंदिर का रास्ता बनाएंगे। इसी वजह से मैं आश्रम बनाकर सुखी हो गई। वृन्दावन में वात्सल्य आश्रम के जरिये मैंने कितना बढ़िया काम किया इसे देखने के बजाय लोग लगातार मुझ पर आरोप लगाते रहे। आज मोदी जी और योगी जी ने साबित कर दिया कि सत्ता सही रास्ते पर हो तो राजनीति सही दिशा में बढ़ ही जाती है।

● राजनीति और सत्ता को संविधान के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए, इससे आप कितना सहमत हैं?

● संविधान की रक्षा तो सत्ता के सामने पहली शर्त होती है। राम मंदिर आन्दोलन में मैंने संविधान की धज्जियां उड़ते देखीं। संविधान बचाने के नाम पर निहत्थे राम भक्तों पर गोलियां चलाई गईं। यह गोलियां तुष्टिकरण के नाम पर चलाई गईं थीं। यह बात सभी को अच्छे से समझ लेनी चाहिए कि भारत राम और कृष्ण के बिना कुछ नहीं है। राम की लड़ाई तो भारत के स्वाभिमान की लड़ाई थी। हमें खुशी है कि उस लड़ाई का हम हिस्सा रहे। हम इस खुशी के साथ अयोध्या जा रहे हैं कि दुनिया ने जो सवाल हम पर उठाए थे वह झूठे साबित हुए। पूरे सम्मान के साथ प्राण प्रतिष्ठा हो रही है।

● आप सौभाग्यशाली हैं कि आपको निमंत्रण मिला। बहुत से लोग तो इसी से नाराज हैं कि बुलाया नहीं?

● राजनीति करने वाले तो राजनीति ही करेंगे। यह उनका पेशा है। उन्हें हम क्या कहें। बस यही कह सकते हैं कि ऐसी राजनीति करने वालों के दिन लद गए। राजनीति करने वालों को जनता के मन को समझना होगा। राजनीति सत्य को स्थापित करने के लिए है। राजनीति भारत को गाली देने के लिए नहीं है। राजनीति किसी को शरणार्थी बनाकर जीने देने के लिए नहीं है।

राजनीति भाग्य बदल देने का नाम भी है, यही बात समझ ली गई होती तो भारत को संताप के दिन नहीं देखने पड़ते। भारत को उसका खोया गौरव बहुत पहले ही मिल गया होता। राजनीति के लिए कुशलता की जरूरत होती है। राजनीति करने वाले का लक्ष्य निर्धारित होना चाहिए। मैं आज देख पा रही हूं कि बीजेपी वाले जीते या हारे लेकिन उनका लक्ष्य राम का मंदिर ही रहा। वह कभी लक्ष्य से नहीं भटके। नतीजा देखिए आज बीजेपी पर सवाल उठाने वालों के पेट में दर्द हो रहा है। भाग्य बदल गया या नहीं।

● अब राम मंदिर का लक्ष्य पूरा हुआ। आपका वात्सल्य आश्रम वास्तविक परिवार की परिकल्पना को भी हासिल कर चुका है। अपने दोनों लक्ष्य हासिल होने के बाद कौन आपका दोस्त है और कौन आपका दुश्मन ?

● जो राम का नहीं है वो किसी काम का नहीं है। अब तक दुनिया में जहां भी जाती थीं मेरे विरोध में खड़े लोग दिखाई देते थे। अब मैंने खुद को साबित कर दिया है। राजनीति न तब मुझे आकर्षित करती थी न अब। वात्सल्य को और श्रेष्ठ बनाने के लिए जुटूंगी।

अयोध्या जाते समय साध्वी ऋतम्भरा का भव्य स्वागत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सम्मिलित होने अयोध्या के लिए निकलीं साध्वी ऋतम्भरा ने लखनऊ में कहा कि राम मन्दिर की लड़ाई भाजपा सपा और कांग्रेस आदि की लड़ाई नहीं है। यह लड़ाई राम की नहीं बल्कि हमारी आस्था की लड़ाई थी। यह भारत के समाज द्वारा अपने आराध्य के लिए पांच सौ साल तक किया गया संघर्ष है। इसे पार्टी की लड़ाई न बनाइए, उत्सव मनाइए। लखनऊ में विधायक डॉ. नीरज बोरा के आवास पर रुकीं साध्वी का अयोध्या जाते समय ढोल, नगाड़े, पुष्प वर्षा और आतिशबाजी के साथ मड़ियांव, पुरनिया, कपूरथला समेत शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। शुक्रवार को सीतापुर रोड स्थित सेवा अस्पताल परिसर में साध्वी ऋतम्भरा ने कहा कि उस समय तत्कालीन सरकार द्वारा कीर्तन करते निहत्थे कारसेवकों पर गोली चलाकर संविधान और कानून की धज्जियां उड़ाई गयी थीं।

कई दर्जन वाहनों के काफिले के साथ निकलीं साध्वी ऋतम्भरा का स्वागत भिठौली क्रासिंग पर सौरभ तिवारी व राकेश पाण्डेय, भिठौली में सदाशिव मिश्र, सीतापुर रोड स्थित हिम सिटी के सामने एसके मिश्र व अन्य ने किया।

22 जनवरी भारत के विश्वास, लोकआस्था व गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा का दिन

अयोध्या में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कहा-बेहतरीन ग्रीन कॉरिडोर की हुई है व्यवस्था | मुख्यमंत्री योगी ने लोगों से की अपील, पैदल न आएं, कहीं अव्यवस्था की स्थिति न बने | सबके सहयोग, संतों के आशीर्वाद और रामलला की कृपा से प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा भव्यः योगी

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कई शताब्दियों के बाद रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पल श्रद्धालुओं को अंतःकरण से आनंद की अनुभूति करा रहा है। यह भारत के विश्वास व लोकआस्था, गौरव की पुर्नप्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। विश्वास जताया कि अभी तक जैसे सभी कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुए हैं, वैसे ही 22 जनवरी का कार्यक्रम भी ऐतिहासिक होगा। जनता के सहयोग, संतों के आशीर्वाद और रामलला की कृपा से इसे सकुशल संपन्न करने में सफल होंगे।

वे शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। में कहीं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ न्यास के तत्वावधान में श्रीरामजन्मभूमि पर प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में 22 जनवरी को प्रभु श्रीरामलला का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होना है। इसे लेकर संपूर्ण अयोध्या धाम, उत्तर प्रदेश व देश में उत्साह का माहौल है। उन्होंने बताया कि समारोह की दृष्टि से अयोध्या में प्रशासनिक रूप से बाहर क्या व्यवस्थाएं हुई हैं। इसकी समीक्षा भी की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर प्रशासन व प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने पहले से ही सभी व्यवस्थाओं की तैयारी कर ली है। बेहतर तालमेल के जरिए लोकल स्तर पर न्यास से समन्वय, सुविधा, ट्रैफिक, सुरक्षा आदि के जरिए 22 जनवरी के ऐतिहासिक कार्यक्रम को भव्यता, दिव्यता, सुरक्षित व सुव्यवस्थित तरीके से कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। शेष बचे कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कर लिया जाएगा।


राममंदिर के बाहर जायजा लेने के बाद प्रसन्नचित मुद्रा में खड़े सीएम योगी।

तीर्थ क्षेत्र न्यास की कार्ययोजना में सहयोग करेगी राज्य सरकार

योगी ने कहा कि 22 जनवरी के बाद भी तीर्थ क्षेत्र न्यास की ओर से श्रीरामलला के दर्शन के लिए जो भी कार्ययोजना तैयार होगी, उसके अनुसार राज्य सरकार स्थानीय स्तर पर पूरा सहयोग करेगी। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को श्रद्धा के साथ दर्शन करने का अवसर प्राप्त हो, यह व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार पूरा सहयोग दे रही है। टेंट सिटी, धर्मशाला, होटल की भी समुचित व्यवस्था की गई है। लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी व प्रयागराज समेत अन्य शहरों से आने के लिए बेहतर ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था की गई है, जिससे किसी को दिक्कत न हो। सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो, ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रदेश की सुरक्षा एजेंसियां समन्वय कर रहें अलर्ट

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या की सुरक्षा के लिए प्रदेश की सुरक्षा एजेंसियों के साथ-साथ केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां भी उपस्थित हैं। ऐसे में अस्थायी पुलिस लाइन बनाया जाए। यहां इनके रहने, खाने के स्तरीय प्रबंध होने चाहिए। केंद्रीय एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय बनाएं। हर प्रकार के बाह्य और आतंरिक सुरक्षा की आशंकाओं के दृष्टिगत कड़े सुरक्षा इंतज़ाम किए जाएं। चिन्हित रेड जोन/यलो जोन में पेट्रोलिंग बढाएं। योगी ने निर्देश दिए कि सरयू नदी के पुराने पुल पर आवागमन न होने दें। सरयू नदी में जल पुलिस को सक्रिय रखें। यहां तैनाती पाने वाले पुलिसकर्मियों का व्यवहार प्रदेश की छवि प्रभावित करने वाला होगा। ऐसे में उनकी काउंसिलिंग की जाए।

छह माह की स्थिति का आकलन कर बनाएं कार्ययोजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 व 23 जनवरी के बाद हर दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का अयोध्या आगमन होगा। हर कोई रामलला के दर्शन करने को उत्सुक है। भारत के सभी राज्यों से लोग आएंगे। ऐसे में आगामी 6 माह की स्थिति का आंकलन करते हुए कार्ययोजना तैयार कर लें। अंतर्जनपदीय तथा अंतरराज्यीय पुलिस कोऑर्डिनेशन होना चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार असुविधा न हो। कॉल सेंटर में तैनात कार्मिकों का व्यवहार मधुर हो, सरल हो। प्रमुख मार्गों अथवा गलियों में धूल न उड़े, गंदगी न हो। जगह-जगह कूड़ेदान रखे हों। सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने का प्रयास होना चाहिए। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन और महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के आसपास साफ-सुथरा परिवेश हो। यहां की सुरक्षा की परख कर ली जाए किसी प्रकार की कोई कमी न रहे। आरपीएफ से भी कोऑर्डिनेशन होना चाहिए।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी पहुंचकर पूजा-अर्चना की।

सजावट ऐसी हो कि मोह ले मन

योगी ने कहा कि धर्म पथ, जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, राम पथ की थीम आधारित सजावट कराएं। यह उत्सव, आनंद का ऐतिहासिक अवसर है। ऐसे प्रयास करें कि हर आगंतुक/श्रद्धालु/पर्यटक यहां से सुखद अनुभव लेकर जाए। इन मार्गों के शेष कार्यों को तत्काल पूरा कराएं। स्ट्रीट लाइट आदि की जांच-परख कर ली जाए।

टेंट सिटी में हो सभी इंतजाम

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि टेंट सिटी में अच्छी व्यवस्था है। यहां साफ सफाई का ध्यान रखें। यहां ठहरने वालों को गर्म पानी मिले। टेंट सिटी में खाद्यान्न की उपलब्धता बनी रहे। इसी तरह, गर्मी के मौसम में सुविधाजनक स्थिति हो। फायर सर्विस की प्रभावी उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। रैन बसेरों को और व्यवस्थित करें। कई स्थानों पर इनकी संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है। धर्मनगरी में रात्रि विश्राम करने वाला एक भी व्यक्ति ठंड से ठिठुरता न मिले।

सीएम योगी ने किए रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन

राज्य ब्यूरो, अयोध्या। अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन-पूजन करके सुखी-स्वस्थ प्रदेश की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने रामलला के दर्शन, आरती व परिक्रमा की। महज तीन बाद रामलला अपने भव्य-दिव्य मंदिर में विराजमान होंगे। ऐसे में सीएम ने यहां की सभी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। शुक्रवार सुबह रामनगरी पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। 11 दिन के भीतर (9 जनवरी, 14 जनवरी और 19 जनवरी) यह तीसरा दौरा है। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़ी तैयारियों के संदर्भ में भी जानकारी ली।

▸▸ 11 दिन में मुख्यमंत्री ने रामनगरी का किया तीसरा दौरा

रामलला के चरणों में लगाई हाजिरी

हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। यहां उन्होंने संतों-महंतों से भी हालचाल जाना। यहां ट्रस्ट से जुड़े लोगों ने मुख्यमंत्री को प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़ी जानकारी दी। दर्शन-पूजन के दौरान काबीना व प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, डॉ. अमित सिंह चौहान, रामचंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

अयोध्यावासियों को न हो कोई तकलीफ

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के चलते अगले दो-तीन दिनों तक अयोध्या में सामान्य आवागमन/यातायात प्रभावित होने की संभावना है। ऐसे में नगरवासियों को खाद्यान्न, पेयजल, रसोई गैस आदि आवश्यक वस्तुओं का अभाव न हो, इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय से कर लिए जाने चाहिए।

बेहतर हो पार्किंग कार्ययोजना

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया समारोह और उसके बाद के लिए पार्किंग और यातायात प्रबंधन की बेहतर कार्ययोजना बनाएं। रुट डायवर्जन के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। विभिन्न जनपदों से अयोध्या को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गो पर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था हो। आगंतुकों के आवागमन के लिए इलेक्ट्रिक बसों की पर्याप्त उपलब्धता हो।

सूर्य के प्रकाश से लेकर चंद्रमा की किरणों तक अतुलनीय अयोध्या...

विवेक सक्सेना, अयोध्या

अमृत विचार : जैसे - जैसे भव्य मंदिर में आराध्य के विराजने की घड़ी निकट आ रही है, वैसे - वैसे अयोध्या अतुलनीय होती जा रही है। सूर्य के प्रकाश से लेकर चंद्रमा की किरणों के बीच फूट रहे उल्लास व उत्सव के साथ रामनगरी वैभव की रामनामी ओढ़ती जा रही है। दिन में श्रद्धालुओं का कोलाहल तो शाम को झिलमिलाती नगरी अतुल्य भारत की प्रतीक बन रही है।

उल्लासित अयोध्या धाम में चारों दिशाओं से प्रवेश करते ही नव्य अयोध्या का आभामंडल हर किसी को न केवल हतप्रभ कर रहा है वरन उनके रोंम- रोंम को राम के अनुराग से भर दे रहा है। इतना ही नहीं ऐसा प्रतीत होता है जैसे मानों साक्षात श्रंगार की देवी शैलपुत्री ने स्वयं रामनगरी को अलौकिक रुप दे दिया हो। 'अमृत विचार' ने गुरुवार शाम अयोध्या धाम की अलौकिकता को सहजने का प्रयास किया।

नयाघाट पर गुरुवार शाम उत्सव और उल्लास का रहा माहौल।

चंद्रमा की किरणों के प्रस्फुटन के मध्य जय श्री राम...की आभा

रामपथ पर टेढ़ी बाजार चौराहे पर सीताराम - सीताराम की धुन, चहुंओर भवनों पर झिलमिलाती झालरें, इन्हीं झालरों के मल्टीप्लेक्स भवन पर प्रभु का अलौकिक रूप कदमों को रोक देता हैं। लोगों में यह चित्रण मोबाइल में कैद करने की आतुरता। बहराइच से आए दंपति मन मिश्र और आरती मिश्रा बोलीं कि विश्वास नहीं हो रहा है, यह वही अयोध्या है जहां हम आया करते थे। उज्जैन के रमेश मंडल ने कहा कि रामजन्मभूमि की अयोध्या अब विश्व की सर्वश्रेष्ठ नगरी बन गई है।

जय श्रीराम का उद्घघोष और उल्लास और आस्था का नृत्य

श्रीराम जन्मभूमि मार्ग... श्रद्धालुओं का तांता पूरे मार्ग पर, भंडारे में उमड़ते लोग, प्रकाशमय रामपथ - दुकानों पर केसरिया पताकाओं के साथ केसरिया झालरों की पट्टियां - अलौकिकता का प्रदर्शन कर रहीं हैं। दिल्ली से आए चक्रधारी पांडेय बोले वापस जाने का मन नहीं कर रहा है। 22 जनवरी का प्रतिबंध नहीं होता तो एक सप्ताह और प्रवास करता। प्रसाद के दुकानदार रमेश अग्रहरि ने कहा अब अच्छे दिन लौट आएं हैं।

▸▸ उत्सव के साथ रामलला के स्वागत के लिए अदभुत श्रंगार से सजी रामनगरी

इठलाती सलिला सरयू और लता मंगेशकर चौक पर रामोत्सव

चंद्रमा की किरणों से झिलमिल करती सलिला सरयू और रामोत्सव का अदभुद संगम। लता मंगेशकर चौक पर पेड़ों तक में दीपों की श्रंखला। राम-सीता बने कलाकारों के साथ शंखनाद करते साधु संत, सर्द हवा भी आस्था के आगे नतमस्तक। चौक पर अपार जनसमूह और नृत्य करते श्रद्धालु। यहां तैनात सुरक्षा बलों के जवान भी यह उत्सव देख आह्लादित दिखते हैं। बच्चों के साथ पहुंचे अहमदाबाद के मनसुखभाई बोले हमारे मोदी जी ने अयोध्या को दिव्यता प्रदान की। बताया 26 जनवरी को फिर अहमदाबाद सत्संग मंडल के साथ आएंगे।

बोले लोग - 21 को छोटी और 22 को मनाएंगे बड़ी दीपावली

जुड़वा नगर भी उत्सव में सहभागिता के लिए वृहद स्तर पर तैयारी में है। साहबगंज निवासी अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि 500 वर्षों का सपना साकार होने जा रहा है, दीपावली तो बनती है। उन्होंने अभी से घर पर झालर सजा दी है। अंगूरीबाग की पार्वती शुक्ला बोलीं 21 जनवरी को छोटी और 22 को बड़ी दीपावली होगी। दीए खरीद लाएं हैं। पांच दीपक चौखट पर तो मुंडेर पर श्रंखला प्रज्वलित करेंगे। विशेष यह कि फैजाबाद नगर में सिविल लाइंस, रीडगंज, नियावां, रिकाबगंज क्षेत्रों में आवासों पर झालरें सजने लगीं हैं। कई स्थानों पर अभी से एलईडी लगा कर रामायण का प्रसारण शुरू कर दिया गया है।

रामपथ पर अपने आराध्य श्रीराम के कटआउट को लेकर दर्शन-पूजन को जाता श्रद्धालु।

अब तारीख भी हुई राममय...

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा में जहां देश से लेकर विदेशों तक लोगों के साथ भवन, सड़क, मंदिर चारो ओर सभी कुछ राममय हो गया है और उत्साह छलक रहा है। ऐसे में तारीख भी राममय होने में पीछे नहीं रही। इसी बीच सोशल मीडिया पर चर्चित एक तस्वीर बहुत वायरल हो रही है। जिसमें 22 जनवरी को राम लिखा दर्शाया जा रहा है। ऐसे में कैप्शन भी वायरल हो रहा है कि तारीख भी हुई राम मय। तारीख वाली तस्वीर में 22 जनवरी 24 को शेड के साथ ऐसा 22124 लिखा है कि एक बार सचमुच वह तारीख नहीं राम लिखा हुआ ही दिखता है। इसे कहते हैं युग और वातावरण का प्रभाव।

सीएम योगी ने सोलर बोट का किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, अयोध्या। अमृत विचार : प्रदेश की आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर अयोध्या को विकसित करने का योगी सरकार का सपना वास्तविकता की शक्ल ले चुका है। इसमें शुक्रवार को एक और अध्याय जुड़ गया। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को यूपीनेडा द्वारा विकसित की गई रूफ टॉप माउंटेड सोलर बोट सर्विस का उद्घाटन किया। यह देश में पहली बार इनलैंड वॉटरवेज के लिहाज से गेमचेंजिंग साबित होने वाले इलेक्ट्रिक सोलर टेक्नोलॉजी बेस्ड बोट सर्विस है। अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को लौटाने के साथ ही उसे आधुनिकता और विरासत के समावेश से विकसित करने की प्रक्रिया के अंतर्गत 'नव्य अयोध्या' परियोजना बेहद सफल हो रही है। इसी परियोजना के अंतर्गत सरयू नदी को सौर व स्वच्छ ऊर्जा नौका परिवहन तथा इनलैंड वॉटरवेज के लिहाज से रोल मॉडल के तौर पर स्थापित करने की दिशा में योगी ने नए अध्याय की नींव रखी। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ तैयारियों का जायजा लेने अयोध्या आए हैं। इस क्रम में उन्होंने इस बोट के परिचालन को लेकर तमाम तकनीकी पहलुओं के निरीक्षण के साथ ही इनलैंड वॉटरवेज के विकास के लिहाज से अयोध्या में हो रहे प्रयासों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बटन दबाकर बोट संचालन की शुरुआत की तथा सरयू नदी में बोट पर सवार होकर नदी किनारे बने फ्लोटिंग जेटी व फ्लोटिंग बोट चार्जिंग स्टेशन का भी जायजा लिया।

सरयू में बोटिंग कर लिया तैयारियों का जायजा

सोलर बोट पर बैठकर लोगों का अभिवादन करते सीएम।

योगी ने अयोध्या में सरयू घाट पर शुक्रवार को सोलर बोट के संचालन का शुभारंभ करते हुए बोट के नेवीगेशन बटन को दबाकर आगाज किया। इस दौरान उन्होंने सरयू नदी में इस बोट के जरिए नौकायन भी किया तथा सरयू नदी के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं तथा इनलैंड वॉटरवेज के हिसाब से विकसित की जा रही सुविधाओं का जायजा लेते हुए उनके बारे में जानकारियां प्राप्त कीं। इस दौरान, सेलिंग जेटी के तौर पर कार्यरत ई-बोट चार्जिंग स्टेशन बनाए गए गंगा-6 को भी देखा तथा इसके बारे में जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि यह सेलिंग जेटी 15 दिसंबर से अयोध्या में डेरा डाले हुए है तथा यह 20 बोट्स के बर्थिंग का माध्यम बन सकता है। सेलिंग जेटी पर इलेक्ट्रिक पावर चार्जिंग प्लग प्वॉइंट्स को भी विकसित किया गया है, जिसके जरिए सरयू नदी में चलने वाली ई-बोट्स की चार्जिंग व बर्थिंग प्रक्रिया को पूर्ण किया जा सकेगा। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, अमित सिंह चौहान, रामचंद्र यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

महज संयोग नहीं, देव योग की साक्षी बन रही है मौजूदा पीढ़ी

राज्य ब्यूरो अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या दौरे के दौरान एक ओर 22 जनवरी को होने वाले भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर तैयारियों का जायजा लेते दिखे वहीं, दूसरी ओर विभिन्न मंचों के जरिए उन्होंने लोगों से मर्यादित व संयमित उदाहरण प्रस्तुत कर अयोध्या की छवि को देश-दुनिया में ख्याति दिलाने का आह्वान भी किया। जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य के अमृत महोत्सव में शिरकत कर उन्होंने जय जय सीताराम के नारे का उद्घोष करते हुए कहा कि व्यासपीठ पर विराजमान जगतगुरू रामभद्राचार्य महाराज, दीदी मां साध्वी ऋतंभरा, कथाव्यास देवकीनंदन ठाकुर व सभी सम्मानित श्रद्धालुजन का मैं मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की इस पीवन धरा पर प्रदेश शासन की ओर से हृदय से अभिनंदन करता हूं। ये महज संयोग नहीं है बल्कि देवयोग से निर्धारित कार्यक्रम होगा कि जब पूज्य जगतगुरू रामभद्राचार्य जी के जन्मोत्सव का अमृत महोत्सव हो तो उसी अवसर पर प्रभु राम 5 शताब्दी की अपनी इस अवधि को विस्मृत कर अपनी इस जन्मभूमि पर विराजित हो रहे हों। प्रभु की कृपा के सिवाय इस प्रकार के देवयोग मिलने कठिन हैं। हमारी तो पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि हमने संघर्ष को नजदीक से देखा और आज अपने इस भौतिक चक्षु से न केवल प्रभु श्रीराम को अपने भव्य मंदिर में विराजमान होता देखत रहे हैं बल्कि एक नए भारत की नई अयोध्या का दर्शन भी हम सबको हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को अयोध्या में जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य के अमृत महोत्सव में भागीदारी की।

रामपथ पर टेढ़ी बाजार पर मल्टीप्लेक्स भवन का दृश्य।

लता मंगेशकर चौक पर पेड़ पर झिलमिलाते घंटी नुमा दीपक।

रामोत्सव | आध्यात्मिक और पौराणिक धार्मिक किंवदंतियों को समेटे हुए है बड़ी देवकाली मंदिर

यहां श्रीराम को दर्शन कराने लायी थीं माता कौशल्या

अंकित सेन, अयोध्या

अमृत विचार : आध्यात्मिक और पौराणिक धार्मिक किंवदंतियों को समेटे हुए बड़ी देवकाली मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व रघुकुल के घराने की कुलदेवी के पूजन की तैयारी है। बताया जाता है कि यहां त्रेतायुग में जन्में रामलला को लेकर दर्शन कराने माता कौशल्या आईं थीं। शास्त्रों में उल्लेख है कि प्रभु श्रीराम के पूर्वज राजा रघु को युद्ध में कहीं जाना था, तब उनके स्वप्न में आकर कुलदेवी ने विजयश्री प्राप्त करने के लिए शतचंडी महायज्ञ कराने का आदेश दिया था। राजा रघु ने यहां प्राचीनतम मंदिर में शतचंडी महायज्ञ करा विजयश्री का वरण किया था।

22 जनवरी को जब रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो उनकी कुलदेवी के मंदिर में विशेष पूजन अर्चन तैयारी की जा रही है। सिद्धपीठ बड़ी देवकाली मंदिर के महंत सुनील पाठक का कहना है कि यूं तो हर मठ-मंदिरों में आरती, कीर्तन व अन्य धार्मिक अनुष्ठान होगा लेकिन रामलला की कुलदेवी के मंदिर में महोत्सव को लेकर विशेष पूजन हो रहा है। उनका कहना है कि 21 जनवरी को मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन होगा। वहीं 22 जनवरी को मंदिर परिसर व पौराणिक कुंड पर दीपों का प्रज्ज्वलन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रीराम के पूर्वज राजा रघु किसी युद्ध में जाने की तैयारी करते थे तो महारानी ने उनको स्वप्न में शतचंडी महायज्ञ करने का आदेश दिया था। उसके बाद राजा रघु ने यहां आकर महायज्ञ किया था और विजयश्री हासिल की थी। वहीं त्रेतायुग में अवतार लेने के बाद माता कौशल्या में रामलला को यहां लाकर कुलदेवी का दर्शन कराया था। मंदिर में ही माता कौशल्या के साथ श्रीराम बालरूप में पालने में विराजमान हैं।

श्रीराम की कुलदेवी मां बड़ी देवकाली का मंदिर।

मंदिर में एक साथ विराजमान हैं माता के तीन विग्रह

महंत सुनील पाठक का कहना है कि बड़ी देवकाली मंदिर के गर्भगृह में महाकाली, महासरस्वती व महालक्ष्मी तीनों देवियां एक साथ विराजमान हैं। उन्होंने बताया कि देवी भागवत के सातवें अध्याय के 11वें स्कंद में त्रिगुटा का वर्णन हैं। त्रिगुटा का मतलब महाकाली, महालक्ष्मी व महासरस्वती। रजोगुण, तपोगुण व सतोगुण तीनों रूपों में बड़ी देवकाली में मातारानी एक साथ विराजमान हैं।

भूमि पूजन से पहले भी कुलदेवी का हुआ था पूजन

बड़ी देवकाली मंदिर के महंत सुनील पाठक के अनुसार 5 अगस्त 2020 को जब प्रधानमंत्री ने राम मंदिर में भूमि पूजन किया था तो उससे पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य व राजा अयोध्या विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र ने भूमि पूजन के सकुशल संपन्न होने को लेकर यहां पूजन-अर्चन किया था।

प्राण प्रतिष्ठा से पहले रघुकुल के घराने की कुलदेवी का होगा पूजन

भूमि पूजन से पहले यहां पर ट्रस्ट की ओर पूजन अर्चन किया गया था। अब मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होने जा रही है, इसको लेकर यहां विशेष पूजन की तैयारी है। हालांकि अभी तक ट्रस्ट की ओर से कोई बात नहीं हुई है, लेकिन मान्यताओं के अनुसार यहां पूजन होना चाहिए। उम्मीद ही नहीं विश्वास है कि प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व यहां पर कुलदेवी का पूजन जरूर होगा। - **सुनील पाठक, महंत, बड़ी देवकाली**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अर्थम् महान्तमासाद्य विद्यामैश्वर्यमेव वा।
विचरत्यसमुन्नद्धो यः स पंडित उच्यते ॥

जो व्यक्ति विपुल धन-संपत्ति, ज्ञान, ऐश्वर्य, श्री इत्यादि को पाकर भी अहंकार नहीं करता, वह ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

शैक्षिक ढांचे पर सवाल

बच्चों की बुनियादी साक्षरता के स्तर में बड़ी गिरावट हमारे शैक्षिक ढांचे पर सवालिया निशान है। संख्यात्मक कौशल की तुलना में उनकी पढ़ने की क्षमता बहुत तेजी से खराब हो रही है। शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट 2023 (एएसईआर) से पता चलता है कि देश के सरकारी स्कूलों में 56 प्रतिशत किशोर गणित की सामान्य प्रक्रियाएं नहीं कर पाते। करीब 25 प्रतिशत छात्र क्षेत्रीय भाषा में कक्षा-दो का पाठ भी धाराप्रवाह ढंग से नहीं पढ़ पाते। यह एक राष्ट्रीय स्तर का घरेलू सर्वेक्षण है। रिपोर्ट के लिए 26 राज्यों के 28 जिलों में 14-18 आयुवर्ग के 34745 बच्चों पर सर्वे किया गया। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के दो ग्रामीण जिलों व अन्य सभी प्रमुख राज्यों के कम से कम एक ग्रामीण जिले में सर्वे किया गया। यह ग्रामीण भारत में बच्चों की स्कूली शिक्षा और सीखने की स्थिति पर रिपोर्ट तैयार करता है। रिपोर्ट के मुताबिक 14-18 आयु वर्ग के ग्रामीण बच्चों के बीच कला/मानविकी विषय पहली पसंद है। इस स्ट्रीम में 11वीं कक्षा या उससे अधिक के 55.7 प्रतिशत छात्र नामांकित हैं। इसके बाद एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) में 31.7 प्रतिशत और वाणिज्य में 9.4 प्रतिशत हैं। एएसईआर में बताया गया है कि लड़कियों की तुलना में बड़ी संख्या में लड़के कक्षा 12 के बाद पढ़ना नहीं चाहते। रिपोर्ट के नतीजे किशोरों के बीच कौशल की भारी कमी की ओर इशारा करते हैं, उनमें से कई लोग नौकरी बाजार में प्रवेश करने से केवल कुछ ही साल दूर हैं।

विडंबना है कि पचास फीसदी से अधिक किशोर-किशोरी गणित की सामान्य जोड़-घटाव की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाते, लेकिन स्मार्टफोन की जटिल प्रक्रिया के संचालन में दक्ष हैं। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही कही जाएगी कि मोबाइल की लत नई पीढ़ी के बच्चों की वह एकाग्रता भंग कर रही है जो उन्हें निरंतर पढ़ाई के लिए चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां लगभग एक चौथाई लड़कों ने शिक्षा छोड़ने के लिए 'रुचि की कमी', वहीं लगभग 20 प्रतिशत लड़कियों ने इसके लिए 'पारिवारिक बाधाएं' को जिम्मेदार ठहराया है। आमतौर पर पढ़ाई छोड़ने के अन्य कारणों में 'वित्तीय बाधाएं' और परीक्षा में 'असफलता' शामिल हैं। वास्तव में वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट के नतीजे विचलित करने वाले हैं। हालात निराशाजनक नहीं बल्कि चुनौतीपूर्ण हैं। निष्कर्ष बताते हैं कि आने वाले भारत का भविष्य कैसा होगा? सरकार, समाज और अभिभावकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चों को अच्छी स्कूली शिक्षा मिले। प्राथमिक विद्यालय स्तर पर बच्चों की बुनियादी पढ़ाई और गणित की शिक्षा में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। इस संकट के सभी पहलुओं पर विचार किया जाना चाहिए।

जन्मभूमि विवाद की न्यायिक यात्रा के प्रमुख गवाह

डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

सर्वाधिक 44 गवाह सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के मुकदमा 4 में वादी और प्रतिवादी पक्षों से पेश हुए थे। इसमें वादी सेंट्रल सुन्नी वक्फ बोर्ड व अन्य मुस्लिम पक्षकारों की ओर से बाबरी मस्जिद के समर्थन में 32 लोगों ने गवाही दी थी जिसमें 11 हिंदू समुदाय से थे।

सिविल जज फैजाबाद के न्यायालय में दायर चार मुकदमों की उच्च न्यायालय में एक साथ सुनवाई हुई थी। गोपाल सिंह विशारद ने 16 जनवरी 1950 (मुकदमा 1), निर्मोही अखाड़ा 17 दिसम्बर 1959 (मुकदमा 3), सुन्नी सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड ने 18 दिसंबर 1961 (मुकदमा 4) और भगवान श्री राम लला विराजमान के सखा देवकीनंदन अग्रवाल ने 1 जुलाई 1989 (मुकदमा 5) को सिविल जज फैजाबाद के न्यायालय में दायर किया था। श्री अग्रवाल उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति थे। उनकी मृत्यु 8 अप्रैल 2020 को हुई थी। उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 25 अप्रैल 2002 से डॉ. टी पी वर्मा वाद मित्र नियुक्त हुए थे। सर्वोच्च न्यायालय ने 8 फरवरी 2010 को मुकदमा 5 के वादी श्री रामलला विराजमान व स्थान राम जन्मभूमि की ओर से त्रिलोकी नाथ पाण्डेय को वाद मित्र नियुक्त किया। ये चारों मुकदमें 10 जुलाई 1989 को उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ बेंच को स्थानांतरित हो गए थे।

भव्य-दिव्य श्री राम जन्मभूमि मंदिर का पुनर्निर्माण हो चुका है। श्री रामलला विराजमान जन्मभूमि पर प्रतिष्ठित हो चुके हैं। प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। 1528 में बाबर के सेनापति मीर बाकी ने राम जन्मभूमि मंदिर को विध्वंसकर उसी जगह मंदिर की सामग्रियों का उपयोग कर बाबरी मस्जिद की तामीर की थी। 6 दिसंबर 1992 को इस विवादित ढांचे को कारसेवकों ने तोड़ा था। श्रीराम जन्मभूमि ध्वंस के बाद से संघर्षों और मुकदमों की एक लंबी श्रंखला रही है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद मंदिर का निर्माण हुआ है। बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी होगी कि इन मुकदमों के 88 गवाहों में कई हिंदू गवाहों ने सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के मुकदमे में बाबरी मस्जिद के पक्ष में गवाही दी है। 88 गवाहों की सूची में तथ्यों के गवाहों के साथ ही धार्मिक,पुरातात्विक और ऐतिहासिक विषयों की जानकार शामिल हैं। अयोध्या के रामकोट मोहल्ला स्थित 1500 वर्ग गज का यह मुकदमा दो धार्मिक समुदायों के मध्य था।

सिविल जज फैजाबाद के न्यायालय में दायर चार मुकदमों की उच्च न्यायालय में एक साथ सुनवाई हुई थी। गोपाल सिंह विशारद ने 16 जनवरी 1950 (मुकदमा 1),निर्मोही अखाड़ा 17 दिसम्बर 1959 (मुकदमा 3),सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने 18 दिसंबर 1961(मुकदमा 4) और भगवान श्रीरामलला विराजमान के सखा देवकीनंदन अग्रवाल ने 1 जुलाई 1989 (मुकदमा 5) को सिविल जज फैजाबाद के न्यायालय में दायर किया था। श्री अग्रवाल उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति थे। उनकी मृत्यु 8 अप्रैल 2020 को हुई थी। उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 25 अप्रैल 2002 से डॉ टी पी वर्मा वाद मित्र नियुक्त हुए थे। सर्वोच्च न्यायालय ने 8 फरवरी 2010 को मुकदमा 5 के वादी श्री रामलला विराजमान व स्थान राम जन्मभूमि की ओर से त्रिलोकी नाथ पाण्डेय को वाद मित्र नियुक्त किया। ये चारों मुकदमें 10 जुलाई 1989 को उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ बेंच को स्थानांतरित हो गए थे। दिगंबर अखाड़ा के तत्कालीन महंत रामचंद्र दास परमहंस ने 5 दिसंबर 1950 (मुकदमा 2)को संस्थित मुकदमा 18 सितंबर 1990 को वापस ले लिया था।

सर्वाधिक 44 गवाह सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के मुकदमा 4 में वादी और प्रतिवादी पक्षों से पेश हुए थे। इसमें वादी सेंट्रल सुन्नी वक्फ बोर्ड व अन्य मुस्लिम पक्षकारों की ओर से बाबरी मस्जिद के समर्थन में 32 लोगों ने गवाही दी थी जिसमें 11 हिंदू समुदाय से थे। इस मुकदमा 4 में तथ्यों के 17 गवाहों में राम चन्द्र उपाध्याय और सुरेश चंद्र मिश्र ने भी बाबरी मस्जिद का पक्ष लिया था। सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से आठ पुरातत्ववेत्ताओं में प्रोफेसर सूरजभान,प्रोफेसर डी.मंडल,डॉ. सीताराम राय,डॉ.जया मेनन, डॉ.आर सी ठक्करन, डॉ. दत्ता अशोक दत्ता,डॉ सुप्रिया वर्मा और डॉ शेरीन एफ रत्नागर थे। मुकदमा 4 के पक्ष में इतिहासकार के रूप में सुशील श्रीवास्तव, प्रोफेसर सुवीरा जायसवाल और प्रोफेसर शिरीन मुसावी पेश हुए थे। धार्मिक मामलों के विशेषज्ञ के रूप में मौलाना अतीक अहमद,मोहम्मद खालिद नकवी और कलवे जावेद पेश हुए थे।

सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने मुकदमा 4 में 20 लोगों को प्रतिवादी बनाया था। इसमें प्रतिवादी संख्या 2 रामचन्द्र परमहंस की ओर से प्रस्तुत गवाह रामविलास दास वेदांती,राजेंद्र और रामशरण श्रीवास्तव ने मुस्लिम पक्षकारों के तर्कों के विरोध में श्रीराम जन्मभूमि का पक्ष रखा था। प्रतिवादी संख्या 13 धर्मदास ने राम जन्मभूमि के पक्ष में स्वयं गवाही दी थी और इतिहासकार के रूप में डॉ. बिशन बहादुर व तथ्य के गवाह के रूप में महंत अवध बिहारी दास को उपस्थित किया था।

प्रतिवादी संख्या 17 रमेश चंद्र त्रिपाठी ने स्वयं उपस्थित होकर बाबरी मस्जिद के पक्ष में दी गई दलील का का विरोध किया था। प्रतिवादी संख्या 20 मदन मोहन गुप्ता ने धार्मिक मामलों के विशेषज्ञ के रूप में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती,जो संप्रति ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य हैं,के अलावा ब्रह्मचारी रक्षानंद की गवाही दिलवाई थी। उन्होंने पुरातत्ववेत्ता जयंती प्रसाद श्रीवास्तव को गवाह के रूप में पेश किया था। श्री शशिकांत रुंगटा और एमएम गुप्ता ने तथ्यों की गवाही दी थी।

श्रीरामलला विराजमान की ओर से प्रस्तुत मुकदमा 5 में 19 गवाह पेश किए गए थे। इसमें प्रतिवादियों में शामिल सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा,धर्मदास चेला अभिराम दास व ऑल इंडिया हिंदू महासभा आदि ने कोई गवाह प्रस्तुत नहीं किया था। मुकदमा 5 में धार्मिक मामलों के विशेषज्ञ गवाह के रूप में जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य उपस्थित हुए थे। स्वामी रामभद्राचार्य की गवाही पर सुन्नी सेंट्रल बोर्ड के वकील जफरयाब जिलानी ने भरोसा किया था और उन्हें धार्मिक विद्वान कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय में उनके गंभीर अध्येता होने का उल्लेख किया है।

इतिहासकार के रूप में एकमात्र विशेषज्ञ गवाह डॉ. सतीश चंद्र मित्तल की गवाही हुई थी। डॉ. टीपी वर्मा,डॉ.वीवी रमेश व एमएन कट्टी पुरालेख शास्त्री के रूप में गवाही दिए थे। पुरातत्व के विशेषज्ञ गवाह डॉ. एसपी गुप्ता,डॉ. राकेश तिवारी, डॉ.आर नाग स्वामी, अरुण कुमार शर्मा व राकेश दत्त त्रिवेदी थे। तथ्यों के संबंध में नौ लोगों की गवाही हुई थी जिसमें दिगंबर अखाड़ा के महंत परमहंस रामचंद्र दास,बनारसी पंडा व अशोक चटर्जी प्रमुख थे।

मुकदमा 1 के वादी गोपाल सिंह की मृत्यु हो चुकी थी। मृत्यु के बाद उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 22 फरवरी 1986 द्वारा पुत्र राजेंद्र सिंह वादी बने थे। इस मुकदमा में वादी राजेन्द्र सिंह के अतिरिक्त सहदेव प्रसाद दुबे व कृष्णा चंद्र सिंह ने गवाही दी थी। निर्मोही अखाड़ा के मुकदमा 3 में वादी पक्ष से 20 लोगों ने गवाही दी थी। इसमें महंत भास्कर दास, महंत शिव शरण दास,महंत रामजी दास,महंत राम सुभग शास्त्री,आचार्य बंशीधर दास, उड़िया बाबा, पंडित श्याम सुंदर मिश्र,बड़कऊ महाराज,महंत राजा रामचंद्र आचार्य,पाटेश्वरी दत्त पांडेय और जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी हरियाचार्य प्रमुख थे। महंत भाष्कर दास (75) ने 29 अगस्त 2023 को बयान/ गवाही दी थी। उनका बयान कि वे 22/23 दिसंबर की रात विवादित ढांचा के उत्तरी गुम्बद के नीचे सोए थे,वहां कोई घटना घटित नहीं हुई थी,काफी चर्चित रहा। सर्वोच्च न्यायालय ने बयान को काल्पनिक कथन कहा है। यह वही रात्रि थी जब केंद्रीय गुम्बद के नीचे श्री रामलला की मूर्ति रखी गई थी।

निर्मोही अखाड़ा के मुकदमें में प्रतिवादी पक्ष की तरफ से हाजी महबूब अहमद और पुरातत्ववेत्ता मोहम्मद आबिद ने गवाही दी थी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जिरह (क्रॉस एग्जामिनेशन) में मोहम्मद हासिम व हाजी महबूब अहमद ने कहा है कि हिंदू समुदाय के लिए श्रीराम जन्मभूमि का वही महत्व है,जो मुसलमान के लिए मक्का का है।

प्रसंगवश

जब नव विवाहिता सीता डरीं

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

राम के बाद उनका राज्य उनके पुत्रों लव और कुश में विभक्त हुआ। लव के कालराय और कुश के कालकेतु उत्पन्न हुए। कालराय का विवाह एक राजकुमारी से हुआ जिससे सोढ़ी वंश हुआ। इसी वंश में गुरु गोविंद सिंह जी जन्मे। वे अप्रतिम योद्धा तो थे ही, एक महान रामभक्त और कवि भी थे। उनका 'रामावतार' काव्य ग्रंथ एक अनुपम रचना है। इसमें सीता जी के रूप सौंदर्य और मनोभावों का बड़ा मनोहारी चित्रण है। उनके श्रीविग्रह का वर्णन करते हुए वे कहते हैं-किधौं देवकन्या किधौं वासवी है।/ किधौं जच्छनी किन्नरी नागनी है।। किधौं राग पूरे भरी रागमाला।/ वरी राम तैसी सिया आज बाला।। सीता स्वयंवर के बाद वे भक्ति भाव में भरपूर डूबे,मानो सीता जी के अंतःकरण में प्रविष्ट हो गए। राम को जयमाला पहनाने के उपरांत जब सीता जी की सखियों ने उनसे कहा कि 'श्रीराम के चरण स्पर्श करो',तो वे असमंजस में पड़ीं,यानी डर गईं। उन्हें भय हुआ कि इनके चरण स्पर्श से तो पत्थर स्त्री रूप में परिणत हो जाता है और मेरी अंगूठी में हीरा जड़ा है। कहीं वह भी स्त्री न बन जाए,तब एक सौतन और उपस्थित हो जाएगी। यही नहीं जब धनुष भंग हो गया,तो उसकी तीव्र ध्वनि सुनकर परशुराम आ गए। गोस्वामी तुलसीदास ने उनकी अधिकांश वार्ता लक्ष्मण से वर्णित की है,किंतु गुरुजी ने यह वार्ता राम से हुई बखानी है। अंततोगत्वा परशुराम जी श्रीराम को सारंग धनुष प्रत्यंचा चढ़ाने को देते हैं। जैसे ही राम वह धनुष हाथ में लेते हैं तो सीता पुनः भीता होती हैं। उनके भय का कारण बनता है कि धनुष तोड़ने से इन्हें पत्नी मिल जाती है और यह धनुष तो ये आसानी से तोड़ ही देंगे। ऐसे में कोई दूसरी सुंदरी यहां प्रतिद्वंद्विनी बनकर न खड़ी हो जाए। बहरहाल ये सभी शंकाएं निर्मूल रहीं और वे सकुशल ससुराल पहुंच गईं। लगता है सीता जी पति पर आधिपत्य बनाए रखने हेतु बहुत सचेष्ट थीं। अशोक वाटिका में जब हनुमान जी ने तरु पल्लव से छिपकर श्रीराम द्वारा प्रेषित मुद्रिका डाली तो वे स्त्री जाति को उलाहना देने लगीं। कवि केशवदास ने 'रामचंद्रिका' में लिखा है कि वे बोलीं,"ऐ मुदरी! अब स्त्रियों का विश्वास कौन करेगा? क्योंकि उत्तरोत्तर राम को वे धोखा दे रहीं हैं। लक्ष्मी (धन संपत्ति) ने उनका साथ अयोध्या में छोड़ दिया। वन आने पर मैंने उनका साथ छोड़ दिया और अब तू भी उन्हें छोड़कर चली आई?"

विधि एवं न्याय के परिप्रेक्ष्य में रामराज्य

डॉ.अमित सिंह
संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष
विधि, एमजेपीआयू, बरेली

राजा में प्राथमिक गुण न्यायप्रिय और पक्षपात रहित होना चाहिए। यह प्रशासनिक विधि का प्रारंभिक सिद्धांत है।

भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम कहा जाता हैं,क्योंकि उनका व्यक्तित्व मर्यादा, करुणा,सत्य,धर्म व सदाचार से ओत-प्रोत है। मर्यादा का अर्थ संस्कृत में न्याय एवं धर्म की सीमा है। पुरुषोत्तम श्रीराम का चरित्र भी मर्यादित है। इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम कहा जाता है। श्रीराम ने अपने पिता को दिए गए वचनों का पालन किया। दिए गए वचन का पालन ही विधि एवं न्याय का आधार है। इसे विधि में विबंधन का सिद्धांत कहते हैं। विधि और न्याय के अनुसार मानवाधिकारों का संरक्षण, प्रजा में अंतिम व्यक्ति तक को न्याय एवं सर्वांगीण विकास की संकल्पना उनको मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम बनती है।

रामराज्य का अर्थ है राजा अथवा शासक द्वारा राज्य में विधि एवं न्याय के अनुसार सुशासन व्यवस्था होना है। रामराज्य कुशल राजव्यवस्था, शासन के संचालन के लिए आवश्यक है। प्रजा के हित में विकसित, प्रगतिशील,संपन्न एवं सकारात्मक सुदृढ़ राज्य की स्थापना करना है,जो भारतीय संविधान,अंतर्राष्ट्रीय विधियों एवं संधियों में राज्य की परिकल्पना ही मर्यादा पुरुषोत्तम राम के रामराज्य शासन का प्रतिबिंब है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि भारतीय संस्कृति, नैतिकता, भारतीय विधि व राजनीतिक मूल्यों के आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन दर्शन के अनुरूप हैं। राम द्वारा अपने वचनों का पालन हमें हमारे जीवन में वचनों को निभाने की प्रेरणा देते हैं। वचनों के पालन से संबंधित भारतीय संविदा विधि हमारे सामने है। लंका के साथ युद्ध में शामिल होने से पहले, राम ने सीता की शांतिपूर्ण वापसी सुनिश्चित करने और युद्ध से बचने के प्रयास में अंगद को दूत के रूप में रावण के दरबार में भेजा था। रावण ने इस अवसर का उपयोग अंगद को मारने के लिए योजना बनाई। हालांकि उनके भाई विभीषण ने उन्हें याद दिलाया कि एक राजदूत या दूत को मारना राजधर्म या राजा के कर्तव्य के विरुद्ध है। यह सिद्धांत राजनयिक संबंधों पर वियना कन्वेंशन 1961 के अनुच्छेद 29 में प्रतिबिंबित होता है। यह राजनयिक प्रतिरक्षा और विशेषाधिकारों को नियंत्रित करता है। किसी राजनयिक एजेंट को गिरफ्तार या हिरासत में नहीं लिया जा सकता है। उन्हें राज्य के अतिथि के रूप में माना जाना चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए जाने चाहिए कि उन्हें किसी भी तरह से नुकसान न हो।

विधि का शासन एवं अंतर्राष्ट्रीय विधि के नियम चाहे वह युद्ध नीति से संबंधित हो या राज्यों के पारस्परिक व्यवहार से संबंधित हो। राम का चरित्र एवं जीवन दर्शन हमारे सामने ही इन्हें सर्वांगीण रूप से व्यवहार में अमल में लाने की सीख देता है। पैक्टा सैंट सर्वेंडा संधि सदैव पालनीय है,क्योंकि संधि का पालन सदैव विबंध में बांधता है। यह आदर्श वाक्य "रघुकुल रीति सदा चली आई प्राण जाए पर वचन न जाए" में प्रतिबिंबित होता है। जिस समय राजा दशरथ ने प्रभु श्री राम को 14 वर्षों का वनवास दिया उस समय राम ने उनकी आज्ञा को इस प्रकार माना जैसे ऑस्टिन के सिद्धांत में संप्रभु की आज्ञा को सर्वोपरि माना गया है। ऑस्टिन सिद्धांत में राजा की आज्ञा को भगवान की आज्ञा के समान माना गया है। विधि शास्त्र रामराज्य शासन व्यवस्था पर आधारित है।

राजा में प्राथमिक गुण न्यायप्रिय और पक्षपात रहित होना चाहिए। यह प्रशासनिक विधि का प्रारंभिक सिद्धांत है। आदर्श राजा का उदाहरण आदर्श युद्ध नीति एवं कुशल योद्धा के रूप में भगवान श्रीराम न सिर्फ कुशल योद्धा थे,बल्कि सभी को साथ लेकर चलने वाले थे। उन्होंने अपने युद्ध कौशल के कारण पत्थरों से रामसेतु का निर्माण किया। उन्होंने युद्ध की स्थिति में शत्रु राज्य से शरणार्थियों को शरण देकर रक्षा का आश्वासन दिया। जब विभीषण भगवान श्रीराम से मिलने आए तब सुग्रीव ने कहा कि वह दुश्मन के भाई हैं,लेकिन श्रीराम ने उन्हें समझाते हुए कहा कि उनको अपने देश से निष्कासित किया गया है और वह उनसे शरण मांगने आए प्रत्येक व्यक्ति को शरण देना और उसकी रक्षा करना उनका स्वभाव व धर्म है,जो प्राकृतिक न्याय सिद्धांत पर आधारित है। रामायण एक आदर्श महाकाव्य है,जो हमेशा विधि और न्याय व्यवस्था के लिए एक आदर्श है चाहे वह समानता का अधिकार हो या प्राण व दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार व नीति निर्देशक तत्व,इनको समझने के लिए हमें श्रीराम,सीता,लक्ष्मण आदि का चरित्र समझना होगा। रामराज्य में हमेशा स्त्रियों के सम्मान की बात कही गई एवं स्त्रियों को पुरुषों से पहले संरक्षित किया एवं सम्मान दिया। वेदों व दूसरे ग्रंथों में पहले सीता का नाम लिया जाता है और जयसियाराम कहा जाता है।

सोशल फोरम

तीन प्रमुख शक्तियां

आलोक खरे
प्रोफेसर, बरेली कालेज
बरेली।

तीन प्रमुख शक्तियांः ईश्वर, प्रकृति और समाज हैं। इस बात में उलझन है कि ईश्वर ने ही प्रकृति बनाया या ईश्वर और प्रकृति समानांतर शक्तियां हैं। हालांकि तमिलनाडु के द्रविड़ प्रकृति को ईश्वर के समानांतर मानते हैं। बाकी का पूरा विश्व ईश्वर को ऊपर रखता है,फिर प्रकृति और प्रकृति से उपजा समाज।

प्रकृति को समझना और उसको एन्जाय करना एक आनंद है। अब प्रकृति क्या है? जैसे नाग का विष प्रकृति ने दिया है और डंसने का स्वभाव भी प्रकृति ने दिया है। जैसे ही आप सांप की प्रकृति से परिचित होते हैं,आप सावधान हो जाते हैं। गाय की प्रकृति दूध देना है। आप अपनी सामाजिक शक्ति के साथ गाय के दूध को अपनाते हैं। यह समझ आपको समाज से मिली है और गाय के दूध को अपने लिए प्रयोग करना, यह इंसान की मानसिक प्रकृति है, क्योंकि वह विचार वाला प्राणी है। जिसे भी दिमाग होगा,वह अपने फायदे के लिए ही सोचेगा और यहीं से इंसान प्रकृति का दोहन शुरू कर देता है। उदाहरण के लिए कोई सीधा सपाट इंसान मिल गया और आप उसके प्रकृति से जैसे परिचित हुए-दोहन शुरू। यह कितनी अजीब बात है- सामाजिक शक्तिओं से परिपूर्ण इंसान -सबसे पहले प्रकृति को ही नुकसान पहुंचाता है या प्रकृति को अपने फायदे के हिसाब से दोहन करता है। हिंदू धर्म की करोड़ों कहानियां मूलतः समाज की शक्ति को ही बल देती है।

आप कोई भी कहानी पढ़ लीजिए। उसके अंत में समाज ही होगा या प्रकृति नियंत्रित समाज, लेकिन इस बात को समझ लेना चाहिए कि प्रकृति ही समाज को जन्म देती है,लेकिन समाज ही सब कुछ नहीं है। वह प्रकृति गाइडेड है और शायद इसलिए समाज के नियम कानून बदलते रहते हैं,लेकिन मनुष्य? वह इन तीनों के मार खाकर भी लड़ता रहता है। कभी समाज से,कभी प्रकृति से और कभी ईश्वर से। समाज से थक गया- वहीं समर्पित हुआ। प्रकृति से लड़ा-प्रकृति से हार गया। ईश्वर से भी लड़ता है,क्योंकि जब आप प्रकृति से लड़ रहे हो मतलब ईश्वर को चैलेंज कर रहे हो। समाज से लड़ रहे हो मतलब आप प्रकृति को चैलेंज कर रहे हो।

-फेसबुक वॉल से

चावल में मूल्य वृद्धि के मायने

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चावल की बढ़ती कीमतों के पीछे एक महत्वपूर्ण कारण है चावल की बढ़ती मांग। पूरे विश्व विशेष कर के एशिया क्षेत्र में लगभग 3.5 बिलियन लोगों के लिए चावल मुख्य भोजन एवं आजीविका का प्रमुख साधन है। वैश्विक स्तर पर चावल का उत्पादन 900 मिलियन निर्धन व्यक्तियों को भोजन प्रदान करती है। हालांकि ईरान से संबंध बिगड़ने के बाद वहां सीधे चावल नहीं आ रहा है,परंतु अभी भी इराक के रास्ते चावल वहां जा रहा है। सऊदी अरब और यमन में भी भारतीय चावल की डिमांड बढ़ी है। पाकिस्तान में फसल खराब होने के कारण भारतीय चावल की मांग बढ़ी है। बांग्लादेश और नेपाल में भी सेवा और कामना चावल की मांग तेजी से बढ़ी है। चीन चावल का सबसे बड़ा उत्पादक होने के बावजूद भारत से ब्रोकन राइस आयात करता है। इससे वहां राइस प्रोडक्ट बनाया जाता है, जाहिर है कि भारत दुनिया में चावल का सबसे बड़ा निर्यातक है। चावल निर्यात में इसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है। ऐसे में जब भारत ने गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया है जिसके चलते भी कीमतों में वृद्धि हुई है। कुछ चावल उत्पादक देशों में अनियमित मौसम की स्थिति के कारण भी पैदावार का कम होना भी एक महत्वपूर्ण कारण है जिसकी वजह से आपूर्ति में अधिक गिरावट आई है। अलनीनो की वजह से एशिया में अनाज उत्पादन कम हुआ है।

वर्ष 2023-24 में थाईलैंड के धान के उत्पादन में लगभग छह प्रतिशत की कमी होने की आशंका है। वियतनाम ने तो सूखे की आशंका को देखते हुए किसानों को नई फसल लगाने को कहा है। भारत में भी गत सीजन के 136 मिलियन टन की तुलना में चावल उत्पादन के 134 मिलियन टन होने का अनुमान लगाया गया है। बाढ़ के कारण उत्तरी भारत में धान का उत्पादन प्रभावित होने और कम बारिश होने के कारण चालू खरीफ की बुआई के दौरान अनाज का रकबा कम होने की आशंका से भी कीमतें बढ़ी हैं। व्यापारियों का एक वर्ग छत्तीसगढ़ में चावल की कीमतों में बढ़ोतरी के लिए धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बढ़ाकर 2800 रुपये प्रति क्विंटल करने के कदम को जिम्मेदार ठहरा रहा है। अब तो वहां नई सरकार बनने के बाद तो 3100 रुपए प्रति कुंतल धान खरीदा जा रहा है जिसका असर घरेलू मूल्य पर पड़ा है। गैर बासमती चावल के नेपाल, मलेशिया, कैमरुन सहित 14 एशियाई और अफ्रीकी देशों को 2.77 एलएमटी चावल के निर्यात आदेश का भी असर पड़ा है। हरियाणा की कापरेटिव संस्था हैफेड के भी धान खरीद में उतरने से मंडी में प्रतिस्पर्द्धा बढ़ी है जिससे भी भाव में तेजी आई है। स्वाभाविक रुप से बाजार में जितनी प्रतिस्पर्द्धा बढ़ेगी किसानों को फसल का उतना अच्छा दाम मिलेगा।

पिछले एक वर्ष में चावल की खुदरा कीमतों में लगभग 13 से 15 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। बढ़ते चावल मूल्य का असर न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत खरीदे जा रहे सरकारी चावल पर पड़ा है। सरकार का लक्ष्य 2023-24 सीजन में खरीफ से उगाई जाने वाली फसल से 521.27 लाख टन चावल खरीदने का है, कम खरीद में योगदान देने वाले कारकों में प्रमुख उत्पादक राज्यों में पिछले साल मानसून की कमी, 2023 में शुष्क अगस्त का धान की फसलों पर प्रभाव, दोबारा बुआई के कारण देरी से आगमन और कुछ क्षेत्रों में देर से फसल शामिल है। केंद्र ने धान के एमएसपी में सात प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की,जो सामान्य किस्म के लिए 2183 रुपए प्रति क्विंटल और 'ए' ग्रेड के लिए 2203 रुपए प्रति क्विंटल है। सरकार अगले साल आम चुनाव से पहले खाद्य महंगाई बढ़ने को लेकर चिंतित हैं। इसीलिए भारत की ओर से कड़े एक्सपोर्ट प्रतिबंध, अच्छी फसल और पर्याप्त सरकारी भंडार के बावजूद चावल की कीमत बढ़ रही हैं। चावल की बढ़ती कीमत का कई देशों की खाद्य सुरक्षा पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। वैश्विक चावल निर्यात में भारत की 40 फीसदी हिस्सेदारी है। देश से निर्यात होने वाले कुल चावल में गैर-बासमती सफेद चावल की हिस्सेदारी करीब 25 फीसदी है। दक्षिण एशियाई देशों पर भारी असर पड़ेगा, जो भारत के सबसे बड़े व्यापारिक भागीदार हैं, खासकर चावल के लिए। अफ्रीका का 80 से 90 प्रतिशत चावल आयात भारत से ही होता है। अपने कम कीमत और आर्थिक गुणवत्ता की वजह से उप-सहारा अफ्रीका, भारतीय गैर-बासमती सफेद चावल का सबसे बड़ा आयातक देश है। ऐसे में निश्चित रूप से निर्यात पर प्रतिबंध की वजह से वैश्विक बाज़ार को चावल कमी का सामना करना पड़ेगा,जिस वजह से कीमतों में भारी वृद्धि होगी और आम जन की थालियों से चावल दूर होता जाएगा।

व्यंग्य

अजीब उलझन है,जाऊं कि न जाऊं

ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

आज पूरी दुनिया उत्तरोत्तर राममय होती जा रही है। हर कोई रामलला के दर्शनार्थ अयोध्या की ओर भागा जा रहा है। एक मैं हूं,जो द्वंद्व और दुविधा में फंसा हूं कि जाऊं या न जाऊं? अयोध्या जाने के मामले में जितने असमंजस में मैं हूं,उतने असमंजस में तो राम भी वनवास जाते समय नहीं रहे होंगे,बल्कि राम तो दशरथ और कौशल्या के आदेश को पाते ही वन-गमन को तत्पर हो गए थे। पहले मुझे कृष्ण भी सपने में सही राह सुझा जाते थे। अब कृष्ण नहीं आते हैं तो राम ही चले आते,पर भाई! वे क्यों आएंगे! वे तो इंग्लिश साहित्य में 'ईडीपस कांप्लेक्स' को दुनिया की सबसे बड़ी जटिलता या असमंजस माना जाता है। (यूनानी लोक कथाओं के अनुसार अज्ञानता और परिस्थितिवश थेब्स के राजा, ईडीपस ने अपनी मां को अपनी पत्नी बना लिया था। उन दोनों से बच्चे भी पैदा हुए। जब राजा-रानी,यानि ओडीपस और उसकी मां को वास्तविकता ज्ञात हुई तो ईडीपस ने आंखें फोड़ लीं और मां ने आत्महत्या कर ली।) मैं भी आज ईडीपस से कम किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं हूं।

लोग कहते हैं,अयोध्या मैं इसलिए नहीं जाना चाहता कि राम के भक्त हनुमानों से मुझे डर लगता है। बकौल तुलसी, 'बररै बालकु एकु सुभाऊ। इन्हहि न संत बिदूषहिं काऊ'॥ पर भाई जानों! सच मानो मुझे ऐसा कोई डर नहीं है। मुझे लाज-वाज की भी कोई चिंता नहीं है,पर मैं बहुत सोच-सोच कर अपनी छवि बनाता हूं और फूंक-फूंक कर कदम रखता हूं। लड़कों से वैसे भी गलतियां हो जाती हैं। मुझे सबसे अधिक डर इस बात का लगता है कि अगले चुनाव में कहीं लोग अट्टहास कर मुझसे यह यह न कहें,'तेरा क्या होगा कालिया?' मुझे हर समय अपना भविष्य दिखाई देता रहता है और तुलसी की,'उघरहि अंत न होहि निबाहू। कालनेमि जिमि रावण-राहू' चौपाई याद आती रहती है।

अभी कल-परसों एक बहाना यह भी दिमाग में आया था कि कर्नाटक में उठे हिजाब को उत्तर प्रदेश में गिराकर (चेहरे पर) फायदा उठाया जा सकता है, पर कल ही एक घटना ने मुझे उसे न अपनाने के लिए समय रहते सचेत कर मेरे प्लान पर तुषारापात कर दिया। (कल की ही घटना है,एक लड़का डटकर मेकअप के द्वारा अपने को लड़की बनाकर हिजाब में किसी लड़की की जगह प्रतियोगी परीक्षा देने गया और वहां धर लिया गया।) आखिर मुझे एक रास्ता सूझ ही गया जिसके तहत मैंने सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया कि मैं 22 के बाद अपनी टीना के साथ अयोध्या जाऊंगा। साथ में संभव हुआ तो टीना की टीम-ईना-मीना-डीना को भी साथ लाऊंगा। घोषणा तो घोषणा ही है और फिर हमारे खानदान की घोषणाएं दशरथ के ,'प्राण जाएं,बरु बचन न जाई' जैसे वंश की घोषणाएं थोड़ा ही हैं। सबसे बड़ी बात यह कि कल देखा किसने है?

छेड़छाड़ के एक दोषी को 5 तो दूसरे को 3 साल की जेल

पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश ने सुनाई सजा, दोनों दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया गया

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार : बाजार शुकुल और कुड़वार थाना क्षेत्र में तीन साल पहले किशोरी से छेड़छाड़, मारपीट धमकी के आरोपी पंकज कुमार और सूफियान को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन शर्मा ने शुक्रवार को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। 20 जुलाई 2020 की घटना में दोषी पंकज को कोर्ट ने पांच साल की जेल और 11 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति में दी जाएगी।

उधर, कुड़वार थाना क्षेत्र में छह अगस्त 2020 को नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ कर अपमानित करने के दोषी सूफियान को कोर्ट ने तीन साल की जेल और आठ हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने मुकदमे का फैसला कर पीड़ित पक्षों को न्याय दिया। अभियोजन पक्ष से एडीजीसी सीएल द्विवेदी, विवेक सिंह ने पैरवी की।

हमले के तीन आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र दोस्तपुर के ऊघड़पुर भटपुरा में चार माह पूर्व बलवा, गाली-गलौज व हमला करने के तीन आरोपियों की जमानत अर्जी आरोपों को गंभीर पाते हुए न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव ने खारिज कर दी। वादी पक्ष के वकील रजनीश शुक्ल ने बताया बीती 30 सितम्बर की घटना में गौरीशंकर ने गांव के ही राजेंद्र प्रसाद, अखिलेश, मोहित, विकास, गिरिजा शंकर पर बलवा, गाली-गलौज, मारपीट कर जख्मी करने का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोप पत्र कोर्ट भेजा। आरोपी राजेंद्र प्रसाद, अखिलेश व विकास की जमानत पर सुनवाई में आरोपों को गंभीर पाते हुए कोर्ट ने तीनों की जमानत खारिज कर दी है।

पूर्व मंत्री गायत्री के केस में सुनवाई 30 जनवरी को

सुलतानपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के पूर्व खनिज मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति पर 6 फरवरी 2017 को गौरीगंज के सैंठा चौराहे पर बिना अनुमति चुनावी जनसभा करने के मामले में सुनवाई के लिए कोर्ट ने 30 जनवरी की तारीख नियत की है। दरोगा आरपी शाही ने मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के बाद उन्हें क्लीन चिट दे दी गई थी। फाइनल रिपोर्ट का अंतिम निस्तारण में केस विचाराधीन है। कोर्ट ने दरोगा को बयान के लिए 30 जनवरी को तलब किया है।

गृहमंत्री अमित शाह के मामले की फिर टली सुनवाई



सुलतानपुर, अमृत विचार : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस की सुनवाई एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में शुक्रवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण टल गई। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 30 जनवरी की तारीख नियत किया है। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल व विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। आरोप है कि गृहमंत्री ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल व विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

विरोधाभासी बयानों से दुराचार का आरोपी बरी

तीन साल पूर्व किशोरी के अपहरण व दुराचार के आरोपी दिनेश यादव को न्यायाधीश पवन शर्मा ने साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया है। मोतिगरपुर थानाक्षेत्र में 21 अगस्त 2020 को मुकादमा दर्ज किया गया था। आरोपी के वकील बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि जिरह की तो पीड़िता व अन्य गवाहों ने विरोधाभासी बयान दिए। कोर्ट ने संदेह का लाभ देते हुए आरोपी को बरी कर दिया।

ट्रस्ट अध्यक्ष को भेंट की सोने व चांदी से बनी चरण पादुका

ट्रस्ट अध्यक्ष को चरण पादुका भेंट करते कर्नाटक निवासी श्रीनिवासन।

कार्यालय अयोध्या। अमृत विचार : रामलला के लिए कर्नाटक निवासी श्रीनिवासन ने सोने और चांदी के बनी चरण पादुका को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को शुक्रवार को भेंट की। श्रीनिवासन ने बताया कि 26 अक्टूबर को विशाखापटनम से चरण पादुका यात्रा प्रारंभ हुई थी, जो शुक्रवारको यात्रा रामनगरी पहुंची। उन्होंने बताया कि चरण पादुका को आठ किलो चांदी, 500 ग्राम सोना से तैयार किया गया है।

सात समुन्दर पार से पहुंचीं महिलाएं प्राण प्रतिष्ठा में होंगी शामिल

अयोध्याधाम पहुंची विदेशी महिलाएं। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामनगरी में शुक्रवार को पहुंचीं विदेशी महिलाएं श्री रामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगी। यहां साउथ अफ्रीका और लंदन से पहुंचीं महिलाओं में राम के प्रति आस्था दिखी। उन्होंने समूह में राम भजन "रघुनंदन राघव राम हरे सिया राम हरे सिया राम हरे" भी गाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ। श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर खुशी जाहिर करते हुए कहा हमारे यहां भी प्राण प्रतिष्ठा के दिन भजन, कीर्तन और दीपावली मनाई जाएगी।

एक नजर

दुष्कर्म के फरार तीन आरोपी पकड़े गए

बाराबंकी, अमृत विचार : हैदरगढ़ व सफदरगंज पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार लोनीकटरा क्षेत्र के खानपुर निवासी सुजीत कुमार रावत को और सफदरगंज पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार नगर कोतवाली के भिटूरा निवासी मोनू यादव को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। दुष्कर्म के मामले में फरार चंदवारा निवासी मसीहू को सफदरगंज पुलिस ने पकड़ा।

मारपीट में मां-बेटी घायल चार पर दर्ज हुआ केस

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : देवा कोतवाली के रीवा रतनपुर गांव निवासी देबी ने शुक्रवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर परिवार के ही रामनरायन, संदीप, रेनू व मायावती ने उसे और उसकी बेटी अंजली की लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। पुलिस ने मां-बेटी को सीएचसी में भर्ती करा चार पर मारपीट का केस दर्ज किया है।

दुष्कर्म के आरोपी भाइयों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

जसवंतनगर, इटावा, अमृत विचार : छह महीने पहले थाना क्षेत्र के गांव मलाजनी के सुरेंद्र कुमार के बेटों ऋषि व रितिक के खिलाफ युवती को अगवा कर बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने बताया कि दोनों भाइयों को गैंगस्टर में पाबंद किया गया है।

बहराइच : तेंदुए ने बालिका पर किया हमला, मौत

गेहूं की फसल में खाद डालने गया था पिता, साथ में थी बच्ची

मिहीपुरवा, बहराइच

अमृत विचार: कतर्निया घाट रेंज के अयोध्या पुरवा गांव निवासी एक बालिका शुक्रवार को पिता के साथ खेत गई थी। खेत में खाद डालते समय अचानक तेंदुआ पहुंच गया। और बालिका पर हमला कर दिया। बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। उसका शव कुछ दूरी से क्षत-विक्षत हालत में बरामद किया गया।

शुक्रवार दोपहर 2 बजे सुजौली ग्राम पंचायत के मजरा अयोध्यापुरवा निवासी इसराईल की 10 वर्षीय पुत्री आयशा घर से कुछ दूरी स्थित भरिया जंगल से सटे अपने पिता के साथ खेत गई। पिता खेत में खाद डालने लगा तभी घात लगाए बैठे तेंदुए ने अकेली बैठी बालिका पर झपट्टा मारकर हमला कर दिया। बालिका ने दम तोड़ दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों से किसान दौड़े और हांका लगाते हुए तेंदुए को जंगल की ओर खदेड़ा। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर सुजौली वन क्षेत्राधिकारी रोहित कुमार यादव, वन दारोगा अनिल कुमार, वाचर विकास व बेफई एसटीपीएफ की टीम के साथ पहुंचे। सुजौली एसओ सौरभ सिंह भी पहुंचे। पुलिस ने बालिका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

> जंगल में सटे गांव अयोध्या पुरवा की बालिका की तेंदुए के हमले से मौत हो गई। घटना काफी दुखद है, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी। -बी. शिवकुमार, डीएफओ

जेई ने वकील व पिता पर दर्ज कराया केस

हैदरगढ़, बाराबंकी अमृत विचार : विद्युत कनेक्शन काटने के समय अभद्रता का आरोप लगाकर जेई ने एक वकील व उनके पिता के खिलाफ हैदरगढ़ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। इकी जानकारी शुक्रवार दोपहर को हैदरगढ़ बार के वकीलों को हुई।

विद्युत विभाग के जेई राम बालक वर्मा ने 17 जनवरी को पुलिस को तहरीर दी बताया कि 13 जनवरी को कर्मचारियों के साथ कोतवाली हैदरगढ़ के गोतौना गांव गए थे। यहां के निवासी अजय सिंह व उनके पुत्र शिवबरदान सिंह ने विद्युत कर्मचारियों से अभद्रता की। बताया कि उपभोक्ता अजय सिंह का 74570 रुपये बिजली बिल बकाया है। बिल अदा न होने के कारण कर्मचारी कनेक्शन काटना चाहते थे। इसे लेकर उपभोक्ता अजय सिंह व उनके पुत्र शिवबरदान सिंह ने कर्मचारियों को अपमानित किया। जान से मारने धमकी दी। पुलिस ने जेई की तहरीर पर अजय सिंह व उनके पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी शिवबरदान सिंह तहसील बार के सदस्य हैं। आरोपी अधिवक्ता ने बताया कि विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने 25 हजार से कम के बिल व मीटर रीडिंग को फर्जी तरीके से 74 हजार से अधिक बिल बताकर गांव में उनके घर आकर अभद्रता की।

तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से फैक्ट्रीकर्मी की मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: नगर कोतवाली क्षेत्र में साथी के साथ फैक्ट्री से घर लौट रहे युवक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। उसकी मौत हो गई।

नगर कोतवाली के बडेल निवासी अजीत कुमार रावत (22) लखनऊ के तिवारीगंज स्थित एक फैक्ट्री में वेल्डिंग का काम करता था। गुरुवार की रात साथ काम करने वाले दोस्त को सतरिख थाने के मंजीठा गांव में छोड़ने के बाद वह घर लौट रहा था। इसी दौरान हैदरगढ़ मार्ग पर स्थित मौरंग मंडी के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवक को जिला अस्पताल लाया जाता कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

टीम ने की मनरेगा के कार्यों की जांच

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : मनरेगा तालाब की खोदाई में मनमानी कर धन हड़पने की शिकायत पर परियोजना निदेशक मनीष कुमार के साथ अधिशाषी अभियंता दीपक कुमार व ब्लॉक अधिकारियो ने पहुंचकर जांच-पड़ताल की। हालांकि मौके पर शिकायतकर्ता मौजूद नहीं थे। बीडीओ प्रीति वर्मा व एडीओ ऋषि पाल सिंह के साथ जब टीम अमृत तालाब पहुंची तो वहां पानी भरा था। आसपास के लोगों ने बताया कि शुरुआती दौर में जब पानी नहीं था तब खोदाई हुई थी। इसके बाद अब तक कोई काम नहीं हुआ। ग्राम प्रधान अजय कुमार ने बताया कि विकास कार्यों में कोई गड़बड़ी नहीं है, शिकायत फर्जी है।

गवाहों ने बार-बार बदले अपने बयान

अग्निकांड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार: आगजनी कांड में सपा विधायक इरफान सोलंकी व उनके भाई रिजवान के अधिवक्ता ने बहस के दौरान वादिनी पर एक के बाद एक कई सवाल दागे। बचाव पक्ष ने कोर्ट को बताया कि मामले के गवाहों ने अपने बयानों को बार-बार बदला है, जो कि महत्वपूर्ण बिंदु है। वादिनी ने तहरीर में जो कुछ बताया आगे के बयानों में कुछ और ही कहा है।

नजीर फातिमा की झोपड़ी फूंकने के मामले में शुक्रवार को बहस आगे बढ़ाई गई। बचाव पक्ष की ओर से मामले की वादिनी नजीर फातिमा पर कई सवाल दागे गए। सपा विधायक इरफान सोलंकी व उनके भाई रिजवान सोलंकी के अधिवक्ता सईद नकवी व शिवाकांत दीक्षित ने मामले से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण बिंदु कोर्ट के प्रकाश में लाए। अधिवक्ता सईद नकवी ने कहा कि नजीर फातिमा ने जो बातें तहरीर में लिखी वह पुलिस के बयान में बदली गई और कोर्ट में कुछ और बताया गया।

नूरी शौकत का रिवीजन कोर्ट ने किया खारिज

सपा विधायक इरफान सोलंकी के फर्जी आधार कार्ड से हवाई यात्रा के मामले में सह आरोपी नूरी शौकत व दो अन्य आरोपियों की रिवीजन याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी। सपा विधायक के फर्जी आधार कार्ड बनाने में नूरी शौकत पर मदद करने का आरोप है। नूरी शौकत व दो अन्य आरोपियों का रिवीजन एमपीएमएलए कोर्ट में विचाराधीन था। शुक्रवार को कोर्ट ने रिवीजन खारिज कर दिया।

फरार तस्कर को हाजिर होने को अदालत की नोटिस

बाराबंकी, अमृत विचार : एनडीपीएस के मामले में फरार चल रहे तस्कर की गिरफ्तारी के वारंट के बाद अब पुलिस ने अदालत के आदेश पर उसके घर नोटिस चस्पा की है। वहीं, कुर्की की कार्रवाई करने की मुनादी भी कराई है। जैदपुर थाना क्षेत्र के टिकरा उस्मा निवासी तस्कर मो. मुसैब अंतरराष्ट्रीय तस्कर अकील उर्फ भूरा का छोटा भाई है। उसकी 5 करोड़ 60 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति गैंगस्टर की धारा 14-एक के तहत कुर्क की जा चुकी है। एनडीपीएस के मामले में अदालत में हाजिर न होने पर कोर्ट ने वारंट जारी किया लेकिन इसके तामील से बचने के लिए तस्कर मुसैब फरार है। इसे लेकर कुर्की का नोटिस अदालत के आदेश पर शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक जैदपुर अमित प्रताप सिंह ने चस्पा कर गांव में मुनादी कराई।

कमरे के अंदर हीटर तापता बंदर

कानपुर। सर्दी से ठिठुर रहा एक बंदर शरण लेने के लिए पुलिस कमिश्नर के कैंप कार्यालय के अन्दर घुस गया और हीटर के सामने बैठकर तापने लगा। ड्यूटी पर तैनात उप निरीक्षक अशोक कुमार गुप्ता ने उसे भगाने की जगह बैठे रहने दिया और प्यार से सहला कर बिस्कुट खिलाया। गरमाहट पाने के बाद बिना हानि पहुंचाये बंदर चला गया। पुलिस के रवैये की सोशल मीडिया में खूब सराहना हुई।

चाट विक्रेता की गला काटकर हत्या

संवाददता, सिकंदरा

वारदात

▸▸ **रसधान गांव के बाहर खेत पर पड़ा मिला शव, आईजी जोगेंद्र कुमार ने घटनास्थल पहुंचकर की जांच-पड़ताल**

अमृत विचार: क्षेत्र के रसधान कस्बे के पास गुरुवार की रात एक युवक की हत्या कर शव फेंक दिया गया। शुक्रवार की सुबह गांव के बाहर खेत पर लाश मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की प्रारंभिक जांच-पड़ताल की, लेकिन हत्या की वजह और हत्यारों का कोई सुराग नहीं मिल सका। पिता की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

चाट विक्रेता दिलीप।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के रसधान निवासी दीपक (30) गांव-गांव ठेलिया ले जाकर चाट बेचता था। गुरुवार की सुबह वह चाट बेचने निकला था। इसके बाद घर नहीं लौटा। शुक्रवार की सुबह उसका शव गांव के बाहर मदनपुर जाने वाले संपर्क मार्ग के किनारे बड़े लल्ला उर्फ श्याम बाबू के खेत पर पड़ा मिला। शव के पास ही उसकी ठेलिया खड़ी थी। धारदार हथियार से उसकी हत्या की गई है। अनुमान है कि घर लौटते समय उसकी हत्या की गई। खेत पर शव मिलने की खबर पहुंची तो उसके परिवार में कोहराम मच गया।

हत्या की सूचना पर थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिंद पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। कुछ देर बाद पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति, एएसपी राजेश पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी प्रिया सिंह फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉयड के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए। खोजी कुत्ता कुछ दूर जाने के बाद भटक गया। शाम करीब चार बजे कानपुर परिक्षेत्र के आईजी जोगेंद्र कुमार भी पहुंचे और घटना के हर पहलुओं पर जानकारी ली। उन्होंने परिवार वालों से बातचीत करने के साथ ही सिकंदरा इंसपेक्टर को जल्द खुलासे के निर्देश दिए। फिलहाल हत्या की वजह और हत्यारों का सुराग नहीं लग सका है।

> हत्या के हर पहलू की बारीकी से छानबीन की जा रही है। पिता की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।
> -बीबीजीटीएस मूर्ति, एसपी

सार-संक्षेप

चंद पंक्तियों में वर्णित नहीं की जा सकती श्रीराम की कीर्ति

कार्यक्रम की शुरुआत करते लविवि हिंदी विभाग के प्रो.(रि.) हरिशंकर मिश्र व अन्य।

लखनऊ, अमृत विचार : बप्पा श्री नारायण वोकेशनल कालेज के सेमिनार हाल में बीएसएनवी इंस्टीट्यूट, कला समिति द्वारा आयोजित राम का चरित्र एवं राष्ट्रीय एकात्मकता विषय पर शुक्रवार को साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर हरिशंकर मिश्र उपस्थित रहे। अध्यक्षता कृष्ण मोहन मिश्र ने की। कार्यक्रम के आयोजक कीर्ति शर्मा, सचिव प्रो. ज्योतिकला एवं अपर्णा संन्याल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में इंस्टीट्यूट के छात्रों ने प्रभु श्रीराम पर आधारित भजन प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राम घट-घट में व्याप्त हैं हम सबको अपने भीतर के राम को समझना होगा और अपने चरित्र में उनके गुणों को उतारना होगा। प्रो. हरिशंकर मिश्र ने कहा कि राम का चरित्र अनुकरणीय है। उनकी कीर्ति एवं उनके गुणों का वर्णन चंद पंक्तियों में नहीं किया जा सकता। कार्यक्रम में बीएसएनवी. इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ज्योतिकला ने किया। मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ. अंजलि अस्थाना ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक प्रो. गीता रानी, प्रो. रामकुमार, प्रो. नीलिमा गुप्ता, डॉ. नीतू शर्मा, डॉ. अंजली अस्थाना, डॉ. बैरिस्टर कुमार गुप्ता, प्रो. वंदना, प्रो. संजीव शुक्ल, डा. डीके गुप्ता, प्रो. वीना पी. स्वामी, प्रो. यूएन अवस्थी, प्रो. गुंजन पाण्डेय, डॉ. अमृता सिह, डॉ. अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

शुरू हुई महादेवा के संस्कृत महाविद्यालय की जांच

बाराबंकी अमृत विचार : महादेवा मंदिर परिसर स्थित लोधेश्वर संस्कृत महाविद्यालय की अनियमिताओं की जांच जिलाधिकारी के आदेश पर शुरू हो गई है। अपर जिला अधिकारी न्यायिक इंद्रसेन ने अपने कार्यालय में गुरुवार को संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किया। बयान के दौरान ही अनियमिताएं सामने आने लगी हैं। इस दौरान प्रबंध समिति ही वैध होने की शिकायत को बल मिला है। महाविद्यालय में अनियमितता की शिकायत जिलाधिकारी से जयनारायण राकेश कुमार अवस्थी रामनाथ तथा सतीश कुमार ने की थी। जिस पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने अपर जिला अधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्य समिति गठित की थी। इस समिति में जिला विद्यालय निरीक्षक, डायट प्राचार्य को पदेन सदस्य बनाया गया है। शुक्रवार को कमेटी ने शिकायतकर्ता और प्रबंध समिति के सदस्यों को तलब किया था। प्रबंध समिति का कोई सदस्य उपस्थित नहीं हुआ। महाविद्यालय के निवर्तमान प्राचार्य जरूर मौजूद थे। जिन्होंने सूचना विलंब से मिलने की शिकायत भी दर्ज कराई। प्रारंभिक जांच में पता चला की मंदिर के महंत की मृत्यु के बाद कमेटी का पूरा उत्तरदायित्व जिले के हकीम यानी कि जिलाधिकारी को दे दिया जाना था। लेकिन कुछ लोगों ने नई प्रबंध समिति गठित कर ली। समिति के बारे में कमेटी के सामने प्रस्तुत हुए अमित अवस्थी ने कहा कि वह कमेटी के सदस्य हैं इस बात का पता उन्हें आज तक नहीं था। शिकायतकर्ताओं का कहना था कि महाविद्यालय में सभी शिक्षक और स्टाफ एक ही परिवार से ताल्लुक रखते हैं।

व्यवस्था | दीयों से लदे वाहन को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

रामनगरी को रोशन करेंगे बाराबंकी से भेजे गए एक लाख मोम के दीपक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

ट्रक को हरी झंडी दिखाते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह।

अमृत विचार : प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बाराबंकी के बने मोम के दीपक रामनगरी को रोशन करेंगे। इसको लेकर ग्रामोद्योग व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा आर्डर पर तैयार किए गए एक लाख दीपक से लदे वाहन को शुक्रवार को डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी दिनेश कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए रवाना किया।

मधुमक्खी द्वारा जमा की जाने वाले प्राकृतिक मोम से चैनपुरवा कायाकल्प फाउण्डेशन ने आर्डर मिलने के बाद एक लाख मोम के दीपक तैयार कराए। इस काम को लेकर बाराबंकी में मधुमक्खी पालन के लिए ग्रामोद्योग ओर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। उसके बाद उनके द्वारा आकर्षक डिजाइन में मोम के दीपक बनाकर उनकी पैकिंग की गई। प्राण-प्रतिष्ठा पर इन दीपकों से अयोध्या नगरी रोशन हो इसके लिए डीएम व एसपी ने मोम के दीपक से लदे वाहन को अयोध्या के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

डीएम व एसपी के साथ दीये बनाने वालीं महिलाएं और अयोध्या के लिए पैक किए जा रहे मोम के दीपक।

रक्षा मंत्री ने किया सीमांत जोशीमठ ढाक से 35 इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का लोकार्पण

सीमावर्ती क्षेत्र भारत का चेहरा व मुख्यधारा का हिस्सा : राजनाथ

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों को मुख्यधारा का हिस्सा मानती है न कि बफर जोन। आज नए भारत का नया आत्मविश्वास है। पहाड़ों पर बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है। लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सेना को प्रतिकूल परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने में मदद करने के लिए पहाड़ियों पर सेना तैनात की जा रही है।

रक्षा मंत्री सिंह ने शुक्रवार को सीमांत क्षेत्र जोशीमठ ढाक से बीआरओ द्वारा निर्मित 35 इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए देश को समर्पित किया। इनमें 7 राज्यों की 6 सड़कें और 29 पुल शामिल हैं। परियोजनाओं को बीआरओ ने 670 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया है। रक्षामंत्री ने कहा कि, एक समय था जब सीमा पर बुनियादी ढांचे के विकास को ज्यादा महत्व नहीं दिया जाता था। सरकारें इस मानसिकता के साथ काम करती थीं कि मैदानी इलाकों में रहने वाले लोग ही मुख्यधारा के लोग हैं। उन्हें चिंता थी कि सीमा पर घटनाक्रम का इस्तेमाल दुश्मन द्वारा किया जा सकता है। इसी संकीर्ण मानसिकता के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों तक विकास कभी नहीं पहुंच सका। ये सोच आज बदल गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार देश की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हम इन क्षेत्रों को बफर जोन नहीं मानते। ये हमारी मुख्यधारा का हिस्सा हैं।

परियोजना का उद्घाटन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, साथ में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व अन्य। ● अमृत विचार

विकास कार्य 4

▸▸ 670 करोड़ रुपये की लागत से बीआरओ ने पूरा किया काम

मित्र देशों से लेंगे सहयोग

रक्षा मंत्री ने जलवायु परिवर्तन को सिर्फ मौसम संबंधी घटना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा बेहद गंभीर मुद्दा बताया। कहा कि, रक्षा मंत्रालय इसे गंभीरता से ले रहा है और इस संबंध में मित्र देशों से सहयोग मांगेगा।

प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में तेजी से हो रहा विकास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य के सामरिक, धार्मिक व पर्यावरणीय महत्व को समझते हुए बड़ी परियोजनाओं पर काम शुरू किया गया है। चारधाम ऑल वेदर रोड, ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेलवे लाइन, सीमांत क्षेत्र विकास परियोजना व पर्वतमाला जैसी योजनाएं विकास के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तराखंड राज्य में तेजी से विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ पूरे मनोरथ से काम कर रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों में अवसंरचना विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए बीआरओ बधाई का पात्र है।

सीमांत क्षेत्रों में आवागमन हुआ सुगम

इन लोकार्पित परियोजनाओं में उत्तराखंड में 3 पुल, जम्मू-कश्मीर में 1 सड़क व 10 पुल, लद्दाख में 3 सड़कें व 6 पुल, हिमाचल प्रदेश में 1 पुल, सिक्किम में 2 सड़कें, अरूणाचल प्रदेश में 8 पुल तथा मिजोरम में 1 पुल हैं। उत्तराखंड में भारत-चीन सीमा को जोड़ने वाले जोशीमठ-मलारी मार्ग पर ढाक ब्रिज व भापकुंड ब्रिज और सुमना-रिमखिम मोटर मार्ग पर रिमखिम गाढ़ ब्रिज 33 .24 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए है, जिससे सीमांत क्षेत्रों में आवागमन सुगम हो गया है।

अब उत्तराखंड के इंजीनियरिंग संस्थानों में एआई में डिग्री कोर्स

देहरादून, **अमृत विचार :** उत्तराखंड के इंजीनियरिंग संस्थानों में अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के अलावा रोबोटिक इंजीनियरिंग, डाटा साइन्स तथा गेमिंग एनिमेशन में डिग्री कोर्स उपलब्ध कराए जाएंगे। विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में शुक्रवार को प्रदेश के तकनीकी संस्थानों से सम्बन्धित प्रशासकीय परिषद की 34वीं बोर्ड बैठक में इन कोर्सों की अनुमति देने के निर्णय के साथ ही कई फैसले लिए गए। तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड बैठक में 33 वीं बोर्ड बैठक की पुष्टि के आधार पर डॉ. एके गौतम, नन्हीं परी सीमान्त इंजीनियरिंग कॉलेज, पिथौरागढ़ के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर उच्च न्यायालय, नैनीताल में अभियोग चलाये जाने तथा डॉ. सरीश चन्द्रवंशी, सहायक प्रोफेसर जीबी पन्त इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी, पौड़ी के विरुद्ध उच्च न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल करने के लिए एसएसपी पौड़ी को विभागीय अनुमति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट मंत्री उनियाल ने बताया कि बैठक में प्रदेश के इंजीनियरिंग संस्थानों में एआई, रोबोटिक इंजीनियरिंग, डाटा साइन्स तथा गेमिंग एनिमेशन में डिग्री कोर्स उपलब्ध कराने की अनुमति भी दी गई है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रशासनिक परिषद, रविनाथ रमन, सदस्य सचिव, डॉ. वीएन काला तथा प्रशासनिक परिषद के सदस्य मौजूद रहे।

बेकाबू कार नहर में गिरी, 4 की मौत

आगरा : जिले में शुक्रवार देर शाम बड़ा हादसा हो गया। एक अनियंत्रित कार नहर में गिर पड़ी जिससे उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई।

सभी लोग शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि एक अनियंत्रित अर्टिगा कार दिगनेर स्थित नहर में गिर गयी है। तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की सहायता से नहर में गिरी कार को निकलवाया। सभी को पास के निजी अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। सभी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया हैं.वही अन्य दो लोग गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती है,जिनका उपचार जारी हैं।

मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे...

▸▸ श्रीराम भजन संध्या से राममय हुआ मुख्यमंत्री आवास

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : प्रभु श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में शुक्रवार को भव्य श्रीराम संध्या आयोजित हुई।

सुन्दरकांड के सस्वर पाठ और गायिका स्वाति मिश्रा द्वारा प्रस्तुत भजन, 'मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे' से मुख्यमंत्री आवास राममय हो गया। राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं भी सपरिवार सुन्दरकांड का पाठ किया तथा भगवान राम की आरती कर प्रदेश की खुशहाली एवं प्रदेशवासियों के मंगलमय जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने भजन गायिका स्वाति मिश्रा को सम्मानित करते हुये भगवान राम के प्रति उनकी आस्था से परिपूर्ण गायिकी की भी प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि आगामी 22 जनवरी को रामलला अयोध्या में विराजमान होने जा रहे हैं और यह ऐसा अवसर है, जिसके लिए हमने वर्षों इंतजार किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों को रामोत्सव मनाने का सुअवसर प्रदान किया है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से 22 जनवरी को दीप जलाकर भगवान राम का स्मरण कर दीपोत्सव मनाने की भी अपेक्षा की।

भजन गायिका स्वाति मिश्रा को सम्मानित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

पहाड़ों पर बर्फबारी, मैदान में घना कोहरा, सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

हल्द्वानी/देहरादून, अमृत विचार : उच्च पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बेहद सर्द हवाओं ने ठंड में इजाफा कर दिया है। नैनीताल के मैदानी क्षेत्रों के अलावा ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जिले में शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने 21 जनवरी तक का यलो अलर्ट जारी किया है। अलर्ट के अनुसार, प्रदेश के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चम्पावत में पाला पड़ने के साथ ही नैनीताल, देहरादून और पौड़ी गढ़वाल के पर्वतीय क्षेत्रों में पाला पड़ने और मैदानी क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहेगा। ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार में घना कोहरा रहने के साथ ही कहीं-कहीं शीत दिवस की स्थिति 21 जनवरी तक रहेगी।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मलवां, फतेहपुर

पत्रांकः 9076/ निविदा / सा0आ0 / 2023–24 / दिनांक :– 18.01, 2024

निविदा

विकास खण्ड मलवां जनपद फतेहपुर के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 में केन्द्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग से क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत मलवां फतेहपुर की निम्नलिखित स्वीकृति परियोजनाओं को कराये हेतु पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से दिनांक 03.02.2024 को अपरान्ह 02.00 बजे तक सीलबन्द निविदा/टेण्डर आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन दिनांक 03.02.2024 को अपरान्ह 04.00 बजे विकास खण्ड मलवां के खण्ड विकास अधिकारी कक्ष में गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 19.01.2024 से 02.02.2024 को किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से मात्र 300.00 रू0 नगद शुल्क जमा कर प्राप्त की किये जा सकते है। समयावधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त होने वाली निविदाओ पर किसी प्रकार का विचार नही किया जाएगा।

प्रस्तावित कार्यो का विवरण

क्र0सं0	कार्य का विवरण स्थल सहित	कार्य की लागत (18% जी0एस0टी0 की अवधि सहित)	कार्य पूर्ण की अवधि
1	अलियाबाद में मुनेन्द्र सिंह के घर से पाथा मइया तक इण्टरलाकिंग रोड़ एवं नाली निर्माण का कार्य	5.68	3 Month
2	सिकरोढ़ी में शंकर जी मन्दिर से रामबाबू के घर होते हुये प्रा0पा0 तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य	8.95	3 Month
3	समसाही में भोला के घर से राजू के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली का निर्माण कार्य	3.39	3 Month
4	गोधरौली में धर्मेन्द्र सिंह गौतम के घर से धर्मेन्द्र सिंह चौहान के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण का कार्य	6.25	3 Month
5	बिन्दकी मुरादीपुर मार्ग से सौंह मार्ग तक खंडजा निर्माण का कार्य	9.70	3 Month
6	शिवराजपुर में शिवबालक गुप्ता के घर से प्रमोद शुक्ला के घर तक वायां गिरीश तिवारी से मन्दिर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली का निर्माण का कार्य	8.76	3 Month
7	महरहा में पंचायत भवन से शिवाला तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली का निर्माण कार्य	6.04	3 Month
8	दरियापुर मजरे हाबिरपुर में नहर पुल से कब्रिस्तान तक खडन्जा निर्माण का कार्य	9.70	3 Month
9	गुनीर में अजीत के दरवाजे से दयालेश्वर मन्दिर तक इण्टरलाकिंग रोड़ एवं नाली निर्माण का कार्य	9.95	3 Month
10	लक्ष्मनपुर में जयराम के दरवाजे से शिवमंगल के दरवाजे तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य	2.63	3 Month
11	कंसपुर में छोटेलाल के प्लाट से कल्यानपुर रोड़ तक दोनो तरफ इण्टरलाकिंग रोड निर्माण का कार्य	2.18	3 Month
12	नयापुरवा में गनेश चमार के घर से जू0हा0 स्कूल नयापुरवा तक नाली एवं इण्टरलाकिंग रोड़ का निर्माण कार्य	9.65	3 Month
13	बड़ाहार में गुड्डू शुक्ला के घर से तालाब तक नाली निर्माण का अवशेष कार्य	1.52	3 Month
14	जैनपुर मजरे जाफराबाद में आशाराम के घर से विद्यासागर के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य	6.83	3 Month
15	लक्ष्मनपुर में सूरजभान सिपाही के घर से धर्मपाल के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य	6.36	3 Month
16	सौंह में अर्जुन नाई के घर से ट्रान्सफार्मर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य	6.34	3 Month
17	कंशपुर में नीलम के घर से रिकूं के खेत तक सी0सी0 रोड मरम्मतीकरण एवं चौडीकरण का कार्य ।	9.59	3 Month
18	मौहार में मुन्ना सिंह गौतम के घर से अतुल सिंह के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग रोड़ का निर्माण कार्य	6.15	3 Month
19	ममरेजपुर में भोला मास्टर के घर से नरेश के घर तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य ।	9.68	3 Month

नियम व शर्ते :–

1. टेण्डरदाता कार्य स्थल का पूर्व में ही भली–भांति परीक्षण कर ले बाद में कोई तथ्य मान्य नही होगा ।
2. न्यूनतम दर वाली फर्मो के टेण्डर / निविदा स्वीकार की जायेगी, लेकिन गुणवत्ता में कोई समझौता नही होगा ।
3. स्वीकृत निविदा दाताओं को निविदा के साथ 100 के स्टाम्प पेपर पर 1 रू0 रसीदी टिकट से हस्ताक्षरयुक्त अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत करना होगा ।
4. निविदा दाताओं को निविदा के साथ 10 रू0 के स्टाम्प पेपर एंव स्वीकृत धनराशि का 2 प्रतिशत जमानत धनराशि के रूप में सावधिक जमा सम्बन्धित फर्मो के नाम जो खण्ड विकास अधिकारी मलवां के पक्ष में बन्धक होगा जमा किया जायेगा। अस्वीकृत फर्मो की जमानत धनराशि टेण्डर खुलने के पश्चात 30 दिन बाद बन्धक मुक्त की जाएगी। टेण्डर के पश्चात स्वीकृत फर्म को 8 प्रतिशत जमानत धनराशि के रूप में प्रथम बिल से कटौती करते हुये कार्यपूर्ति के 06 माह पश्चात अवर अभियन्ता की कार्य की गुणवत्ता रिपोर्ट के पश्चात देय होगा ।
5. अधोहस्ताक्षरी बिना कारण बताये टेण्डर को निरस्त कर समस्त जमानत धनराशि जब्त कर सकता है, अगर नियमों व शर्तो का उल्लंघन होता है।
6. शासकीय नियमानुसार सभी करों जैसें– आयकर, जीएसटी, श्रम उपकर आदि की कटौती बिलों से की जायेगी ।
7. ठेकदार / फर्म द्वारा निविदा हेतु हैशियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, श्रमिक प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, अधार कार्ड व जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन एवं दो वर्ष का आइ0टी0आर जमा करना होगा।
8. सशर्त निविदा स्वीकार्य नहीं होगी।
9. यदि ठेकेदार द्वारा खनन सामग्री देयकों के एम0एम0 – 11 का गन्तव्य स्थान निर्माण कार्य स्थल का होगा चाहिये तथा मूल प्रति मुहर सहित कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है फोटो कापी मान्य नहीं होगी। यदि ऐसा नहीं होता है तो अर्थदण्ड सहित रायल्टी खनिज (सामान्यतः रायल्टी क 6 गुना) की जायेगी।
10. ठेकेदारों द्वारा निर्धारित समयावधि के अन्दर कार्य पूर्ण न कराने पर अर्थदण्ड देय होगा ।
11. निविदादाता को किसी भी निर्माण विभाग से पंजीकृत होना होगा ।.
13. कोई भी निविदादाता किसी भी तथ्य को लेकर किसी भी न्यायालय में वाद दायर करने हेतु स्वतन्त्र नही होगा ।
14. स्वीकृत फर्म द्वारा कार्य कराते समय कार्य स्थल पर किसी भी प्रकार की घटना / अनहोनी होने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी फर्म की होगी ।
15. निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री के मानक गुणवत्ता की स्ट्रेन्थ रिपोर्ट किसी वैध प्रविधिक संस्थान से कराने के उपरान्त भुगतान प्रक्रिया अमल में लायी जायेगी ।
16. निर्माण कार्य तय समय सीमा के अन्दर करना होगा। अन्यथा की स्थिति में अधोहस्ताक्षरी द्वारा विलम्ब के सम्बन्ध में एक प्रतिशत अर्थदण्ड देय होगा। जिसकी कटौती ठेकेदार के भुगतान से की जायेगी ।
17. निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में स्वयं निहित होगा ।

खण्ड विकास अधिकारी
मलवां–फतेहपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद जसवन्तनगर- इटावा

पत्रांक :–242 / ई– नि0सू0 / न0पा0प0ज0नगर / 2023–24 दिनांक :– 19/01/2024

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग / बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कम्बल क्रय करने हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसके डाक्यूमेंट/विवरण वेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांक 17.01.2024 से दिनांक 23.01.2024 सांय 05.00 बजे तक उपलब्ध हैं जो कि डाउनलोड किये जा सकते है एवं दिनांक 24.01.2024 को अपरान्ह 12.00 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जा सकती हैं जो उसी दिनांक को अपरान्ह 02: 00 बजे निविदादाताओं/प्रतिनिधि की उपस्थिति में अधिशासी अधिकारी न0पा0परि0ज0 नगर इटावा के कक्ष में खोली जायेंगीं। आपूर्ति का विवरण एवं निविदा सम्बन्धी शर्तो को शासन की उक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

(विनय कुमार मणि त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
जसवन्तनगर (इटावा)

(सत्यनारायण)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
जसवन्तनगर (इटावा)

एक नजर

राम रहीम की दोबारा पैरोल पर जताई आपत्ति

अमृतसर : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने हत्या और दुष्कर्म के गंभीर आरोप में जेल में सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को बार-बार पैरोल दिए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। एसजीपीसी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि राम रहीम के प्रति सरकार की विशेष सहानुभूति सवाल खड़े करती है। यह सीधे तौर पर राजनीति से प्रेरित घटना है। उन्होंने कहा कि देश में सरकारें दोहरी नीति अपना रही हैं। एक ओर दुष्कर्म और हत्या के आरोप में सजा काट रहे व्यक्ति को बार-बार पैरोल दी जाती है, वहीं दूसरी ओर तीन दशकों से जेलों में बंद सिखों के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है।

22 को प्रदेश के सभी स्कूल-कॉलेजों में अवकाश

देहरादून, अमृत विचार : अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम जन्म भूमि परिसर में प्रभु श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने भी इस दिन सभी शैक्षणिक संस्थाएं (स्कूल एवं कॉलेज) बंद रखने का फैसला लिया है। शासन के सचिव दीपेंद्र कुमार चौधरी की तरफ से शुक्रवार को जारी पत्र में कहा गया कि 22 जनवरी को प्रदेश के सभी राजकीय कार्यालय, संस्थान, औद्योगिक प्रतिष्ठान और निगोशिएबल इन्स्ट्रुमेंट एक्ट के अधीन बैंक/कोषागार/उप कोषागार, दोपहर 2:30 बजे तक केंद्र सरकार के आदेश की भांति बंद रहेंगे। बता दें कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के संदर्भ में शासन की तरफ से करीब एक सप्ताह पहले जारी आदेश में प्रदेश में शराब की दुकानें, बार आदि को बंद रखने के साथ ही इस दिन ड्राई डे घोषित किया जा चुका है।

कांग्रेस ने निकाली अंकिता न्याय यात्रा

अल्मोड़ा, अमृत विचार : कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अल्मोड़ा में अंकिता भंडारी न्याय यात्रा का आयोजन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार पर अंकिता भंडारी के दोषियों को बचाने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक अंकिता भंडारी के दोषियों को सजा नहीं मिलेगी, तब तक कांग्रेस पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ता नगर के चौघानपाटा में एकत्र हुए और प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर नगर में न्याय यात्रा निकाली।

कार्यालय जिलाधिकारी, सुलतानपुर

संख्या : 1893 / जि0आ0अधि0/ सुलतानपुर/व्यवस्थापन 2024–25/ दिनांक 19–1–2.4

विज्ञप्ति

आबकारी आयुक्त उ0प्र0, प्रयागराज के अर्द्ध शासकीय पत्र संख्या–11154/दस–लाइसेंस 367/ सुझाव /आबकारी नीति/2024–25, प्रयागराज दिनांक 21.12.2023 द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद सुलतानपुर में वर्ष 2024–25 हेतु नवीनीकरण के पश्चात अवशेष देशी शराब की 07 विदेशी मदिरा की 05 बीयर की 05 एवं भाग की 09 फुटकर दुकानों बिकी की दुकानों का व्यवस्थापन ई–लाटरी पोर्टल upexciseelottery.upsdc.gov.in पर आनलाइन आवेदन निम्न समय सारणी के अनुसार आमन्त्रित किये जायेगें।

क्रमांक	प्रथम चरण हेतु ई–लाटरी की समय सारणी	दिनांक
1	ई–लाटरी के आनलाइन आवेदन पत्र प्रारम्भ करने की तिथि व समय	20.01 2024 को मध्यान्ह 12.00 बजे से
	ई–लाटरी हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि व समय	24.01 2024 को सायं 5.00 बजे तक
	ई–लाटरी हेतु आवेदन पत्रों का परीक्षण	28.01 2024 को साय 5.00 बजे तक
	प्रथम चरण की ई–लाटरी की तिथि / समय एवं स्थल	30.01.2024 को प्रातः 11.00 बजे से समाप्ति तक जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित स्थल पर।
	आवंटियों द्वारा देयताओं को जमा करने की अन्तिम तिथि व समय	02.02.2024 को सायं 5.00 बजे तक

आवेदकों को नियमानुसार धरोहर धनराशि का बैंक ड्राफ्ट, जो जिला आबकारी अधिकारी, सुलतानपुर के नाम निर्गत एवं देय हो, आवश्यक शपथ पत्र पैन कार्ड, अधार कार्ड, हैसियत प्रमाण पत्र अथवा अधिकृत वैलुअर द्वारा निर्गत धारित सम्पत्ति प्रमाण पत्र, अपने बैंक खाता का निरस्त चेक एवं गत वर्ष की आयकर विवरणी की प्रति आनलाइन आवेदन के साथ अपलोड करना तथा धरोहर धनराशि का बैंक ड्राफ्ट कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, कक्ष संख्या–24 कलेक्ट्रेट सुलतानपुर में दिनांक 27.01.2024 तक जमा करना अनिवार्य होगा। आनलाइन आवेदन करने तथा दुकानों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण तथा विदेशी मदिरा व बीयर दुकानों का उठान हेतु वार्षिक राजस्व (रू0 में) ई–लाटरी पोर्टल upexciseelottery.upsdc.gov.in के साथ–साथ जनपद की वेबसाइ http://sultanpur.nic.in पर देखा जा सकता है तथा कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सुलतानपुर एवं क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

ई–लाटरी हेतु दुकानों के नाम–

देशी शराब दुकानः 01– डीगुरपुर बनकेगांव, 02 बिरसिंहपुर, 3. भटमई, 04– गारापुर,5. सरैया बनकेपुर, 06– कूरभार, 07– मझगांव।

विदेशी मदिरा दुकानः 01– खनुहट, 02– भटमई, 3. मो0 मेजरगज वार्ड न0– 24, 04– मौ0गोरावारिक, वार्ड –15, 05– मुगरे।

बीयर दुकानः 01– बांगरकला, 02– बगिया डोमनपुर, 03 वार्ड न0– 25 खैराबाद, 04 वार्ड न0–5 लाल डिग्गी, 05– भटमई।

भांग दुकानः 01– धग्मौर, 02– अकारीपुर, 03– कटका, 04– गुप्तारगंज, 05. पीढी. 06– छीतेपट्टी, 07– कोथरा, 08– गोसैसिंहपुर, 09– सुदनापुर।

जिला आबकारी अधिकारी, सुलतानपुर।

जिलाधिकारी / लाइसेंस प्राधिकारी, सुलतानपुर।

17 जिला आबकारी अधिकारी बदले गए

लखनऊ, अमृत विचार : आबकारी विभाग में राजधानी समेत 17 जिलों में आबकारी अधिकारी बदले गए हैं। साथ ही 33 सहायक आबकारी आयुक्त व जिला आबकारी अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। आबकारी आयुक्त सैंथिल पांडियन सी ने तबादलों की सूची जारी की है।

आबकारी आयुक्त ने शुक्रवार को बताया कि कल्प नाथ रजक को हरदोई से गाजियाबाद का जिला आबकारी अधिकारी बनाकर भेजा गया है, अभिमन्यु प्रताप सिंह को मोदी आसवानी गाजियाबाद, अखिलेश कुमार आर्य को अमेठी, रवि शंकर प्रथम को फिरोजाबाद मे जिला आबकारी बनाया गया है। इसी प्रकार विभिन्न जिलों में नए अधिकारियों की सूची जारी की गई है।

पीएम आवास में रिश्वत का खुला खेल पीओ डूडा निलंबित, इंजीनियर बर्खास्त

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ **योजना की मॉनीटरिंग करने वाली संस्था को किया डिबार**

अमृत विचार : विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप के द्वारा आवास की चाबी सौंपने के दौरान रिश्वत लेने के बाबत पूछने पर महिला लाभार्थी शारदा ने आवास के लिए 30 हजार की रिश्वत देने की बात कही थी।

महिला से रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने के बाद कई जिम्मेदारों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। पीओ डूडा को निलंबित कर दिया गया वहीं म्यूनिसिपल सिविल इंजीनियर को बर्खास्त कर दिया गया है।

गुरुवार को नगर उसावां में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आंवला सांसद धर्मेन्द्र कश्यप ने शहरी पीएम आवास योजना की लाभार्थी शारदा को आवास की चाबी सौंपी थी। सांसद ने पूछा कि किसी ने पैसे तो नहीं लिये हैं। इस पर लाभार्थी ने 30 हजार रुपये लेने की बात सांसद से कही। इस पर सांसद ने जांच के निर्देश दिए थे। इसी दौरान किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो का शासन ने संज्ञान ले लिया। पीओ डूडा देवेश कुमार को निलंबित कर उन्हें मूल विभाग उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड भेजा गया है।

अपर निदेशक आनंद कुमार शुक्ला ने डीएम को आदेश जारी कर पीओ डूडा के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के लिए भी कहा। डीएम ने जिला नगरीय अभिकरण विभाग में तैनात म्यूनिसिपल इंजीनियर शिव कुमार को बर्खास्त कर दिया है। अपर निदेशक ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में इस तरह की शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही योजना की मॉनीटरिंग करने वाली संस्था मैसर्स सरयू बाबू इंजीनियर फॉर रिसोर्स डेवलपमेंट को डिबार कर दिया गया है।

> प्रकरण संज्ञान में आने के बाद पीओ डूडा को निलंबित और इंजीनियर को बर्खास्त कर किया है। संस्था को डिबार किया गया है। पीओ डूडा को उनके मूल पद पर विभाग भेजे जाने की कार्रवाई की जाएगी। जांच कराई जा रही है।
> – **मनोज कुमार**, जिलाधिकारी

अयोध्या में बन रहे विश्व स्तरीय मार्ग : प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

राधा-कृष्ण मंदिर में की साफ-सफाई के बाद पूजा अर्चना करते लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद।

अमृत विचार : जिले के प्रभारी व लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने शुक्रवार को दिल्ली रोड पर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में सफाई की। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्रभु श्रीराम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर उन्होंने कहा कि अयोध्या में उनके विभाग ने कई विश्व स्तरीय मार्ग बनवाए हैं। इससे देश विदेश से आने वाले राम भक्तों को सहूलियत होगी।

जिले के प्रभारी मंत्री ने राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा आदि के साथ सफाई की। उन्होंने कहा कि देश में स्वच्छता अभियान को लेकर प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार किया जा रहा है। इसी क्रम में मंदिरों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिस दिन का पूरे संसार को इंतजार था, वह दिन 22 जनवरी को है। लोक निर्माण विभाग ने अयोध्या में विश्व स्तरीय मार्ग बनाए हैं जिससे संसार के किसी भी कोने से आने वाले रामभक्त यहां आसानी से पहुंच सकें। भक्ति पथ, राम पथ, जन्म भूमि पथ बनाए गए हैं। कहा कि लोनिवि ने अयोध्या नगरी को नया रूप दिया गया है। सफाई के बाद राधा-कृष्ण मंदिर में पं. मुरारी प्रसाद गौड़ ने विधिवत पूजा अर्चना कराई।

विशाल पूर्वी व पारस शुक्ला पश्चिमी जोन के अध्यक्ष बने

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने की घोषणा**

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस में विशाल सिंह पूर्वी व पारस शुक्ला पश्चिमी जोन के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। इसको लेकर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने घोषणा की।

पारस शुक्ला बरेली महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष अजय शुक्ला के बेटे हैं। अजय शुक्ला के पिता पंडित राम स्वरूप शुक्ला लगातार 12 साल जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे हैं। पारस शुक्ला के अध्यक्ष बनाये जाने पर बरेली में महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष अजय शुक्ला के निवास पर बैठक हुई, जिसमें पारस शुक्ला के नियुक्त होने पर हर्ष व्यक्त किया गया। कार्यकर्ताओं को मिठाई बांटी गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि एनएसयूआई के जमाने से ही कठोर परिश्रम कर अपनी पहचान बनाने वाले पारस शुक्ला को अपनी मेहनत का परिणाम मिला है। पारस की पारिवारिक पृष्ठभूमि कांग्रेसी है। वक्ताओं ने कहा कि हमें आशा है कि पारस शुक्ला के अध्यक्ष बनने से कांग्रेस पार्टी की नीतियां जन-जन तक व घर-घर तक पहुंचेंगी।

सपा ने 74 पैनलिस्टों की सूची जारी की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▸▸ **मीडिया के समक्ष रखेंगे पार्टी का पक्ष और विभिन्न मुद्दों पर देंगे प्रतिक्रिया**

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी ने पैनलिस्टों की सूची जारी की है। इसमें 74 नेताओं के नाम हैं। यह सभी मीडिया को पार्टी का पक्ष रखने व प्रतिक्रिया देने के लिए अधिकृत किए गए हैं।

बीते साल अप्रैल में 62 लोगों की सूची जारी की गई थी। अब इसमें 12 पैनलिस्ट की बढ़ोत्तरी हो गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पिछले दिनों पैनलिस्टों की बैठक ली थी और उसके बाद अब संशोधित सूची जारी की गई। अलग-अलग दो दर्जन से ज्यादा जिलों से इस सूची में लखनऊ से 18, कांसगंज दो, शाहजहांपुर से एक तो बरेली से तीन समेत अन्य नेता शामिल हैं।

शुक्रवार को जारी सूची में अभिषेक मिश्र, अरविंद गुप्ता, अशोक यादव, अतुल यादव, धर्मेंद्र सिंह समेत कुछ नेताओं के नाम नहीं हैं। जबकि इस सूची में अनुराग भदौरिया, राजपाल कश्यप, उदयवीर सिंह, सुनील सिंह 'साजन', आईपी सिंह, जूही सिंह, आशुतोष वर्मा, नेहा यादव, पूजा शुक्ला, अनूप सांडा, राज कुमार भाटी, डॉ. अजीज खान, अमीक जमाई, पवन पांडेय, राजीव राय के नाम शामिल है।

इसके अलावा नाहिद लारी खान, प्रदीप भाटी, मनोज यादव, मनोज काका, समीर सिंह यादव, मनीष सिंह, गौरव चचरा, भुवन भास्कर जोशी, शाद शेरवानी, निधि यादव, जगदीश सिंह, अब्दुल हाफिज गांधी, कीर्ति निधि पांडेय, नितेन्द्र सिंह, मो आजम, मो साजिद, डॉ अभिषेक राय, सुमैय्या राणा, नसीर सलीम, धर्मेंद्र कुमार, धर्मेंद्र सिंह, फखरुल हसन, चंचल कुमार, विनय सिंह ''बिन्नू'', मनोज राय धूपचंडी, फराजुद्दीन किदवई, पूजा मिश्रा, ज़ाहिदा सुल्तान, कपीश श्रीवास्तव, अब्बास हैदर, विवेक सैलास, ओम प्रकाश आंबेडकर, राम प्रताप सिंह का नाम शामिल है।

इसके साथ ही मनीष सिंह, घनश्याम तिवारी, शर्वेन्द्र सिंह, दीपक रंजन, अतुल सक्सेना, अजीत यादव, डॉ एसके दुबे, अखिलेश कटियार, शरद सरन, तारिक खान, विजय राठी, यश भारतीय, आर ए उस्मानी, अभिषेक बाजपाई, सुधीर पवार, अशोक यादव, अशोक तिवारी, महेश आर्य, अतुल यादव, वैभव पाठक, मयंक शुक्ला, विनय सिंह, रमेंद्र त्रिपाठी, फैज़ान किदवई, जीतेन्द्र वर्मा और रविंद्र सिंह का भी नाम शामिल है।

रिश्वत लेते शस्त्र लिपिक गिरफ्तार

देवरिया : एंटी करप्शन की टीम ने शुक्रवार को शस्त्र लिपिक राजेश कुमार को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

डीसीएम की टक्कर से दो भाइयों की मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ **मृतकों में एक आम आदमी पार्टी युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष**

अमृत विचार : बेकाबू डीसीएम ने पटियाली इलाके में गांव मझोला के पास एक बाइक को रौंद दिया। इसमें बाइक सवार दो ममेरे-फुफेरे भाइयों की मौके पर मौत हो गई। मृतकों में एक आम आदमी पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष थे। हादसे के बाद चालक डीसीएम मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर डीसीएम चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

आम आदमी पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नगला मोहन निवासी धर्मेंद्र सिंह (28) पुत्र नाहर सिंह गुरुवार को अपने मौसेरे भाई अजब सिंह (32) पुत्र उदयवीर के साथ बाइक से पटियाली गए थे। वहां से शाम लगभग सात बजे दोनों घर लौट रहे थे। रास्ते में गांव मझोला पेट्रोल पंप के समीप उनकी बाइक में तेज गति से आ रही डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। दोनों भाइयों ने मौके पर दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर परिवार वाले मौके पर पहुंचे। उधर, हादसे के बाद चालक डीसीएम छोड़कर मौके से भाग गया। पिता नाहर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

धर्मेंद्र व अजब सिंह आपस में ममेरे-फुफेरे भाई थे। दोनों एक ही गावं नगला मोहन में रहते थे। एक साथ दो लोगों की मौत होने से शुक्रवार को पूरे गांव में मातम छाया रहा। कई घरों में चूल्हे तक नहीं जले। इस हादसे को लेकर हर कोई दुखी व आक्रोशित है।

डिफेंस कॉरिडोर का होगा विस्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: ब्रम्होस मिसाइल और चंद्रयान के कल-पुर्जे बनाने को इकाई स्थापित करने लिए उप्र. डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना का विस्तार किया जा रहा है।

इसके मद्देनजर यूपी डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना लखनऊ नोड में 35.67 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित करने के लिए औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शुक्रवार को 45.18 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इसके जरिये भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई को पूरा किया जाएगा।

यूपी डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना लखनऊ नोड के 80 हेक्टेयर भूमि पर ब्रम्होस मिसाइल की इकाई स्थापित की जा रही है, जिसका कार्य तीव्र गति से चल रहा है। वहीं 20 हेक्टेयर भूमि पर एयरोस्पेस एवं चंद्रयान आदि के कल-पुर्जे बनाने वाली कम्पनी एरोलॉय को स्थापित करने का कार्य चल रहा है। इसके अलावा तीन अन्य कम्पनियों को लखनऊ नोड में भूमि उपलब्ध करा दी गई है। वहीं कई कम्पनियों के लिए भूमि की आवश्यकता को देखते हुए भूमि अर्जन की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

84 निरीक्षक बने जीएसटी अधिकारी

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य सरकार ने पूर्व में मनोरंजन कर विभाग में कार्यरत रहे सभी 84 निरीक्षकों को राज्य कर अधिकारी के सीधी भर्ती के पद पर उच्चीकृत कर दिया है। इस सिलसिले में सरकार की ओर से आदेश जारी किया गया है।

प्रदेश में 1 जुलाई 2017 से राज्य एवं सेवा कर प्रणाली लागू होने के बाद मनोरंजन कर विभाग को वाणिज्य कर विभाग सम्प्रति राज्य कर विभाग में आमेलित किया गया था। लंबी शासकीय प्रक्रिया के बाद कार्मिक एवं वित्त विभाग की संस्तुति से निरीक्षकों को उच्चीकृत कर राज्य कर अधिकारी बनाने का निर्णय शासन की ओर से लिया गया।

लापरवाही बरतने पर सीएमओ सिद्धार्थनगर किए गए निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **लगातार गैरहाजिर अयोध्या में तैनात शिक्षक भी हुए बर्खास्त**

लखनऊ: चिकित्सकीय कार्यो में लापरवाही बरतने वाले सिद्धार्थनगर के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.नरेन्द्र कुमार बाजपेई को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश के बाद निलंबित कर दिया गया है। निदेशक, प्रशासन को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, ड्यूटी से नदारद रहने वाले अयोध्या में राज्यकीय चिकित्सा महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. मेराज अहमद को बर्खास्त कर दिया गया है।

प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा शुक्रवार को निलंबित सीएमओ को सहारनपुर मंडल के अपर निदेशक (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) के कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। साथ ही डॉ. बाजपेयी पर राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रति लापरवाही बरतने एवं पद के दायित्वों का ठीक से निर्वाहन न करने आरोपों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। दूसरी तरफ आयोध्या मेडिकल कॉलेज में रोगियों एवं सहकर्मियों से साथ खराब व्यवहार , चिकित्सकीय कार्यों में लापरवाही बरतने एवं बगैर जानकारी लगातार ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले सहायक आचार्य (सर्जरी) डॉ. अहमद को बर्खास्त कर दिया गया है।

वर्ग पहेली-318

बाएं से दाएं

2.1. बढ़िया और महीन कपड़ा 2. सन या तीसी के रेशे से बना कपड़ा, क्षौम-वस्त्र 3. उत्तरीय, दुपट्टा।

3.1. युग का निर्माता 2. युग का सूत्रपात करने वाला।

4. लखनऊ का, लखनऊ से संबंधित।

6.1. नायक 2. गणेश।

ऊपर से नीचे

1.1. जमोगने अर्थात स्वीकार करने की क्रिया 2. किसी दूसरे की बात का किसी तीसरे के द्वारा समर्थन 3. चित्रकला में बेल-बूटे आदि को एक-दूसरे से नियत दूरी और अपने-अपने ठीक स्थान पर बैठाने की क्रिया या भाव 4. सामने का निश्चय, तसदीक 5. ऋण चुकाने की एक प्रथा जिसमें ऋणी व्यक्ति अपने ऋण का भार किसी और पर डाल देता है।

2. जो दुविधा रहित हो, जिसे कोई दुविधा न हो, असमंजस न हो।

4.1. दो व्यक्तियों या दलों का परस्पर झगड़ा या घात-प्रतिघात करना 2. बहस या तकरार करना 3. कुश्ती या खेल-कूद में मुकाबला करना 4. दो व्यक्तियों या वस्तुओं का आपस में टकराना।

5.1. पंक्ति, कतार 2. रास्ता, मार्ग, सड़क 3. बाज़ार, हाट 4. सूर्य के भ्रमण का मार्ग 5. (पुरातत्व) भवन में आने-जाने के लिए लता



वर्ग पहेली - 317 का हल

1 पु	ड़ा	■	■	2 वि	■
■	■	3 ह	ठ	यो	ग
4 पा	■	■	■	ज	■
5 षा	ण्	6 मा	सि	क	■
ण	■	ल	■	■	7 रे
म	■	8 वि	ला	य	त
णि	■	का	■	■	ना

प्रदेश की 29 सीटों पर लड़ने की तैयारी में कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ **वर्ष 2009 में जीतीं सीटों के अलावा अन्य सीटों पर हो रहा मंथन**

▸▸ **इंडिया गठबंधन में सीटों को लेकर कोई मतभेद नहीं, दिनों दिन हो रहा है मजबूत**

अमृत विचार: इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर भले ही अभी तक सीटों का बंटवारा नहीं हुआ हो, पर प्रदेश कांग्रेस प्रदेश की कुल 80 सीटों में से 29 सीटों पर चुनाव लड़ने की कवायद में जुट गई है। इसमें वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में जीती सीटों के अलावा अन्य सीटों पर मंथन चल रहा है।

2009 के चुनाव में कांग्रेस ने जिन सीटों पर जीत दर्ज की थी, उनमें अकबरपुर, अमेठी, रायबरेली, बहराइच, बाराबंकी, बरेली, धौरहरा, डुमरियागंज, फैजाबाद, फर्रुखाबाद, गोंडा, झांसी, कानपुर, खीरी, कुशीनगर, महाराजगंज, मुरादाबाद, प्रतापगढ़, श्रावस्ती, सुल्तानपुर और उन्नाव प्रमुख थीं। बाद में उप चुनाव में कांग्रेस ने फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर जीत हासिल की थी। इस बार प्रदेश कांग्रेस इन 22 सीटों के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मुरादाबाद, बिजनौर, सहारनपुर के अलावा आगरा, बनारस, लखनऊ आदि सीटों पर चुनाव लड़ने पर जोर दे रही है।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि इंडिया गठबंधन में सीटों को लेकर कोई मतभेद नहीं है। गठबंधन दिन-प्रतिदिन मजबूत हो रहा है। अगर कहीं समस्या है, तो उसे मिल-बैठकर हल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता बेरोजगारी, महंगाई व बिगड़ी कानून-व्यवस्था आदि से त्रस्त हो चुकी है। 2024 के चुनाव में इंडिया गठबंधन भाजपा को हराने का काम करेगा।

वहीं दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी पुराने कांग्रेसी नेताओं को घर-घर जाकर संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं, जिससे कि इस बार बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

देवरिया में टैंकर की चपेट में आने से पुलिसकर्मी की मौत

देवरिया : जिला मुख्यालय के कोतवाली थानाक्षेत्र में सोनू घाट चौराहे के पास शुक्रवार को एक तेल टैंकर की चपेट में आने से एक पुलिसकर्मी की मौत हो गयी। यह जानकारी पुलिस ने दी। कोतवाली थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) वेद प्रकाश शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि गाजीपुर जिले के मूल निवासी आरक्षी हरिश्चंद्र यादव (30) डायल 112 में तैनात थे और वह आज अपराह्न करीब एक बजे दो पहिया वाहन से सरकारी काम से देवरिया-सलेमपुर मार्ग पर सोनू घाट की तरफ गए थे। उन्होंने बताया कि रास्ते में एक तेल टैंकर की चपेट में आने से आरक्षी हरिश्चंद्र यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। शर्मा ने बताया कि मृतक की पत्नी भी देवरिया जिले में पुलिस विभाग में तैनात हैं।

सुडोकू-35

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	9		3	2				6
7					1		5	
	2	4		8		3		1
1		8			6		9	7
	5		9			8		
4				7			1	
8		5			4		2	
	7							5
			7		2		3	

सुडोकू - 34 का हल

5	8	3	7	9	1	2	6	4
6	7	2	8	4	3	9	5	1
4	1	9	6	2	5	3	8	7
2	3	8	9	1	6	7	4	5
1	6	4	5	7	2	8	3	9
9	5	7	3	8	4	1	2	6
3	9	6	2	5	7	4	1	8
8	2	1	4	6	9	5	7	3
7	4	5	1	3	8	6	9	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जनवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 19 .26 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11 .56-12 .39 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-06 .56-07 .39, 07 .39-08 .22 तक।
दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 21 जनवरी 03 .09 तक तत्पश्चात रोहिणी।

मेष – आज दिन की शुरुआत काफी कमजोर रहेगी। विदेश से जॉब के प्रस्ताव मिल सकते हैं। नशे और अनैतिक गतिविधियों में धन बर्बाद न करें। प्रेमी जन आपको कुछ उपहार भेंट कर सकते हैं। व्यापार में आप जोखिम भरे निर्णय ले सकते हैं।

वृष – आज निजी रिश्तों में नजदीकियां बढ़ेंगी। संतान की तरफ से सुखद समाचार मिलेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। आपको सहयोगियों से थोड़ा सावधान रहना चाहिए। विवाह तय करने को लेकर तुरंत निर्णय लेने से बचें।

मिथुन – आज अनावश्यक कार्यों में धन खर्च होगा। अपनी कार्य योजना में सुधार लाने का प्रयास करें। मनोनुकूल काम न हो पाने के कारण आपका मन उदास हो सकता है। अपनी दिनचर्या को संतुलित रखने का प्रयास करें।

कर्क – आज आपको मेहनत का उत्तम परिणाम प्राप्त होगा। मेडिकल छात्रों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के अधिकार बढ़ सकते हैं। घर में काफी रौनक और उत्साह का वातावरण रहेगा।

सिंह – आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। उच्चाधिकारियों के साथ गंभीर विषयों पर चर्चा करेंगे। संतान को लेकर परेशानी दूर होगी। मित्रों के साथ आपको धन लाभ मिलेगा। मार्केटिंग से जुड़े कार्यक्षेत्र से आपको उत्तम परिणाम मिलेंगे।

कन्या – आज विदेश यात्रा की संभावना बन रही है। रिटेल से संबंधित व्यापार में थोड़ी कठिनाई आ सकती है। धन उधार देने को लेकर धर्म-संकट में फंस सकते हैं। आप प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति समर्पित रहेंगे।

तुला – आज किसी कानूनी मामले में उलझ सकते हैं। तनाव का आपकी नींद पर बुरा असर पड़ सकता है। घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर का वातावरण थोड़ा अस्त-व्यस्त रहेगा। पुरुष जातक महिलाओं के प्रति भाव शुद्ध रखें।

वृश्चिक – आज प्रतियोगी परीक्षा में बेहतरीन परिणाम मिल सकते हैं। मांगलिक कार्यक्रमों की योजना बना सकते हैं। अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। बिजनेस में आप बड़ा निवेश कर सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा।

धनु – आज व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ विवाद शांत होगा। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ मिलेगा। कुछ लोग आपकी छवि को लेकर दुष्प्रचार कर सकते हैं। व्यवसाय में प्रभावशाली लोगों से संबंध मजबूत होंगे। राजनीतिक संपर्क का लाभ उठाएंगे।

मकर – आज अपने काम के प्रति काफी गंभीर रहेंगे। छिपे हुए प्रेम संबंध व्यक्त हो सकते हैं। अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। आपकी प्रभावशाली वाणी की लोग काफी प्रशंसा करेंगे। पारिवारिक वातावरण काफी सुखद रहेगा।

कुंभ – आज व्यापार के दृष्टिकोण से दिन काफी सामान्य रहने वाला है। अति उत्साह के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। नौकरीपेशा लोग बॉस से कुछ नाखुश रहेंगे। गरिष्ठ भोजन का सेवन करने से बचें अन्यथा पाचन प्रभावित हो सकता है।

मीन – आज आवश्यक दस्तावेजों को संभालकर रखें। अटके हुए कार्यों को तेजी से पूरा करने का प्रयास करेंगे। आप काफी रोमांटिक मूड में रहेंगे। घर में रिश्तेदारों का आगमन होगा। कारोबार में आपको अचानक से बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं।

आज की फिल्में

पृथ्वी
दोपहर : 12 .00
यस बॉस
रात : 07 .00

लगे रहो मुन्ना भाई
सुबह : 08 .00
जब तक है जान
रात : 07 .00

जुमांजी
सुबह : 09 .17
लाइफ
रात : 09 .00

घायल
सुबह : 10 .30
जीरो
रात : 07 .30

साजन
दोपहर :12 .00
दिलवाले
शाम : 04 .10

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम-04 .10 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बच्चा- नल से आते पानी को देखकर बोला, पापा ये पानी कहां से आता है?
पापा- बेटा नदी से...
बेटा-तो फिर मुझे नदी देखनी है।
पापा उसे नदी दिखाने ले जाते हैं।
बच्चा उन्हें नदी में धक्का मारकर गिरा देता है और भागता हुआ घर आकर मां को कहता है।
मम्मी जल्दी से नल खोलो ,पापा आते होंगे...

अध्यापक- रोहन, अगर तुम्हारे पास पंद्रह सेब हों जिनमें से छह तुम निर्मला को दे दो, चार सुनिता को दे दो और पांच डौली को दे दो तो तुम्हें क्या मिलेगा?
रोहन- सर ! मुझे तीन नई गर्लफ्रेंड मिलेगी।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	71,683.23	21,622.40
फायदा	496.37	160.15
प्रतिशत में	0.70	0.75

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शनिवार, 20 जनवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक -995, फ्लैग-1115, डीएमओ-815, बोल्ड-1155
चन्दौसी-शिवालिक- 1000, फ्लैग-1120,बोल्ड- 1170, डीएमओ- 900

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूँ (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूँग खड़ा	10000-10500
मूँग दाल	10500-11000
मूँग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूँगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800
तेल सरसों (प्रति 15)	1475-1900

दूरसंचार में व्यवहार्यता बढ़ाने को नीतिगत उपाय करने की अपील

आम बजट : सीओएआई ने वित्त मंत्रालय को सौंपी अपनी सिफारिशें

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में डिजिटल संचार पारितंत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले शीर्ष उद्योग निकाय सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने वित्त मंत्रालय को आम बजट 2024-25 के लिए अपनी सिफारिशें सौंपी हैं जो इस उद्योग की वित्तीय बेहतरी पर केंद्रित है। सीओएआई का मानना है कि आदर्श रूप में यूएसओएफ शुल्क खत्म किया जाना चाहिए। हालांकि, यह संभव नहीं हो तो मौजूदा यूएसओ निधि (77,000 करोड़ रुपये) खर्च होने तक एजीआर के 5 प्रतिशत का यूएसओ अंशदान निलंबित किया जा सकता है। इसके अलावा, लाइसेंस शुल्क जल्द से जल्द 3 प्रतिशत से एक प्रतिशत पर लाया जाना चाहिए जिससे दूरसंचार विभाग के केवल प्रशासनिक खर्चों को पूरा किया जा सके।

सकल राजस्व (जीआर) की मौजूदा परिभाषा में सभी दूरसंचार गतिविधियों से आय शामिल है। दूरसंचार गतिविधि शब्द परिभाषित नहीं है, बल्कि इसमें ऐसी गतिविधियां शामिल हैं जो संयोग से दूरसंचार गतिविधि समझी जाती है। सीओएआई ने आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 72 के तहत दूरसंचार ऑपरेटरों के लिए एक विशेष व्यवस्था शुरू किए जाने का अनुरोध किया है जहां कारोबारी नुकसानों को आगे ले जाया जा सके और मौजूदा आठ वर्ष से 16वें आकलन वर्षों तक इसे समायोजित किया जा सके। आठ वर्षों बाद कारोबारी नुकसान की भरपाई नहीं होना, पहले से तनावग्रस्त दूरसंचार उद्योग के लिए संकट खड़ा करने वाला होगा (विभिन्न कारकों की वजह से जैसे एजीआर मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले, उत्पाद के कम मूल्य निर्धारण की वजह से टैरिफ मार्जिन में कमी, भारी पूंजी निवेश के साथ अतिरिक्त स्पेक्ट्रम लेने की आवश्यकता आदि) क्योंकि वसूली चरण के दौरान आय, कर अदायगी और एजीआर, स्पेक्ट्रम आदि से संबंधित अन्य भुगतान से जुड़ी होगी जिससे इस क्षेत्र के अनुचित मुश्किल पैदा होगी।

'श्रीराम मंदिर अयोध्या प्रसाद' नाम से मिठाई बेचने के लिए अमेजन को नोटिस

नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने 'श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद' के नाम से मिठाई बेचने के लिए अमेजन को नोटिस जारी किया है। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि सीसीपीए ने नोटिस जारी होने के सात दिनों के भीतर अमेजन से जवाब मांगा है। अन्यथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के तहत उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई शुरू की जाएगी।

मुख्य आयुक्त रोहित सिंह की अध्यक्षता में, सीसीपीए ने 'श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद' नाम के तहत 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एमेजन डॉट इन' पर मिठाइयों की बिक्री के संबंध में अमेजन सेलर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। यह कार्रवाई व्यापारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रतिवेदन के आधार पर शुरू की है। आरोप लगाया गया है कि अमेजन 'श्रीराम मंदिर अयोध्या प्रसाद' की आड़ में मिठाइयों की बिक्री से जुड़ी भ्रामक व्यापार में शामिल है। सीसीपीए ने पाया है कि विभिन्न मिठाइयां/खाद्य उत्पाद अमेजन ई-कॉमर्स मंच पर 'श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद' होने का दावा करते हुए बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

टर्म इन्श्योरेन्स को लेकर नजरिया बदलने की जरूरत

अनुज अग्रवाल, वरिष्ठ बीमा, निवेश सलाहकार

▸▸ ऑन लाइन सस्ती प्रीमियम दरों के लालच में फंसकर नहीं लेनी चाहिए टर्म इन्श्योरेन्स पॉलिसी

महंगी कार, महंगे होटल में रुकने, विदेशों में जाकर लाखों का खर्च भारतीयों द्वारा किया जा रहा है, लेकिन परिवार को आर्थिक सुरक्षा देने के मामले में बीमा, निवेश सलाहकार के आफिस में जाकर बीमा प्लानिंग करने का ध्यान नहीं है। आज के हालात में युवाओं को टर्म इन्श्योरेन्स के बारे में नजरिया तुंरत बदलने की जरूरत है। दो माह पूर्व एक 36 वर्षीय युवा की अचानक तबियत बिगड़ी मात्र 10 मिनट में मृत्यु हो गई परिवार से फोन आया कि कितना भुगतान लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी से मिल जायेगा, क्योंकि उस युवा ने अपना पोर्टफोलियो तैयार कराया था उनकी पत्नी को तुंरत पता चल गया कि डेथ क्लेम धनराशि का भुगतान कितना मिलेगा।

जो भी युवा टर्म इन्श्योरेन्स कराने की सोच रहे हैं, निर्णय लेने में विलम्ब न करें। बढ़ते क्लेम के कारण इन्श्योरेन्स कंपनियां प्रीमियम दरें बढ़ाने पर निर्णय ले चुकी हैं। कभी भी प्रीमियम दरें बढ़ सकती है। ऑन लाइन सस्ती प्रीमियम दरों के लालच में फंसकर टर्म इन्श्योरेन्स पॉलिसी नहीं लेना चाहिए। अधिकांश मामलों में पिछली सभी की पॉलिसियों की जानकारी बीमा प्रस्ताव में नहीं दी जा रही है। बीमा कंपनी को कोई भी तथ्य छुपाए जाने की जानकारी मिलने पर मृत्यु दावा, पॉलिसी प्रस्ताव रिजेक्ट करने का अधिकार होता है। बीमा एजेंट से ली गई पॉलिसी में उसकी नैतिक जोखिम रिपोर्ट (एम एच आर) लगती है, जिस पर कंपनियां ज्यादा भरोसा करती है।

युवा चाहते थे कि निवेश, बीमा की ऐसी पॉलिसी हो जिसमे दोनों मिल सके, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने यूनिट लिंक इंश्योरेंस पॉलिसी में प्रीमियम का सौ गुना बीमा लेने का नया प्रोडक्ट लांच किया है।

जीवन बीमा पॉलिसियों का पोर्टफोलियो तैयार कराने के लाभ

- टर्म इंश्योरेन्स कितनी अवधि का, कौन सा प्रीमियम भुगतान विकल्प लिमिटेड अवधि 5,10,15,20,25 या रेगुलर चुनना चाहिए।
- अचानक मृत्यु की स्थिति में परिवार को कितनी बीमा धनराशि बीमा कंपनी परिवार को देगी।
- वर्तमान पॉलिसियों से किस उम्र तक का बीमा कवरेज है।

यह भी जरुर ध्यान रखें

- बीमा पॉलिसी बॉन्ड फाइल में रखकर नॉमिनी को सौप दे।
- सभी पॉलिसियों में मोबाइल नम्बर, ई मेल आईडी, एवम वर्तमान पता अवश्य अपडेट रखें।
- पोर्टफोलियो हर वर्ष बीमा सलाहकार के आफिस में जाकर रिव्यू अवश्य करते रहें।

हर युवा व्यापारी/ फैक्ट्री मालिक को बिजनेस लोन, व्यक्तिगत जिम्मेदारियों की गणना करके 1 से 10 करोड़ या अधिक की टर्म इंश्योरेन्स पॉलिसी तुंरत करा लेनी चाहिए। टर्म इंश्योरेन्स पॉलिसी अभी भी वाहन बीमा से सस्ती है। पर्याप्त जीवन बीमा कवर होने से हमें मन की शांति रहती है कि हमारा परिवार आर्थिक रूप से सुरक्षित है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73250
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	82500
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	87500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64000
सोना गिन्नी (प्रति नग)	47650-478500
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	63,850
सोना रवा	63,700
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	73,600
चांदी (999)	73,500
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	63500
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	62500
सिल्वर (पक्की)	724 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,800
चांदी आभूषण	73,400

कानपुर मंडी

गेहूँ दड़ा-2525-2550, आरआर21 2700-2750, फारम-2800-2850-जौ-2000 -2100, ज्वार-2600 -4000 बाजरा-2125-2175, मकाई-2000 -2200, चना-5200 -5400, अरहर-7500 -8000, मसूर-5500 -5600, मटर-4400 -4500, उड़दहरा-10000 -10200, उड़दकाला-6000 -8000, मूँग-8500 -8800 दाल (प्रति क्वि.) रहरफूल-14300-14500 अरहर स्पेशल1 12000-12200, चनादाल-6600-6700, मटरदाल 5300-5400, मसूरमलका 7000-7100 मसूरदाल-7000-7100, उड़ददाल-8500- 12000, उड़द धोवा 10000- 12500, मूँगदाल 9000 -10500, मूँग धोवा 9500-11500, चावल (प्रति क्वि.) अरवा-2000-2300, बासमती न01. 9100 - 11000- सेला- 2500 - 3000 बासमती न02. 7000 - 8000।

हिंदुस्तान यूनीलिवर का शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में 2,508 करोड़

नई दिल्ली। साबुन, शैम्पू, कॉफी जैसे दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली हिंदुस्तान यूनीलिवर लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में मामूली 1.08 प्रतिशत बढ़कर 2,508 करोड़ रुपये रहा।

हिंदुस्तान यूनीलिवर लिमिटेड (एचयूएल) ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 2,481 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने कहा कि उत्पादों की बिक्री से उसकी आमदनी आलोच्य तिमाही में मामूली घटकर 15,259 करोड़ रुपये रही। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसकी आमदनी 15,314 करोड़ रुपये रही थी। दिसंबर तिमाही में एचयूएल का कुल व्यय कुछ बढ़कर 12,305 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की एकीकृत कुल आमदनी 0.47 प्रतिशत बढ़कर 15,781 करोड़ रुपये हो गई। एक साल पहले समान अवधि में यह 15,707 करोड़ रुपये थी।

किआ सेल्टोस डीजल संस्करण में मिला मैनुअल ट्रांसमिशन

नई दिल्ली। यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी किआ ने कॉम्पैक्ट एसयूवी सेल्टोस को अब 1.5 लीटर डीजल इंजन के साथ छह स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन में पेश किया है जिसकी शुरूआती कीमत 12 लाख रुपये है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि बीते साल इस फ्लैगशिप एसयूवी का फेसलिफ्ट मॉडल लॉन्च किया गया था। अब इसके 1.5 लीटर डीजल इंजन के साथ 6 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन पेश किया गया है। डीजल मैनुअल संस्करण की एक्स शोरूम कीमत 12 लाख रुपए से लेकर 18.28 लाख रुपए तक है।

एक नजर

कामतापुर कर्मियों के रेल रोको आंदोलन से आवाजाही बाधित

जलपाईगुड़ी। पश्चिम बंगाल के उत्तरी हिस्से में अलग कामतापुर राज्य की मांग कर रहे ऑल कामतापुर स्टूडेंट्स यूनियन (एकेएसयू) ने शुक्रवार को 12 घंटे का "रेल रोको" आंदोलन शुरू किया जिससे लंबी दूरी के कई यात्री ट्रेनें सहित वंदे भारत की भी आवाजाही बाधित हो गयी। आंदोलन जलपाईगुड़ी जिले के मैनागुड़ी के पास बेदगारा रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार सुबह 0700 बजे शुरू हुआ। सूत्रों ने बताया कि एकेएसयू कार्यकर्ताओं और केपीपी यूनाइटेड के सदस्यों द्वारा पटरियों पर बैठकर ट्रैक अवरुद्ध करने पर एनएफआर अधिकारियों को लंबी दूरी की यात्री ट्रेनों के साथ-साथ मालगाड़ियों को भी रोकना पड़ा।

बी वराले को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश बनाने की सिफारिश

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने शुक्रवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी वराले को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की। कॉलेजियम ने अपने एक अन्य निर्णय में न्यायमूर्ति वराले की सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नति के बाद कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी एस दिनेश कुमार को (उच्च न्यायालय का) मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की। न्यायमूर्ति कुमार 24 फरवरी को सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

निर्माण कंपनी और प्रवर्तक के खिलाफ ईडी की छापेमारी

चेन्नई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महानगर स्थित एक सिविल निर्माण और आधारभूत ढांचा कंपनी, उसके प्रमोटर और संबंधित व्यक्तियों से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत शुक्रवार को चेन्नई में कई परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी द्वारा जांच ग्रेटर चेन्नई पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) द्वारा ओशन लाइफस्पेसेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, इसके प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एस के पीटर, कुछ निदेशकों और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी का संज्ञान लेने के बाद शुरू की गई थी। चेन्नई महानगर और उसके आसपास लगभग छह-सात स्थानों पर ईडी अधिकारियों द्वारा धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत छापेमारी की जा रही है।

आईपीओ अभिदान बढ़ाकर पेश करने वाले तीन पर होगी कार्रवाई

मुंबई। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने शुक्रवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक को तीन मर्चेंट बैंकर के शेयर बिक्री के दौरान अभिदान बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की गतिविधियों में शामिल होने का पता चला है। उन्होंने उनके खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। यहां निवेश बैंकर के समूह की तरफ से आयोजित वार्षिक सम्मेलन में बुच ने कहा कि सेबी को ऐसे मामलों की भी जानकारी मिली है जहां कुछ निर्दोष लोगों के खातों का नियंत्रण लेकर शेयर बाजार में कारोबार किया जाता है। ये वे लोग होते हैं, जो नहीं चाहते कि उन्होंने जो कारोबार किया, उसका पता किसी को चले। बुच ने कहा कि अधिक संख्या में अभिदान का आभास देने के लिए आईपीओ आवेदन संख्या को बढ़ाने की प्रवृत्ति भी है, सेबी के पास इस बारे में आंकड़े तथा सबूत हैं।

मोदी ने बोइंग के वैश्विक इंजीनियरिंग एवं तकनीकी केंद्र परिसर का किया उद्घाटन

बेंगलुरु, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बेंगलुरु के पास अमेरिकी विमान विनिर्माता बोइंग के नए वैश्विक इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी केंद्र परिसर का उद्घाटन किया। अत्याधुनिक बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर परिसर करीब 1,600 करोड़ रुपये की लागत से 43 एकड़ जमीन पर बना है। यह बोइंग का अमेरिका के बाहर अपनी तरह का सबसे बड़ा निवेश है।

बेंगलुरु के बाहरी इलाके देवनहल्ली में स्थित हाईटेक डिफेंस और एयरोस्पेस पार्क में बना यह परिसर भारत में जीवंत स्टार्टअप, निजी और सरकारी परिवेश के साथ साझेदारी के लिए एक आधारशिला बनेगा। बोइंग का यह केंद्र वैश्विक वैमानिकी एवं रक्षा उद्योग के लिए अगली पीढ़ी के उत्पादों और सेवाओं को विकसित करने में मदद करेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने ''बोइंग सुकन्या कार्यक्रम'' भी शुरू किया। इसके जरिये पूरे भारत से देश के बढ़ते विमानन क्षेत्र में अधिक लड़कियों के प्रवेश को समर्थन देना है। बोइंग ने एक बयान में कहा कि यह कार्यक्रम समूचे भारत की लड़कियों एवं महिलाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित (एसटीईएम) क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कौशल सीखने और विमानन क्षेत्र में नौकरियों के लिए प्रशिक्षण का अवसर प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम के तहत युवा लड़कियों के लिए एसटीईएम क्षेत्र के करियर में दिलचस्पी जगाने के लिए 150 स्थानों पर एसटीईएम लैब बनाए जाएंगे। यह पायलट प्रशि क्षण ले रही महिलाओं को छात्रवृत्ति भी प्रदान करेगा। बोइंग ने कहा कि यह कार्यक्रम उड़ान प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, प्रमाणपत्र हासिल करने, सिम्युलेटर प्रशिक्षण के लिए वित्त पोषण और करिअर विकास कार्यक्रमों का समर्थन करेगा। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक और बोइंग की मुख्य परिचालन अधिकारी स्टेफ़नी पोप भी मौजूद रहे।

बेंगलुरु में नए अत्याधुनिक बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर परिसर के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया से भी मुलाकात की। ● एजेंसी

वैमानिकी नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

बोइंग के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी डेविड एल कैलहॉन ने कहा, हम भारत के लिए प्रधानमंत्री मोदी के बदलावकारी नजरिये का समर्थन कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हम देश में वैमानिकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बोइंग परिसर को समर्पित करने के लिए आभारी हैं। पिछले वर्षों में भारत में बोइंग की इंजीनियरिंग और शोध एवं विकास टीम अमेरिका के बाहर सबसे अधिक हो चुकी है। दिसंबर तक इस टीम में 6,000 से अधिक कर्मचारी तैनात थे।

वैश्विक विमानन बाजार में जान फूंकने को तैयार भारत : मोदी

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि बढ़ती मांग की वजह से देश में कई एयरलाइन ने सैकड़ों विमान के ठेके दिए हैं और भारत अब वैश्विक विमानन बाजार में नई जान फूंकने को तैयार है। प्रधानमंत्री ने यहां विमान विनिर्माता बोइंग के एक कार्यक्रम में कहा कि महिलाएं विमानन तथा वैमानिकी क्षेत्र में आगे हैं, चाहे वह लड़ाकू विमान हो या नागरिक विमान। मोदी ने कहा कि बढ़ती मांग की वजह से भारत में कई एयरलाइन ने सैकड़ों विमान के ठेके दिए हैं। भारत वैश्विक विमानन बाजार में नई जान फूंकने को तैयार है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भारत दुनिया का तीसरा प्रमुख घरेलू विमानन बाजार बन गया है और एक दशक में यात्रियों की संख्या दोगुनी हो जाएगी।

विमानन क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि देश में 15 प्रतिशत पायलट महिलाएं हैं जो वैश्विक औसत का तीन गुना है। मोदी ने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का समय आ गया है।

शाह ने महाभैरब मंदिर में की पूजा स्वच्छता अभियान में लिया भाग

तेजपुर (असम)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां ऐतिहासिक महाभैरब मंदिर में पूजा-अर्चना की और फिर इसके परिसर में स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

शाह पूर्वोत्तर राज्यों मेघालय और असम की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। वह शाम को शिलांग से यहां पहुंचे और उनका ''गायन और ब्यान'' (ड्रम और झांझ के साथ एक धार्मिक नृत्य प्रदर्शन) के साथ पारंपरिक स्वागत किया गया। गृह मंत्री ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के साथ मंदिर के अंदर पूजा-अर्चना की और बाद में सफाई अभियान के लिए प्रांगण में आए। शाह को प्रांगण में कई जगहों पर बाल्टी से पानी डालते और वाइपर से इसे साफ करते हुए देखा गया। शर्मा ने भी इस अभियान में हिस्सा लिया। हालांकि, शाह ने उनका इंतजार कर रहे मीडियाकर्मियों से बात नहीं की, लेकिन मंदिर परिसर से तेजपुर विश्वविद्यालय के लिए रवाना होने से पहले भीड़ की ओर हाथ हिलाया। विश्वविद्यालय में राज्य के सांस्कृतिक मामलों के विभाग ने असम के प्रसिद्ध गायक भूपेन हजारिका को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किया है। शाह शनिवार को यहां सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के 60वें स्थापना दिवस और ढेकियाजुली में ऑल बाथौ महासभा के 13वें त्रिवार्षिक सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

शुक्रवार को सोनितपुर जिले के तेजपुर में महाभैरब मंदिर के परिसर में स्वच्छता अभियान में भाग लेते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह। ● एजेंसी

तीन दिवसीय दौरे पर चेन्नई पहुंचे मोदी

चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलो इंडिया यूथ गेम्स का उद्घाटन करने और विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ करने के लिए तमिलनाडु के तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को यहां पहुंचे, जहां उनका स्वागत हुआ।

मोदी त्रिची, रामेश्वरम और धनुषकोडी में विभिन्न मंदिरों में जाएंगे और पूजा-अर्चना करेंगे। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से यहां पहुंचने पर श्री मोदी का चेन्नई हवाई अड्डे पर तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन.रवि, मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन, उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, शीर्ष सरकारी और पुलिस अधिकारियों ने स्वागत किया। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर पुलिस ने चेन्नई और राज्य के अन्य जिलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। ड्यूटी पर 22,000 पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ पांच स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले के पक्षकार को धमकी देने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

मथुरा, एजेंसी

मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान-ईदगाह प्रकरण के वादी आशुतोष पाण्डेय को कथित तौर पर पाकिस्तान और अन्य देशों से फोन व सोशल मीडिया के माध्यम से धमकी देने वाले अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध जिले के जैंत थाने की पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (नगर) डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि इस संबंध में जैंत थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 295 ए (धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने का प्रयास) 153 ए (विभिन्न धर्मों के बीव शत्रुता को बढ़ावा देना) 507 (अज्ञात हमलावरों द्वारा आपराधिक धमकी) तथा सूचना प्रौद्योगिकी कानून की धारा 67 में प्राथमिकी दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

आशुतोष पांडेय के सहयोगी धर्मेन्द्र गिरि ने बताया कि यह प्राथमिकी मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव के आदेश पर दर्ज की गई है। गिरि ने बताया कि प्रमुख सचिव ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से कार्यवाही के संबंध में तत्काल रिपोर्ट भी तलब की है। गौरतलब है कि हिन्दू पक्ष के एक वादकारी आशुतोष कुमार पाण्डेय ने विगत दिन पहले सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट के माध्यम से केंद्र व राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों व स्थानीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को टैग करते हुए आरोप लगाया था कि पाकिस्तान से कुछ अतिवादी उन्हें श्रीकृष्ण जन्मभूमि - शाही ईदगाह मामले में पक्षकार बनकर हर स्तर पर पैरवी किए जाने पर धमकी दे रहे हैं। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पाण्डेय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए थाना जैंत प्रभारी को मामले की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे।

अब्दुल्ला ने सीट बंटवारे पर 'इंडिया' के साथ बातचीत में देरी से किया इनकार

जम्मू। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू कश्मीर में सीट बंटवारे को लेकर विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के साथ बातचीत में किसी भी तरह की देरी से शुक्रवार को इनकार किया और कहा कि इस दिशा में बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है।

अब्दुल्ला का यह बयान तब आया है जब उन्होंने हाल में कहा था कि अगर सीट बंटवारे पर जल्द सहमति नहीं बनी तो 'इंडिया' के लिए मुश्किल हो सकती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल के साथ उनके यूट्यूब चैनल पर चर्चा में, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था, यदि सीट बंटवारे को अंतिम रूप नहीं दिया गया तो गठबंधन के लिए खतरा हो सकता है। इस काम को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना चाहिए। यह संभव है कि कुछ लोग एक साथ आकर एक अलग गठबंधन बना लें, जो मुझे सबसे बड़ा खतरा लगता है। अभी भी समय है। अब्दुल्ला ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा कि उनकी पार्टी को जम्मू कश्मीर में सीट बंटवारे के मुद्दे पर 'इंडिया' गठबंधन से कोई समस्या नहीं है।

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लिए भारत में कोई जगह नहीं: खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ एक साथ चुनाव चाहिए तो संविधान की मूल संरचना में बदलाव की जरूरत

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के विषय पर सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिखकर कहा है कि संसदीय शासन व्यवस्था को अपनाने वाले देश में एक साथ चुनाव की अवधारणा के लिए कोई स्थान नहीं है तथा उनकी पार्टी 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार का पुरजोर विरोध करती है।

समिति के सचिव नीतेन चंद्र को भेजे सुझाव में खरगे का यह भी कहना था कि एक साथ चुनाव कराने का विचार संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध है और यदि एक साथ चुनाव की व्यवस्था लागू करनी है तो संविधान की मूल संरचना में पर्याप्त बदलाव की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि जिस देश में संसदीय शासन प्रणाली अपनाई गई हो, वहां एक साथ चुनाव की अवधारणा के लिए कोई जगह नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने 17 बिंदुओं में अपने सुझाव समिति के पास भेजे हैं। खरगे ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार का कड़ा विरोध करती है। मजबूत लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए इस विचार को त्याग दिया जाए।

बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ आगाज करने उतरेगा भारत

अंडर 19 विश्व कप के लगातार चार बार के चैंपियन भारत का पहला मुकाबला आज

ब्लोमफोंटेन, एजेंसी

अंडर 19 विश्व कप के इतिहास की सबसे कामयाब गत चैंपियन भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को अपने अभियान का आगाज करेगी तो उदय सहारन की कप्तानी में उसका लक्ष्य इस परंपरा को आगे बढ़ाने का होगा। ग्रुप ए में पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम पहले दौर में एशियाई प्रतिद्वंद्वी से खेलेगी। इसके बाद आयरलैंड और अमेरिका से मुकाबले होंगे। भारत ने 2002 में मोहम्मद कैफ की कप्तानी में पहला खिताब जीता था। इसके बाद से 2008, 2012, 2018 और 2022 में भारत चैंपियन रहा।

2008
से लगातार अंडर 19 विश्वकप का चैंपियन है भारत

मैच: दोपहर 1:30 बजे से।

भारतीय टीम में अर्शिन कुलकर्णी भी हैं जो आईपीएल में अनुबंध पाने वाले इस टीम के दो खिलाड़ियों में से एक हैं। महाराष्ट्र प्रीमियर लीग की खोज अर्शिन ने टूर्नामेंट में नौ छक्के लगाए थे। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स ने अरावेली अश्विन के साथ करार किया है, जिसने नवंबर में चार देशों की शृंखला में 93 गेंद में 163 रन बनाए थे। पिछले साल कूच बिहार ट्रॉफी में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे। मुशीर खान और कप्तान उदय सहारन पर भी नजरे होंगी। गेंदबाज राज लिंबानी ने हाल ही में नेपाल के खिलाफ 7 विकेट लिए थे, जबकि उपकप्तान स्वामी पांडे ने अफगानिस्तान के खिलाफ 6 विकेट चटकाए थे।

आईपीएल टीमों के भी दो खिलाड़ी

हर ग्रुप से 3 टीमें पहुंचेंगी सुपर सिक्स में

आईसीसी का यह टूर्नामेंट पहले श्रीलंका में होना था लेकिन ऐन मौके पर दक्षिण अफ्रीका को मेजबानी सौंपी गई। इसमें चार समूहों में 4-4 टीमें रखी गई हैं। हर समूह से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स में पहुंचेंगी। सेमीफाइनल आठ और छह फरवरी को, जबकि फाइनल 11 फरवरी को बेनोनी में होगा। भारतीय टीम राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में कई शिविरों के बाद यहां आई है और इसने दो ही टूर्नामेंट एशिया कप और दक्षिण अफ्रीका में त्रिकोणीय शृंखला खेली है। एशिया कप में भारत सेमीफाइनल में हार गया जिसमें बांग्लादेश ने उसे चार विकेट से मात दी। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका में त्रिकोणीय शृंखला भारत ने अपराजेय रहकर जीती, जिसमें अफगानिस्तान तीसरी टीम थी। फाइनल बारिश की भेंट होने से भारत और दक्षिण अफ्रीका संयुक्त विजेता रहे।

टीमें

भारत : उदय सहारन (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन दास, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरावेली अवनीश राव, स्वामी कुमार पांडे, मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्य शुक्ला, राज लिंबानी, नमन तिवारी।

बांग्लादेश : महफुजूर रहमान रब्बी (कप्तान), आशिकुर रहमान शिबली, जिशान आलम, आरिफुल इस्लाम, मोहम्मद शिहाब जेम्स, अहरार अमीन, शेख परवेज जिबोन, वासी सिद्दीकी, मारूफ एम, चौधरी मोहम्मद रिजवान, आदिल बिन सिद्दीक, मोहम्मद अशरफुज्जामन, मोहम्मद रफी उज्जामन रफी, रहनत दौला बोरसन, इकबाल हुसैन एमन।

श्रीजा ने पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीता

टेक्सास (अमेरिका), एजेंसी

डब्ल्यूटीटी फीडर कोरपस क्रिस्टी में अमेरिका की लीली को हराया

भारत की दो बार की टेबल टेनिस राष्ट्रीय चैंपियन श्रीजा अकुला ने डब्ल्यूटीटी फीडर कोरपस क्रिस्टी में महिला एकल खिताब जीता जो उनकी पहली अंतर्राष्ट्रीय ट्रॉफी है। भारतीय खिलाड़ी ने गुरुवार रात को हुए फाइनल में दुनिया की 46वें नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी लिली झांग को 3-0 (11-6, 18-16, 11-5) से मात देकर नये सत्र की शानदार शुरुआत की। यह मुकाबला एकतरफा रहा।

श्रीजा अकुला ने कहा कि वह अपने प्रयासों से यहां पहुंची जहां होना चाहती थी। यह उनका पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब है। उन्होंने टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल के करीबी मुकाबलों के बाद यह खिताब जीता है। दोनों एमी और लिली उच्च रैंकिंग वाली खिलाड़ी हैं।

हैदराबाद की इस 25 साल की खिलाड़ी ने अमेरिका की शीर्ष वरीय एमी वांग को क्वार्टरफाइनल में 3-2 (11-9, 9-11, 11-1, 6-11, 11-9) से मात दी। विश्व रैंकिंग में 94 रैंकिंग की खिलाड़ी श्रीजा ने सेमीफाइनल में अमेरिका की जियांगशान गाओ पर 9-11, 11-5, 11-6, 10-12, 11-9 की जीत से फाइनल में प्रवेश किया।

जोकोविच की ग्रैंडस्लैम में लगातार 31वीं जीत

ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में थॉमस मार्टिन एटचेवेरी को सीधे सेटों में हराया

मेलबर्न, एजेंसी

नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने 100वें मैच में शुक्रवार को सीधे सेटों में जीत दर्ज करके चौथे दौर में प्रवेश किया। जोकोविच ने थॉमस मार्टिन एटचेवेरी को 6-3, 6-3, 7-6 (2) से हराया। यह वर्तमान टूर्नामेंट में पहला अवसर है जब विश्व के नंबर एक खिलाड़ी ने सीधे सेटों में जीत दर्ज की। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता जोकोविच का ऑस्ट्रेलियाई ओपन में रिकॉर्ड 92-8 है। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 10 खिताब जीते हैं और शुक्रवार की जीत से उन्होंने मेलबर्न पार्क पर अपना विजय अभियान 31 मैच तक पहुंचा दिया है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उनसे अधिक मैच केवल रोजर फेडरर (117) और सेरेना विलियम्स (115) ने खेले हैं।



अगला मुकाबला मन्नारियो से

जोकोविच का अगला मुकाबला फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो से होगा, जिन्होंने बेन शेल्टन को हराया है। जोकोविच ने कहा कि पहले दो दौर की तुलना में उनका प्रदर्शन अच्छा था और यह सकारात्मक बदलाव है लेकिन मैं अब भी अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखा पा रहा हूं।

बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी तीसरे दौर में

भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू इबडेन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को शुक्रवार को तीसरे दौर में पहुंचने के लिए जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी ने जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर की स्थानीय वाइल्डकार्ड जोड़ी को एक घंटे से जरा ज्यादा समय तक चले दूसरे दौर के मैच में 6-2, 6-4 से पराजित किया। अब तीसरे दौर में इस जोड़ी की भिड़ंत नीदरलैंड के वेस्ले कूलहोफ और क्रोएशिया के निकोला मेकटिच की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगी। भारतीय श्रीराम बालाजी ने रोमानियाई जोड़ीदार विक्टर व्लाड कोर्निया के साथ मिलकर पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। उन्होंने इटली के मात्तेओ अर्नाल्डी और आंद्रिया पेलेग्रिनो को 6-3, 6-4 से हराया। अगले दौर में उनका सामना दसवीं वरीयता प्राप्त अल सल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पाविच से होगा।

जोकोविच ने की रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी

जोकोविच ने इस जीत के साथ ही चौथे दौर में पहुंचने के साथ ही स्विट्जरलैंड के पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। पिछले 45 वर्षों में केवल दो खिलाड़ी ही 36 साल की उम्र के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में पहुंच पाए हैं। इससे पहले फेडरर ने ऐसा किया था और अब जोकोविच इस सूची में शामिल हो गए हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में लगातार 31वीं जीत हासिल की है। उनकी नजर 11वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में जीतने पर हैं।

सबालेका ने महज 52 मिनट में सुरेंको को हराया

गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने यूक्रेन की लेसिया सुरेंको को 6-0, 6-0 से हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में प्रवेश कर लिया। बेलारूस की दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेका ने एक साल पहले अपने कॅरिअर का पहला ग्रैंडस्लैम जीता था। उन्हें यह मैच जीतने में सिर्फ 52 मिनट लगे। मैच के बाद दोनों ने हाथ नहीं मिलाया क्योंकि यूक्रेन के खिलाड़ी रूस या बेलारूस के प्रतिद्वंद्वियों से हाथ नहीं मिलाते लेकिन सुरेंको ने सबालेंका को बधाई दी। अब सबालेंका का सामना अमांडा एनिसिमोवा से होगा।

इंडिया ओपन

प्रणय सेमीफाइनल में शी युकी से होगी भिड़ंत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के एचएस प्रणय ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के वैंग जू वेइ को हराकर इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। प्रणय ने 21-11, 17-21, 21-18 से जीत दर्ज की। वैंग के खिलाफ प्रणय की नौ मैचों में यह छठी और पिछले छह मैचों में पांचवीं जीत है। सेमीफाइनल में प्रणय की भिड़ंत दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी चीन के शी युकी से होगी। छठे वरीय शी युकी ने क्वार्टर फाइनल में जापान के कोकी वातानाबे को सीधे गेम में 23-21, 21-23 से हराकर बाहर किया। जापान के कोडाई नाराओका और चीनी ताइपे की ताइ जू यिंग ने जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। वहीं दक्षिण कोरिया की विश्व चैंपियन आन से यंग चोट के कारण क्वार्टर फाइनल मुकाबले के बीच से हट गईं।

खेल डायरी

रेलवे के पहलवान मान्यता प्राप्त चैंपियनशिप में लेंगे भाग

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे के पहलवान जयपुर में आयोजित होने वाली केवल स्वीकृत और मान्यता प्राप्त सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लेंगे। चैंपियनशिप का आयोजन दो से पांच फरवरी तक जयपुर में किया जाएगा। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड के सचिव प्रेम चंद लोचब ने कहा कि रेलवे के पहलवान जयपुर में आरएसपीबी द्वारा आयोजित चैंपियनशिप में भाग लेंगे। रेलवे के पहलवान निलंबित डब्ल्यूएफआई की ओर से आयोजित किसी कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। खेल मंत्रालय ने कहा था कि कुश्ती के लिए नियुक्त तदर्थ समिति की देखरेख में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप को खेल संहिता के तहत स्वीकृत और मान्यता प्राप्त चैंपियनशिप माना जाएगा। केवल तदर्थ समिति की ओर से आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सभी सरकारी सुविधाएं मिलेंगी।

विदेशी कोचों ने पीसीबी में पद से दिया इस्तीफा

कराची। विदेशी कोच मिकी आर्थर, ग्रांट ब्राडबर्न और एंड्रयू पुटिक ने राष्ट्रीय टीम और पीसीबी में अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। भारत में 50 ओवरों के विश्व कप के बाद उनके पोर्टफोलियो में बदलाव करके उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इन तीनों के साथ गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल भारत में विश्व कप में पाकिस्तानी टीम के साथ थे। पाकिस्तान टूर्नामेंट में नॉकआउट चरण में भी नहीं पहुंच सका, इसके बाद पीसीबी प्रबंध समिति के प्रमुख जका अशरफ ने उन्हें एनसीए भेज दिया। तीनों ने इससे इनकार किया और छुट्टी लेकर घर लौट गए। मोर्कल ने विश्व कप के तुरंत बाद इस्तीफा दे दिया था। बताया जा रहा है कि इन तीनों से बातचीत की गई और उन्हें खुद ही इस्तीफा देने के लिए कहा गया। अनुबंध के तहत अगर पीसीबी उन्हें बर्खास्त करता तो छह महीने का वेतन देना पड़ता। उन्होंने जनवरी के आखिर में इस्तीफा देने पर रजामंदी जताई।

आईडब्ल्यूएल में प्रमोशन रेलीगेशन की सिफारिश

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की लीग समिति ने इंडियन वुमैंस लीग में प्रमोशन और रेलीगेशन आधारित प्रणाली की सिफारिश की है। आईडब्ल्यूएल 2016 में शुरू हुई थी, जिसमें चार टीम ने अब तक खिताब जीते हैं। मौजूदा चैंपियन गोकुलम केरला तीन बार विजेता रही है। एआईएफएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि समिति ने आईडब्ल्यूएल और आईडब्ल्यूएल 2 की टीम के लिए प्रमोशन और रेलीगेशन प्रणाली शुरू करने की सिफारिश की, जो 2024-25 सत्र से प्रभावी होगी। कुल मिलाकर सात टीमें प्रतियोगिता में हिस्सा लेती हैं, जिसमें चैंपियन को एएफसी एशियाई महिला क्लब चैंपियनशिप में खेलने का मौका मिलता है। साथ ही समिति ने गुरुवार को बैठक के दौरान एआईएफएफ क्लब प्रतियोगिता के प्रस्तावित कैलेंडर की भी जांच की।

आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को टेस्ट में 3 दिन में हराया

एडीलेड। जोश हेजलवुड ने एक टेस्ट पारी के पांच विकेट लेने का कारनामा 11वीं बार किया जिसकी मदद से आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट के तीसरे ही दिन लंच से पहले दस विकेट से हरा दिया। आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज को 13वें ओवर में 120 रन पर आउट कर दिया, जिससे उसे 26 रन का लक्ष्य मिला। स्टीव स्मिथ (11) और उस्मान ख्वाजा (9) ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। हालांकि ख्वाजा बाउंसर लगने से रिटायर्ड हर्ट हो गए, जब आस्ट्रेलिया को एक ही रन चाहिए था। मार्नस लाबुशेन ने दो गेंद बाद विजयी रन बनाए। हेजलवुड एक दिन पहले ही 18 रन देकर 4 विकेट ले चुके थे, जिसकी वजह से आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के 6 विकेट 73 रन पर निकाल दिए थे। इससे पहले वेस्टइंडीज के 188 रन के जवाब में आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 283 रन बनाए थे। तीसरे दिन मिचेल स्टार्क ने जोशुआ डा सिल्वा (18) और अलजारी जोसेफ (16) को आउट किया, जबकि हेजलवुड ने गुडाकेश मोती (3) को पवेलियन भेजा। वेस्टइंडीज के 9 विकेट 94 रन पर गिर गए थे।

स्कीट क्वालीफिकेशन के पहले दिन तीन भारतीय निशानेबाज शीर्ष छह में

कुवैत सिटी, एजेंसी

गनेमत दूसरे और महेश्वरी चौहान तीसरे स्थान पर, अनंत जीत चौथे पायदान पर

भारत के तीन निशानेबाज शुक्रवार को शॉटगन के लिए एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन में स्कीट स्पर्धा के पहले दिन के क्वालीफिकेशन में शीर्ष छह में शामिल रहे। गनेमत सेखों अपने तीन दौर में 71 अंक बनाकर महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में दूसरे स्थान पर हैं। महेश्वरी चौहान 70 अंक से तीसरे स्थान पर हैं। वहीं पुरुषों की स्पर्धा में अनंत जीत सिंह नरूका ने चौथे स्थान प्राप्त किया।

प्रत्येक स्पर्धा में दो पेरिस ओलंपिक स्थान उपलब्ध हैं और एक देश केवल एक कोटा ही हासिल कर सकता है। भारत स्कीट स्पर्धा में पहला पेरिस कोटा जुटाने की कोशिश में जुटा है। भारतीय निशानेबाजी टीम ने अब तक रिकॉर्ड 17 कोटे हासिल कर लिए हैं। भारत की नंबर एक गनेमत ने पहले दिन 24, 24 और 23 के राउंड लगाए। वह चीन की गाओ जिनमेई से एक स्थान पीछे और महेश्वरी से एक स्थान ऊपर हैं। महेश्वरी ने 23, 23 और 24 अंक बनाए। रेजा ढिल्लों आठवें स्थान पर चल रही हैं।

पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में भारत के नंबर एक निशानेबाज नरूका ने 25 के राउंड से शुरुआत की लेकिन वह दो अन्य निशानेबाजों के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर बने हुए हैं। शनिवार को दो और राउंड खेले जाने हैं जिसके बाद फाइनल होगा।

गुकेश ने इयान को हराया प्रज्ञाननंदा ने ड्रा खेला

विज्क ऑन जी (नीदरलैंड)। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने शुक्रवार को टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर रूस के इयान नेपोमनियाच्ची को हरा दिया। टूर्नामेंट में दूसरी जीत से गुकेश के पांच दौर में 2.5 अंक हो गए हैं। वह शुरुआती दो बाजियों में हार गए थे। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने टूर्नामेंट में शीर्ष पर चल रहे और गत चैंपियन होलैंड के अनीश गिरी से अंक बांटे।

शतरंज

जीएम विदित गुजराती ने लगातार पांचवां ड्रा खेला। उन्होंने स्थानीय खिलाड़ी मैक्स वार्डरमैन से अंक बांटे। अब टूर्नामेंट में आठ दौर बचे हैं। गिरी ने पांच में से चार अंक लेकर एकल बढ़त बनाई हुई है। प्रज्ञाननंदा, फ्रांस के फिरौजा अलीरेजा और उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव 4-4 अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। गुजराती और गुकेश 2.5 अंक लेकर तीन अन्य के साथ शामिल हैं। महिला विश्व चैंपियन चीन की जु वेनजुन ने अलीरेजा को शिकस्त देकर टूर्नामेंट का अब तक का बड़ा उलटफेर किया।

भारतीय महिला हॉकी टीम का पेरिस ओलंपिक में खेलने का सपना टूटा

रांची, एजेंसी

अंतिम तीन में शामिल होने के लिए खेले गए मैच में जापान ने 0-1 से दी शिकस्त

भारतीय महिला हॉकी टीम की पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने की उम्मीद शुक्रवार को कांस्य पदक मुकाबले में जापान से 0-1 से हार के बाद समाप्त हो गई। शुक्रवार को बिरसा मुंडा इंटरनेशनल स्टेडियम में भारतीय टीम को जापान से हार का सामना करना पड़ा।

जापान की ओर से छठे मिनट में काना उराता ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। गोल खाने के बाद भारतीय टीम ने तेज आक्रमण करने के प्रयास किए और दो अच्छे मौके बनाए लेकिन दीपिका या लालरेमसियामी में से कोई भी लक्ष्य को भेदने में कामयाब नहीं हो पाई।

भारत को मैच के दौरान नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन जापान की रक्षापंक्ति ने उसके हर प्रयास को विफल कर दिया। जापान ने शानदार बचाव करते हुए मैच के अंत तक अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए मुकाबला जीत लिया।

जर्मनी ने जीता क्वालीफायर खिताब

जर्मनी ने शुक्रवार को अमेरिका को 2-0 से हराकर एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर का खिताब जीता। उसने फाइनल में पहुंचने के साथ पहले ही पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह पक्की कर ली थी। जर्मनी ने अपने दोनों गोल पहले हाफ में किए। उसकी तरफ से यह गोल जेट फ्लेशफुट्ज़ (तीसरे मिनट) और सोंजा जिमरमैन (20वें मिनट) ने दागे।

तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का ट्रेलर रिलीज



अभिनेता शाहिद कपूर और कृति सेनन की आने वाली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और अराधना शाह ने किया है। इसमें शाहिद और कृति के बीच बेहतरीन रोमांटिक केमिस्ट्री नजर आ रही है। ट्रेलर में कृति सेनन एक रोबोट का किरदार निभाती दिख रही हैं, जिससे शाहिद कपूर को प्यार हो जाता है। इसके बाद वह कृति सेनन से शादी करने की कोशिश में लग जाता है लेकिन कहानी में ट्विस्ट तब आता है जब उसे पता लगता है कि वह एक रोबोट है। ट्रेलर में धर्मेंद्र और डिंपल कपाडिया की झलक भी देखने को मिल रही है। दिनेश विजान निर्मित तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

फिल्म गदर 3 पर शुरू हुआ काम

सनी देओल की फिल्म गदर और गदर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी। दोनों की सफलता के बाद डायरेक्टर अनिल शर्मा फिल्म गदर 3 बनाने वाले हैं। जी स्टूडियो ने फिल्म को हरी झंडी दे दी है। इसकी शूटिंग 2025 के अंत तक शुरू हो सकती है।

ओटीटी पर आज रिलीज होगी सालार

प्रभास की फिल्म सालार को लोगों ने काफी पसंद किया था। इसका बॉक्स ऑफिस पर फिल्म डंकी के साथ क्लैश हुआ था। अब फिल्म सालार की ओटीटी रिलीज डेट सामने आ गई है। प्रभास की फिल्म नेटफ्लिक्स पर 20 जनवरी को स्ट्रीम होगी।

अजय देवगन ने शेयर किया शैतान का फर्स्ट लुक

अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म शैतान 08 मार्च को रिलीज होगी। अजय देवगन की सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान गुजराती थ्रिलर फिल्म वश का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में अजय देवगन के साथ-साथ आर माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिकाओं में हैं। अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म शैतान की रिलीज डेट का एलान किया है। साथ ही फिल्म का फर्स्ट लुक भी दिखाया है। विकास बहल के निर्देशन में बन रही फिल्म शैतान 08 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज की जायेगी।

अजय देवगन की इसी साल आने वाली मूवीज

अजय देवगन का यह साल धमाकेदार होना वाला है। इस साल अजय देवगन की कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। उनकी फिल्म शैतान मार्च में, औरों में कहां दम था अप्रैल में, सिंघम अगेन अगस्त और रेड 2 नवंबर में रिलीज होने वाली है। इस तरह से अजय देवगन पूरे साल सिनेमाघरों में जलवा दिखाने वाले हैं। अजय देवगन की इन फिल्मों पर फैंस निगाहें लगाए बैठे हैं। अजय देवगन पिछली बार साल 2023 के मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म भोला में नजर आए थे।

एक निडर खोजी पत्रकार की कहानी है भक्षक

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर की आने वाली क्राइम थ्रिलर फिल्म भक्षक का टीजर रिलीज कर दिया गया है। नेटफ्लिक्स इंडिया की फिल्म भक्षक की निर्माता गौरी खान ने इंस्टाग्राम पर टीजर शेयर करते हुए लिखा कि सभी बाधाओं के बावजूद सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर निकलीं एक निडर पत्रकार। सच्ची घटनाओं से प्रेरित भक्षक 9 फरवरी को केवल नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। पुलकित द्वारा निर्देशित भक्षक में भूमि पेडनेकर, संजय मिश्रा, आदित्य श्रीवास्तव और साई ताम्हणकर अहम भूमिका में हैं। वैशाली सिंह के रूप में भूमि पेडनेकर एक खोजी पत्रकार की भूमिका में नजर आ रही हैं, जो महिलाओं के खिलाफ अपराधों की जमीनी हकीकत को उजागर करते हुए एक जघन्य अपराध को समाज के सामने लाना चाहती है। भक्षक न्याय पाने के लिए एक महिला की अटूट खोज के सफर को दिखाती है।

अगले हफ्ते रिजीज होगी यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370

अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370, 23 फरवरी को रिलीज होगी। जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज पॉलिटिकल ड्रामा आर्टिकल 370 को दर्शकों के समक्ष पेश करने के लिए एक साथ आए हैं। यामी गौतम अभिनीत इस फिल्म को आदित्य सुहास जांभले ने निर्देशित किया है। फिल्म निर्माताओं ने एक रोमांचक पोस्टर जारी किया है, जिसमें यामी गौतम को एक खुफिया एजेंट के रूप में दिखाया गया है। ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर द्वारा निर्मित फिल्म 23 फरवरी को रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

अमेरिकी सांसद कृष्णमूर्ति ने ट्रंप को झूठा बताया

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ निक्की हेली पर जन्म संबंधी दावों के खिलाफ पूर्व राष्ट्रपति की निंदा

भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल डोनाल्ड ट्रंप की उनकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली के खिलाफ कथित जन्म संबंधी दावों के लिए निंदा की।

ट्रंप ने गत सप्ताह समाचार वेबसाइट द गेटवे पंडित का एक पोस्ट फिर से पोस्ट किया था जिसमें दावा किया गया है कि हेली अमेरिकी राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य हैं क्योंकि 1972 में उनके जन्म के समय उनके माता-पिता अमेरिकी नागरिक नहीं थे। भारतीय-अमेरिकी हेली इस देश में जन्म लेने के कारण अमेरिकी नागरिक बन गईं थीं।

डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद कृष्णमूर्ति ने गुरुवार को एक बयान में कहा, इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है कि डोनाल्ड ट्रंप अधिक झूठे और नस्लवादी जन्म संबंधी दावों के साथ लौट आए हैं।

उन्होंने कहा, एक गौरवशाली भारतीय अमेरिकी प्रवासी होने के नाते, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप निक्की हेली के खिलाफ जो घृणास्पद हमले कर रहे हैं, मैं उन्हें भलीभांति समझता हूं। इससे पहले ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और मौजूदा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के जन्म पर सवाल उठाए थे।

मंगल की सतह पर बर्फ के रूप में मिला पानी

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के मार्स एक्सप्रेस ऑर्बिटर की बड़ी खोज

नैनीताल, कार्यालय

अमृत विचार: लाल ग्रह मंगल पर बर्फ के रूप के विशाल जलभंडार मिला है। इस बर्फ की मात्रा इतनी अधिक है कि पिघलने पर मंगल की सतह को उथले महासागर में ढक सकता है। मार्स एक्सप्रेस ऑर्बिटर ने लाल ग्रह के भूमध्य रेखा के समीप यह खोज की है। वैज्ञानिकों के अनुसार बर्फ से ढका यह क्षेत्र सैकड़ों किलोमीटर में फैला हुआ है। बर्फ की मोटी परत तीन हजार मीटर हो सकती है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) की यह खोज है। गहन जांच के बाद पानी के रहस्य का पता चला है।

ईएसए का मार्स एक्सप्रेस मिशन अनुभवी अंतरिक्ष यान है, जो 20 वर्षों से मंगल ग्रह के आसपास की टोह ले रहा है। हालांकि यह पहली बार नहीं है कि लाल ग्रह के भूमध्य रेखा के पास बर्फ के सबूत मिले हैं। मगर नई खोज अब तक पानी की बर्फ की सबसे बड़ी मात्रा है और मंगल ग्रह पर जमे हुए पानी की पिछली खोजों से मेल भी खाती है।



मंगल की धरती के इस क्षेत्र में है बर्फ के रूप में अकूत जल।

तीन अरब साल पहले बहता था लावा

वैज्ञानिकों का मानना है कि यह क्षेत्र तीन अरब साल से लावा से प्रभावित था, जो ज्वालामुखीय राख में ढका हुआ था। तब मंगल ज्वालामुखीय रूप से सक्रिय था। आज यह क्षेत्र कई किलोमीटर ऊंचे धूल के ढेर में ढका हुआ है। यह वास्तव में पूरे ग्रह पर धूल का सबसे बड़ा स्रोत है। जिस कारण धूल भरी आंधियों से मंगल का बड़ा हिस्सा प्रभावित रहता है।

स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन के प्रमुख शोधकर्ता थॉमस वॉटर्स के अनुसार रोमांचक बात यह है कि रडार सिग्नल उस चीज़ से मेल खाते हैं जो हम परतदार बर्फ से देखने की उम्मीद करते हैं और मंगल ग्रह के ध्रुवीय कैप से मिलने वाले संकेतों के समान हैं, जिसे हम बर्फ से समृद्ध मानते हैं।

मंगल का भूगोल उत्तरी उच्चभूमियों और दक्षिणी तराई क्षेत्रों के बीच विभाजित है, और 5,000 किलोमीटर लंबा विशाल क्षेत्र दोनों के बीच की सीमा के पास स्थित है। पानी की इस बड़ी खोज पर वैज्ञानिकों का मंगल पर बस्ती बसाने के सपने को बल मिलता है। इससे वैज्ञानिको में आशा कि किरण जगी है।

जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र में सुधार का किया आह्वान

कंपाला, एजेंसी

▸▸ कहा- दुनिया नए प्रकार की असमानता और वर्चस्व से जूझ रही

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र में सुधार पर जोर देते हुए एक बहुध्रुवीय दुनिया का आह्वान किया। विदेश मंत्री ने रेखांकित किया कि दुनिया नए प्रकार की असमानता और वर्चस्व से जूझ रही है। युगांडा की राजधानी कंपाला में गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) शिखर सम्मेलन को संबोधित करते जयशंकर ने वसुधैव कुटुंबकम से प्रेरित भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा कि 2019 में अजरबैजान की राजधानी बाकू में एनएएम की बैठक के बाद से दुनिया पूरी तरह बदल गई है। मंत्री ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने हम सभी को तबाह कर दिया है, जिसके

कंपाला में गुटनिरपेक्ष आंदोलन के शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री एस जयशंकर।

घाव भरने में पीढ़ियां लग जाएंगी। ऐसे संघर्ष चल रहे हैं जिनका असर दूर-दूर तक महसूस किया जा रहा है। विशेष रूप से गाजा हमारी चिंता के केंद्र में है। विदेश मंत्री ने कहा कि गाजा पट्टी में मानवीय संकट के लिए एक स्थायी समाधान की आवश्यकता है जो सबसे अधिक प्रभावित लोगों को तत्काल राहत दे।

एक नजर

पानी में परमाणु हमला करने वाले ड्रोन का परीक्षण

सियोल। उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने इस सप्ताह दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के संयुक्त नौसैन्य अभ्यास के जवाब में पानी में परमाणु हमले करने वाले ड्रोन का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया ने अपने दुश्मन देशों पर क्षेत्र में तनाव बढ़ाने का आरोप भी लगाया है। यह ड्रोन परीक्षण ऐसे वक्त में किया गया है जब कुछ ही दिन पहले देश के नेता किम जोंग उन ने कहा था कि उनका देश अब दक्षिण कोरिया के साथ सुलह का प्रयास नहीं करेगा। साथ ही उन्होंने युद्ध में विभाजित देशों के बीच साझा राष्ट्र के विचार को खत्म करने के लिए उत्तर कोरिया के संविधान को फिर से लिखने का आह्वान किया। देश की सेना ने कहा कि उसने यह परीक्षण देश के पूर्वी जलक्षेत्र में किया और तीन देशों के साझा नौसैन्य अभ्यास के जवाब में किया।

पाकिस्तान और ईरान सहयोग के लिए राजी

इस्लामाबाद। एक-दूसरे के भूभाग में मिसाइल हमलों के बाद रिश्तों में पैदा हुए तनाव को दूर करने का प्रयास करते हुए पाकिस्तान और ईरान शुक्रवार को परस्पर विश्वास और सहयोग की भावना के साथ सुरक्षा मुद्दों पर करीबी सहयोग की आवश्यकता पर सहमत हुए। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी ने अपने ईरानी समकक्ष हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन से फोन पर बात की और आपसी विश्वास और सहयोग की भावना के आधार पर सभी मुद्दों पर ईरान के साथ काम करने की पाकिस्तान की इच्छा व्यक्त की।

अनुसूचित जाति के हितों की रक्षा के लिए बनी समिति

नई दिल्ली। मडिगा जैसे अनुसूचित जाति समुदायों के हितों की रक्षा के लिए उठाए जाने वाले प्रशासनिक कदमों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मामले से जुड़े एक सूत्र ने कहा प्रधानमंत्री के निर्देश पर कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में सचिवों की एक समिति गठित की गई है। यह उन प्रशासनिक कदमों की जांच करेगी जो अनुसूचित जाति समुदायों के हितों की रक्षा के लिए उठाए जा सकते हैं। समिति में गृह मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, जनजातीय मामलों के मंत्रालय, कानूनी मामलों के विभाग और सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सचिव शामिल होंगे।

हसीना सरकार को मान्यता न देने की अवधारणा से इंकार

वाशिंगटन/ढाका। अमेरिका ने बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के लगातार चौथे कार्यकाल को मान्यता न देने संबंधी अवधारणा से इनकार किया है। वाशिंगटन में गुरुवार को विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से दैनिक ब्रीफिंग में यह पूछे जाने पर कि जब आप कहते हैं कि बंगलादेश में चुनाव परिणाम विश्वसनीय, स्वतंत्र या निष्पक्ष नहीं थे तो क्या इसका मतलब यह तो नहीं है कि अमेरिका हसीना के लगातार चौथे कार्यकाल को मान्यता नहीं देगा। उन्होंने जवाब में कहा, नहीं, बिलकुल नहीं। उन्होंने हालांकि इस बात पर भी खेद व्यक्त किया कि बंगलादेश में आम चुनावों में सभी दलों ने भाग नहीं लिया और चुनाव के दौरान हिंसा भी हुई।

पाकिस्तान में चुनाव कराने के लिए समिति का गठन

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ ने देश में आठ फरवरी को होने जा रहे आम चुनाव में निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए सात सदस्यीय समिति गठित की है। मीडिया की खबर में यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि संचार, रेलवे तथा समुद्री मामलों के अंतरिम मंत्री शाहिद अशरफ तरार को समिति का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

दिसंबर में आएगा भारत में बना पहला चिप

संचार और इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की घोषणा

दावोस, एजेंसी

संचार और इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत में बना पहला चिप दिसंबर तक बाजार में आ जाएगा। उन्होंने पूरे परिवेश पर ध्यान केंद्रित करने के साथ कम समय में देश में एक बहुत मजबूत सेमीकंडक्टर उद्योग विकसित करने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से इतर बातचीत में मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जनवरी 2022 में एक सेमीकंडक्टर नीति शुरू की थी। जब उन्होंने यहां उद्योग के वरिष्ठ प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी तब वे सभी इस बात से हैरान थे कि इतने कम समय में ऐसा कैसे किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, उन सभी ने नीति तथा इस तथ्य की सराहना की कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा एक व्यापक परिवेश बनाने पर जोर दिया है क्योंकि कई देशों के पास इस तरह की नीति नहीं है और इसलिए उन्हें ऐसी सफलता नहीं मिल सकी। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा एक ऐसा परिवेश विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया है जहां प्रतिभा पर बहुत अधिक ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा, 104 विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू (समझौता ज्ञापन) पहले से ही मौजूद हैं। उनके पाठ्यक्रम को संशोधित किया जा रहा है, एक अलग निवेश योजना के साथ डिजाइन पर अधिक ध्यान दिया गया है।

वैष्णव ने कहा कि कई डिजाइन कंपनियों को इससे फायदा मिला है और वे धीरे-धीरे मूल्य श्रृंखला में आगे आ रही हैं। इन सभी को दुनिया भर की कंपनियों से काफी सराहना मिल रही है। चिप विनिर्माता कंपनी मैक्रों का उदाहरण देते हुए वैष्णव ने कहा कि जिस तरह से मैक्रों की इकाई इतनी तेजी से आगे बढ़ी है, उससे सभी को आश्चर्य हुआ है। उन्होंने कहा, समझौते पर जून 2023 में हस्ताक्षर किए गए थे, जबकि निर्माण सितंबर 2023 में शुरू हुआ।



मोदी के विचार दीर्घकालिक दृष्टिकोण वाले

भारत विनिर्मित पहली चिप दिसंबर 2024 में आएगी। उद्योग के विकास पर पहले ज्यादा ध्यान नहीं दिये जाने के बारे में पूछे जाने पर, वैष्णव ने कहा कि मोदी के विचार दीर्घकालिक दृष्टिकोण पर केंद्रित होते हैं, चाहे वह रक्षा विनिर्माण हो, बुनियादी ढांचा निवेश हो। उन्होंने कहा, वह हमेशा 10 साल, 20 साल, 30 साल और 50 साल के दृष्टिकोण को लेकर सोचते हैं। उनका विचार है कि आज जो कुछ भी किया जा रहा है, उसका लाभ देश को कई वर्षों तक मिलना चाहिए।

आखिरी दिन नेताओं ने की जलवायु परिवर्तन के जोखिम से निपटने की अपील

दावोस। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के आखिरी दिन शुक्रवार को वैश्विक नेताओं से विश्वास की बहाली, अर्थव्यवस्था में नई जान डालने और भ्रामक सूचना, समाज में ध्रुवीकरण, जलवायु परिवर्तन एवं संघर्षों के जोखिमों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की अपील की गई। डब्ल्यूईएफ के अध्यक्ष बोर्ज ब्रेंडे ने कहा कि इस बार की सालाना बैठक महत्वपूर्ण और जटिल समय पर हुई। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तापमान, नाजुक अर्थव्यवस्था और सीमाओं से परे की सुरक्षा चुनौतियों से पता चलता है कि अकेले आगे बढ़ पाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा, इन चुनौतियों की वजह से विश्वास की बहाली बेहद अहम हो जाती है। हम एक साथ काम करके ही ऐसा कर सकते हैं। ब्रेंडे ने कहा कि स्विट्जरलैंड के इस पर्वतीय इलाके में संपन्न बैठक में 350 सरकारी नेताओं समेत करीब 3,000 दिग्गज शामिल हुए। इसके अलावा यूक्रेन मसले पर चर्चा के लिए 80 से अधिक राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख भी यहां पहुंचे। डब्ल्यूईएफ की इस सालाना बैठक की शुरुआत 15 जनवरी को हुई थी। इस दिवसीय आयोजन में भारत से भी कई मंत्री, मुख्यमंत्री एवं उद्योगपति शामिल हुए।

चंद्रयान-3 के लैंडर ने शुरू किया पथ प्रदर्शक के रूप में काम करना

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को घोषणा की कि चंद्रयान-3 लैंडर पर लेजर रेट्रोरेफ्लेक्टर एरे (एलआरए) ने चंद्रमा पर फिडुशियल पॉइंट पॉइंट (संदर्भ के लिए सटीक रूप से स्थित मार्कर) के रूप में काम करना शुरू कर दिया है। इसरो ने कहा कि नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एलआरओ) ने 12 दिसंबर, 2023 को इसके द्वारा परावर्तित संकेतों का सफलतापूर्वक पता लगाकर एलआरए के उपयोग जरिए लेजर रेंज माप हासिल किया।

इसरो के मुताबिक रेंजिंग ने एलआरओ पर लूनर ऑर्बिटर लेजर अल्टीमीटर (लोला) का उपयोग किया। अवलोकन चंद्र रात्रि के समय हुआ। उस समय एलआरओ चंद्रयान-3 के पूर्व में चढ़ रहा था। नासा के एलआरए को अंतरराष्ट्रीय सहयोग के तहत विक्रम लैंडर पर समायोजित किया गया है। इसमें एक अर्धगोलाकार समर्थन संरचना पर आठ कोने-घन रेट्रोरिफ्लेक्टर शामिल हैं। यह सरणी उपयुक्त उपकरण के साथ किसी भी परिक्रमा करने वाले अंतरिक्ष यान द्वारा विभिन्न दिशाओं से लेजर की सुविधा प्रदान करती है। लगभग 20 ग्राम वजनी निष्क्रिय ऑप्टिकल उपकरण को चंद्रमा की सतह पर दशकों तक चलने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 23 अगस्त, 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरा, चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर तब से लोला माप के लिए सुलभ है।



चांद पर पहुंचने वाला पांचवां देश बना जापान

तोक्यो। जापान चांद पर पहुंचने वाला दुनिया का पांचवां देश बन गया है। स्थानीय समयानुसार शनिवार तड़के जापानी अंतरिक्ष यान चंद्रमा के सतह पर उतरा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि, यह अब भी निर्धारित करने की कोशिश की जा रही है अंतरिक्ष यान ने सटीक लैंडिंग की या नहीं। उन्होंने बताया कि मानव रहित अंतरिक्ष यान के लैंडिंग के बारे में स्पष्ट विश्लेषण में कुछ और समय लग सकता है।

दिल्ली हवाई अड्डे पर 26 तक रोजाना दो घंटे बंद रहेंगी उड़ानें

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस की तैयारियों और समारोहों के मद्देनजर 26 जनवरी तक हर दिन पूर्वाह्न 10.20 से दोपहर 12.45 बजे तक दिल्ली हवाई अड्डे पर किसी भी उड़ान का आगमन या प्रस्थान नहीं होगा। विमानन क्षेत्र से जुड़े एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा जारी नोटम (वायुकर्मियों को नोटिस) में प्रतिबंध को संशोधित किया गया है। अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि 19 से 26 जनवरी तक पूर्वाह्न 10.20 बजे से दोपहर 12.45 बजे के बीच दिल्ली हवाई अड्डे से किसी भी उड़ान की आवाजाही नहीं होगी। नोटम (वायुकर्मियों को नोटिस) में उड़ान संचालन में शामिल कर्मियों के लिए आवश्यक जानकारी होती है। गणतंत्र दिवस की तैयारियों और समारोहों के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध 19 जनवरी से 29 जनवरी तक रहेगा। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी नोटम में कहा गया था कि एयरलाइन की गैर-निर्धारित उड़ानों और अन्य विमानों को 19-25 जनवरी की अवधि के दौरान पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक उतरने या उड़ान भरने की अनुमति नहीं होगी।

मोदी भारत के लिए सबसे अच्छे नेता : मैरी मिलबेन

वाशिंगटन। प्रतिष्ठित अफ्रीकी-अमेरिकी हॉलीवुड अभिनेत्री और गायिका मैरी मिलबेन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत और दोनों देशों के बीच संबंधों के लिए सबसे अच्छे नेता हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका में कई लोग उन्हें फिर से निर्वाचित होते देखना चाहते हैं ताकि दोनों देशों के बीच संबंधों को और अधिक स्तर तक मजबूत किया जा सके। मिलबेन (41) ने यह भी कहा कि वह मानती हैं कि प्रधानमंत्री मई में जीत की राह पर हैं। मशहूर अफ्रीकी-अमेरिकी गायिका ने गुरुवार को एक साक्षात्कार में कहा, मैं आपको विश्वास के साथ बता सकती हूं कि यहां अमेरिका में प्रधानमंत्री के लिए अच्छा खासा समर्थन है। मैं मानती हूं कि कई लोग उन्हें फिर से निर्वाचित होते देखना चाहते हैं क्योंकि वह भारत के लिए सबसे अच्छे नेता है। उन्होंने कहा कि भारत में उनके काफी प्रशंसक हैं, खासतौर से राष्ट्रगान ''जन गण मन'' और मशहूर हिंदी गीत ओम जय जगदीश हरे गाने के बाद। मिलबेन ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को न केवल इस क्षेत्र में बल्कि पूरी दुनिया में असली आर्थिक शक्ति बनाने के लिए असाधारण कदम उठाए हैं।

बर्फबारी में दावोस की सुंदरता...

दावोस : विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक की समाप्ति के बाद शहर का एक दृश्य। शुक्रवार को यहां बर्फबारी हुई और पूरा दिन बादलों की आंख-मिचौली जारी रही। ●एजेंसी

युगांडा में गुटनिरपेक्ष आंदोलन का 19वां शिखर सम्मेलन शुरू

कंपाला। युगांडा में शुक्रवार को गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) के राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों का 19वां शिखर सम्मेलन शुरू हुआ। उद्घाटन समारोह में युगांडा ने आधिकारिक तौर पर अजरबैजान से एनएएम की अध्यक्षता संभाली। यह 120 सदस्यीय आंदोलन वैश्विक मामलों पर अधिक प्रभाव चाहता है जिसको लेकर इस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। अजरबैजान के विदेश मामलों के मंत्री जेहुन बायरामोव ने कहा कि बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अंतरराष्ट्रीय प्रणाली कई चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने इन चुनौतियों से निपटने के लिए सदस्य देशों के बीच निरंतर एकता का आह्वान किया।

भारतीय भाषाओं में अध्ययन सामग्री तीन वर्षों में डिजिटल रूप से उपलब्ध कराएं

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ केंद्र सरकार ने स्कूलों, उच्च शिक्षा संस्थानों को जारी किए निर्देश

केंद्र सरकार ने स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों को अगले तीन वर्ष के भीतर भारतीय भाषाओं में सभी पाठ्यक्रमों के लिए अध्ययन सामग्री डिजिटल रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस निर्णय का उद्देश्य छात्रों को उनकी अपनी भाषा में अध्ययन करने का अवसर प्रदान करना है।

शिक्षा मंत्रालय (एमओई) ने एक बयान में कहा कि सरकार ने सभी स्कूलों और उच्च शिक्षा नियामकों जैसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी), एनआईओएस, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), आईआईटी, सीयू और एनआईटी को अगले तीन वर्ष में सभी पाठ्यक्रमों के लिए भारतीय भाषाओं में अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

बयान में कहा गया है कि यूजीसी एआईसीटीई और स्कूल शिक्षा विभाग को भी राज्य के स्कूलों और विश्वविद्यालयों के संबंध में मुद्दा उठाने के लिए कहा गया है। इसमें कहा गया है कि उपरोक्त निर्देश हर स्तर पर शिक्षा में बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सिफारिशों के तहत दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि अपनी भाषा में अध्ययन करने से छात्रों को बिना किसी बाधा के नवोन्मेषी ढंग से सोचने का स्वाभाविक मौका मिल सकता है।

शिक्षा मंत्रालय
MINISTRY OF EDUCATION
सत्यमेव जयते

दो वर्षों से हो रहा काम

मंत्रालय ने कहा, सरकार पिछले दो वर्ष के दौरान पहले से ही इस दिशा में काम कर रही है। इंजीनियरिंग, मेडिकल, कानून और कौशल पुस्तकों का अनुवाद अनुवादिनी एआई आधारित एप के माध्यम से किया जा रहा है। ये किताबें ई-कुंभ पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

भारत में चुनावों पर भरोसा काफी मजबूत : राजेश

दावोस, एजेंसी

▸▸ विश्व आर्थिक मंच की बैठक में डीपीआईआईटी सचिव का संबोधन

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने विभिन्न संस्थाओं में विश्वास के मामले में भारत को अग्रणी बताते हुए शुक्रवार को कहा कि देश में चुनावों और अन्य संस्थाओं में विश्वास मजबूत बना हुआ है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक-2024 में मतपत्र पेटी पर 4.2 अरब लोग विषय पर एक सत्र को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि भारत में चुनाव में बहुत ही विस्तृत प्रक्रिया-आधारित प्रणाली का पालन होता है।

उन्होंने कहा कि हमने 75 वर्षों से अधिक समय से विश्वसनीय चुनाव कराए हैं, जिनमें से 25 वर्ष के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से चुनाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह स्वयं एक सिविल सेवक के रूप में विभिन्न भूमिकाओं में चुनाव प्रक्रिया में शामिल रहे हैं।

इस साल के चुनाव से पहले मुद्दों के बारे में पूछे जाने पर डीपीआईआईटी के सचिव ने कहा कि रोजगार से जुड़े मुद्दे और विकास किसी भी अन्य देश की तरह (भारत के चुनाव में) प्रमुख मुद्दे होंगे, जबकि पिछले 10 वर्षों में मौजूदा सरकार का कामकाज भी मायने रखेगा। उन्होंने कहा, एक सिविल सेवक के रूप में मैं चुनाव (परिणाम) की भविष्यवाणी नहीं कर सकता और न ही करना चाहिए। सिंह ने भारतीय चुनावों पर किसी भी तरह के प्रभाव डालने वाली गलत सूचनाओं और रिश्वत को भी खारिज कर दिया।

रोबोटिक्स सम्मेलन | केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मांडविया ने कहा-

भारत स्वास्थ्य सेवा क्रांति में सबसे आगे

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा समय में भारत का स्वास्थ्य देखभाल तंत्र अत्याधुनिक नवाचार और सुलभता के साथ गुणवत्तापूर्ण तथा किफायती स्वास्थ्य सेवाओं की असीमित आवश्यकता को पूरा कर रहा है।

मांडविया ने शुक्रवार को हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित प्रथम वैश्विक मल्टी-स्पेशियलिटी रोबोटिक्स सर्जिकल सम्मेलन को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा, हम एक ऐसे चौराहे पर खड़े हैं जहां एक दशक पहले, भारत के स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य को नवाचार के साथ-साथ पहुंच और सामर्थ्य के संदर्भ में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। लेकिन भारत ने सामूहिक प्रयास और अटूट संकल्प से उल्लेखनीय प्रगति की है और विश्व में हम स्वास्थ्य सेवा क्रांति में सबसे आगे खड़े हैं।

उन्होंने कहा एकीकृत स्वास्थ्य इंटरफ़ेस, डिजिटल स्वास्थ्य जैसी देखभाल की अकल्पनीय प्रक्रियाएं वास्तविक बन गई हैं। सम्मेलन में मौजूद केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और जनजातीय मामलों की राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी के बारे में एक साझा दृष्टिकोण साझा तैयार किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मानव जाति की भलाई के लिए और देश में सर्जिकल स्वास्थ्य सेवा में एक आदर्श बदलाव लाने के लिए प्रौद्योगिकी में मौजूद अपार संभावनाओं और अनंत संभावनाओं का प्रस्तुतिकरण होना चाहिए।

सम्मेलन में दुनिया भर से पहुंचे 150 विशेषज्ञ

रोबोटिक सर्जरी के भविष्य पर चर्चा करने के लिए दुनिया भर से 150 से अधिक प्रसिद्ध विशेषज्ञ सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। यह सम्मेलन दो दिन चलेगा। देश का पहला और एकमात्र घरेलू सर्जिकल रोबोटिक सिस्टमएसएसआई मंत्र के निर्माता एसएस इनोवेशन ने इस वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया है। सम्मेलन में एसएसआई मंत्रा के साथ प्रसिद्ध रोबोटिक सर्जनों की लाइव सर्जरी की गई है। एसएस इनोवेशन के संस्थापक, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि यह सम्मेलन एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के साथ स्वास्थ्य सेवा के भविष्य के लिए मंच तैयार करेगा और रोबोटिक सर्जरी का भविष्य तय करेगा।

जीआईबी पक्षी बचाने को केंद्र व्यापक योजना बनाए

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सुप्रीम कोर्ट ने विलुप्तप्राय पक्षी के संरक्षण संबंधी याचिका की सुनवाई में दिए निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने विलुप्तप्राय पक्षी ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (जीआईबी) को बचाने के मामले में गेंद केंद्र सरकार के पाले में डालते हुए शुक्रवार को इस पर व्यापक योजना तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही सौर ऊर्जा को लेकर भारत की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को भी ध्यान में रखा। यह पक्षी विशेष रूप से राजस्थान और गुजरात में पाया जाता है और इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) की 2021 की रिपोर्ट के अनुसार, यह पक्षी विलुप्त होने के कगार पर हैं और इनकी संख्या 50 से 249 के बीच है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, हम चाहते हैं कि केंद्र हमें आगे के रास्ते के बारे में बताए। अन्यथा हम अंधेरे में हाथ पांव मारते रहेंगे। शीर्ष अदालत ने केंद्र से यह भी जानना चाहा कि क्या वैज्ञानिक अध्ययन पर आधारित कोई डेटा है कि ये पक्षी ओवरहेड पावर ट्रांसमिशन लाइन से टकराने से मरते हैं।

पीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए नौ फरवरी की तारीख मुकर्रर की। पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एमके रंजीतसिंह और अन्य की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान की दलीलों पर ध्यान दिया कि ग्रेट इंडियन बस्टर्ड विलुप्त होने के कगार पर है और अदालत के 2021 के फैसले का अनुपालन नहीं किया गया है।